युगप्रवर्तक
महाराजा छत्रसाल

कुञ्ज बिहारी 'सिंह'

श्री राज परमात्मने नमः

युगप्रवर्तक महाराजा छत्रसाल

[वी० सं० 1706 - 1788 A.D.)]

लेखक:

कुञ्ज बिहारी 'सिंह' एम.ए., धर्मभूषण

प्रकाशक:

सन्त शिरोमणि श्रीपाद श्री सदानन्द जी महाराज

श्री कृष्ण प्रणामी जन-कल्याण समिति रोहिणी, दिल्ली - 110085

वी० संवत् : 2058

ईस्वी संन् : 2001

बुद्धजीशाका : 324

@लेखक सम्पादवाधीन सुरक्षित

प्रथम बार : 1,000 प्रतियां

न्यौछावर : 100/-

प्राप्ति स्थान :

- श्री प्राणनाथ मिशन, 72 सिद्धार्थ एंक्लेव, रिंग रोड, नई दिल्ली - 110014

  फोन: 6845230

- श्री प्रणामी मन्दिर, मालरोड, हकीकत नगर, दिल्ली-9, फोन: 7658111
- श्री कृष्ण प्रणामी जन कल्याण समिति रोहिणी, सैक्टर-7, दिल्ली-85
- जिलेदारसिंह शाक्य,प्रणामी भवन, 41, विजयनगर, इटावा (उ.प्र.) 206001
- श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, आनन्दपुरी-जटियापुर, प्रो० (कानपुर) - 209125

मुद्रक:

वैलकम प्रैस

ए - 3/1, नारायणा, फेस-1

नई दिल्ली-110028

फोन: 5790926

महमति वाणी के प्रेमी

नम्र विद्वान

सन्त शिरोमणि

ब्रम्हलीन

पूजपाद श्री गोपालदास महाराज

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर,भाण्डेर, म.प्र.

को

सादर

समर्पित

विजयाभिनन्द बुद्ध निष्कलंक महमति श्री प्राणनाथ जी की

383वीं जयन्ती के पावन अवसर पर प्रकाशित

दो शब्द

उत्तरमध्यकाल का भारतीय इतिहास मदान्ध औरंगज़ेब की अमानवीय यातनाओं से भरा पड़ा है। यही कारण है कि मुग़ल सत्ता की धर्मांध राजनीति के प्रति विरोध की भावना जनमानस में विपुल रूप से पनपी थी। मुग़ल सत्ता के कृत्यों से समूचा जनमानस पीड़ित था, अतैव मुग़ल सत्ता के प्रति उठ रहे विरोध के स्वर संगठन का रूप बनाकर जन सेना के रूप में उभरने लगे थे। 17-18वीं शताब्दी का यह मुग़ल सत्ता से मुक्ति का यह अभियान हर दिशा में गति पकड़ रहा था। उत्तर में पंजाब भूभाग पर गुरु गोविंदसिंह, पश्चिम में राजस्थान पर दुर्गादास राठौर, दक्षिण में महाराष्ट्र भूभाग पर वीर शिवाजी मुग़ल सत्ता से संघर्ष कर रहे थे। उसी समय मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड भूभाग पर चम्पत सुत छत्रसाल मुग़ल सत्ता से जन सेना का संगठन करके संघर्षरत हुये। देश में कई भागों से औरंगज़ेब के अत्याचारों के विरुद्ध विद्रोह की ज्वाला भड़क उठी, जिसने महादावानल का रूप धारण कर लिया और औरंगज़ेब की सत्ता को खोखला कर डाला। आज हमारे देश में पंजाब में गुरु गोविंदसिंह और महाराष्ट्र में वीर शिवाजी तथा झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के विद्रोही संघर्ष को इतिहास में काफी महत्वपूर्ण स्थान मिला है और इनकी जन जाग्रति भी इस सम्बंध में कोई कम नहीं है, परंतु किन्हीं कारणों से बुन्देलखण्ड में महाराजा छत्रसाल के प्रचण्ड विद्रोही संघर्ष को आज तक न तो इतिहासकारों ने ही पूर्ण रूप से आँका है और न ही जनता जनार्दन में ही इसके बारे में अधिक जानकारी है। शायद करोड़ों पढ़े-लिखे लोग भी ऐसे होंगे जिन्होंने ऐसे दिल्ली ढाहनहार : छत्रसाल का नाम तक सुना न होगा। इसके सम्बंध में अनेकों सटीक कारण विध्यमानहैं जो इस भूभाग की भयंकर भूलों में से मुख्य हैं। अतैव इतना कहना पर्याप्त होगा कि हिन्दू जनमानस की शान्ति प्रिय उन्मुक्त लोकनीति के कारण ही हम उतने असहाय नहीं जितना हमें समझ लिया जाता है। महाराजा छत्रसाल जी की शौर्य पूर्ण गाथा को युग कभी भूल नहीं पायेगा।

विश्वास है कि युग प्रवर्तक-महाराजा छत्रसाल के परिवेश में प्रस्तुत ग्रंथ से समूची मानव-जाति को नीरक्षीरवत ज्ञान प्राप्त होगा। - प्रकाशक

---

1. *तत्कालीन राष्ट्रकवि भूषण ने महाराजा छत्रसाल के प्रचण्ड विद्रोह के संघर्ष की सफलता का परिणाम निम्न काव्य पंक्ति में मुखरित किया है- छत्ता न होतो तो सुन्नत होती सबन की।*

श्री राज परमात्मने नमः

युगप्रवर्तक

महाराजा छत्रसाल

महाराजा अधिपति भए, महाराजा छत्रसाल।

राजन में राजा भए, असुरन केरे काल॥

प्रस्तावना

सम्पूर्ण विश्व को गौरान्वित करने, उज्ज्वल मार्ग प्रशस्त करने तथा जीवन को उत्कृष्ट बनाने हेतु अनेक पुण्य और दिव्य आत्माओं ने इस पुनीत भारत भूमि पर जन्म लेकर इस धरा को गौरान्वित किया है। कहते हैं कि भगवान के 24 अवतार इस पुण्य भूमि पर ही हुए हैं। जिन्होंने अपने पावन चरित्र से विश्व के लोगों को सन्मार्ग देकर एक आदर्श प्रस्तुत किया है। इन्हीं दिव्य आत्माओं के अवतरण में राम, कृष्ण, शंकराचार्य, देवचंद्र, प्राणनाथ, रामकृष्ण परमहंस, विवेकानन्द आदि महापुरुष हुए हैं। जिनमें कुछ भगवान के रूप में अवतरित होकर जन जन के कल्याण हेतु अपने को समर्पित कर गए। ऐसे ही महापुरुष मध्ययुगीन काल में अवतरित हुए, जिनमें महाराजा छत्रसाल को एक वीर, साहसी बुन्देलखण्ड राज्य के संस्थापक के रूप में ही नहीं अपितु भारतवर्ष के एक बहुत बड़े भाग के लोग एक अवतार के रूप में भी मानते हैं और उन्हें अवतार मानकर उनकी पूजा अर्चना करते हैं।

श्री कृष्ण प्रणामी निजानन्द संप्रदाय में उन्हें अक्षरातीत परमात्मा की शक्ति से सम्पन्न सकुण्डल सखी का अवतार माना जाता है। प्रणामी मंदिरों में पूजा अर्चना के समय इनके नाम की जयध्वनि भी बोली जाती है।

अगर इन तथ्यों को कसौटी पर परखा जाये, तो समालोचन की दृष्टि से यह तथ्य की छत्रसाल महाराजा एक अवतार थे, उचित और समीचीन प्रतीत होता है। महाराजा छत्रसाल के गुरु महामहिम श्री प्राणनाथ जी को कल्कि अवतार माना जाता है। अतैव इन्हें भी परमात्मा की शक्ति का अवतार कहा जाता है। महाप्रभु प्राणनाथ का सानिध्य पाकर छत्रसाल ने न केवल बुन्देलखण्ड को बचाया अपितु राज्य संचालन के लिए पन्ना की हीरे की खां पाकर धन वैभव इकट्ठा कर सम्पूर्ण हिन्दू समाज की रक्षा की। तभी भूषण के मुख से निकल पड़े थे, ये शब्द–

छत्ता न होतो तो सुन्नत होती सबन की

अवतार को यदि विश्लेषित किया जाये, तो राम कृष्ण, बुद्ध, महावीर स्वामी, मुहम्मद साहब, ईसा मसीह आदि इस धरा पर अवतरित होकर निम्न कार्य कर गये।

(1) उन्होंने आततताइयों से मानव की रक्षा की।
(2) प्राणियों के दुखों का निवारण किया।
(3) प्राणियों को सन्मार्ग पर न केवल चलाया, अपितु चलकर रास्ता बताया।
(4) आदर्श साम्राज्य की स्थापना की।
(5) स्वयं कष्ट सहे पर अन्य प्राणियों की रक्षा की।

उपरयुक्त कार्यों को करके इस धरा पर जन्म लेने पर सभी प्राणी यदि अवतार बन गये, तो महाराजा छत्रसाल भी इस कसौटी पर खरे उतरते हैं। उन्हें एक अवतार मानना, समीचीन प्रतीत होता है। महाराजा छत्रसाल ने औरंगज़ेब जैसे आतताई से बुन्देल भूमि की रक्षा करने हेतु 252 लड़ाइयाँ लड़ीं। बुन्देलखण्ड को आपने कभी परतंत्र नहीं होने दिया और हिन्दुओं का धर्म-परिवर्तन नहीं होने दिया। महाराजा छत्रसाल गौ, ब्राह्मण, वेद रक्षक, उदार हृदय, दानी, शूरवीर, सहृदय, उदारमना, कला-काव्य प्रेमी थे। कवि हृदय होने के कारण ही तत्कालीन राष्ट्रकवि भूषण जब इनके राज्य में पधारे, तो इन्होंने श्रद्धा एवं आदर के साथ उनकी पालकी में अपना कंधा लगा दिया था।

छत्रसाल पर विजयभिनंदन बुद्ध महमति प्राणनाथ की ठीक उसी प्रकार कृपा थी जिस तरह वीर शिवाजी पर समर्थ गुरु रामदास की कृपा थी। महमति प्राणनाथ के कारण ही महाराजा छत्रसाल के द्वारा बुन्देलखण्ड का सर्वन्तोन्मुखी विकास हुआ और सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में हिन्दू वैष्णव धर्म को प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। विधर्मियों से धर्म की रक्षा हुई। ये सब गुण छत्रसाल को महाराजा छत्रसाल तथा एक अवतारी महापुरुष ही प्रकट करते हैं।

छत्रसाल के द्वारा आदर्श और नीतिपरक भाष्य कविता के रूप में प्रस्तुत हुआ है, जो न केवल सशक्त अभिव्यक्ति मात्र है अपितु आचरणीय एवं जन मानस द्वारा माननीय है। एक उदाहरण देखिये–

लाख घटै कुल साख ने छोड़िये, वस्त्र फटै प्रभु औरहु दैहैं।

द्रव्य घटै घटता नहिं कीजिये, दैहैं न कोऊ पै लोक हसैहैं॥

भूप छता जलराशि को पैरिबो, कौनिहु बेर किनारे लगैहै।

हिम्मत छोड़ें तै किस्मत जायेगी, जायगो काल कलंक न जैहै॥

कहना न होगा कि महाराजा छत्रसाल एक परम उदात्त यशस्वी, प्रजापालक, भगवदभक्त, शूरवीर, धर्मनिष्ठ, कविहृदय, सद्चारित्र स्वातंत्र्य चेता के धनी शासक थे। आज देश को ऐसे ही महान शासक के रूप में किसी अवतारी, किसी व्यक्ति की आवयशकता है।

महाराजा छत्रसाल के सम्पूर्ण जीवन चरित्र को एक सूत्र में पिरोने का कठिन और दुरुह कार्य उदारमना कविहृदय, विद्वान, धर्मानुरागी श्रद्धयेकुञ्जबिहारी 'सिंह'धर्मभूषण' ने सफल कर दिखाया है। जैसे ओस कणों को संकलित करना बिना श्रमसाध्य के असम्भव

---

1. इतिहास कारों ने माना है कि यदि औरंगज़ेब ने किसी से हार मानी है तो सिर्फ वीर शार्दूल बुन्देले छत्रसाल से। महाराजा छत्रसाल से वीरोचित शौर्य की गाथा तत्कालीन कवि भूषण ने गायी है जो तिकवापुर (कानपुर) के मूल निवासी थे, आज संयोग की ही बात है महाराजा के रचित गीतों का संकलन (सम्पादन) धर्मभूषण जी कर रहे हैं, जो जटियापुर (कानपुर) के मूल निवासी हैं।- अथ श्री छत्रसाल काव्यांजलि।

है, वैसे ही अथक कठिन परिश्रम के बिना इस वृहद ग्रंथ का प्रादुर्भाव असंभव था। यह सम्पूर्ण ग्रंथ कुल (३) भागों व एकादश (11) अध्यायों में विभक्त होकर एक बड़े शोधग्रंथ का रूप ले चुका है। महाराजा छत्रसाल की जन्मभूमि की जन्मभूमि के परिचय से लेकर बुन्देलखण्ड राज्य बुन्देलवंश का परिचय (भाग प्रथम में) तथा छत्रसाल के संघर्ष काल तक की लेखक ने विशद व्याख्या दी है। इसके पश्चात् पांचवें अध्याय में लेखक ने 9 वर्ष तक महाराजा छत्रसाल द्वारा अपने संघर्ष काल में सीखे अनुभवों को देशोत्थान एवं उसके विकास हेतु कार्यान्वित किया है। इसका विषद वर्णन है। छठे अध्याय में महाराजा छत्रसाल द्वारा लड़े गये 252 युद्धों का वर्णन है जिसमें उन्होंने धर्मद्रोही यवनों का दमन किया है और छत्रसाल के अपराजित कालजयी रूप का दिग्दर्शन लेखक ने इस अध्याय में (भाग द्वितीय में) कराया है। सातवें और आठवें अध्याय में महाराजा छत्रसाल के व्यक्तित्व और कृतित्व का चित्रण किया गया है। नवें अध्याय विभूती खण्ड में उन विभूतियों का परिचय दिया गया है, जिनके सम्पर्क में महाराजा छत्रसाल आये और जिनका प्रभाव छत्रसाल के जीवन पर पड़ा। दशवें अध्याय में महाराजा छत्रसाल के कविहृदय की अनुपम झांकी दिखाई गई है। उनकी भावुकता, नीति, धर्म, लोक जीवन में व्यवहार आदि सुंदर छटा उनके कवित्तों में देखने को इस अध्याय में मिलेगी और समकालीन व परवर्ती कवियों के द्वारा महाराजा छत्रसाल के परिवेश में किये गये प्रशस्ति गायन को भी इसमें (भाग तृतीय में) संजोया गया है। और अंतिम अध्याय जोकि ग्यारहवां है, ऐसा जान पड़ता है कि लेखक ने इस पूरे ग्रन्थ को जिस ढंग से सजाया संवारा है, वह परिपूर्ण अध्ययन जिन ग्रंथों में किया गया है, वह लेखक ने परिशिष्ट भाग में सम्पूर्ण ग्रंथावली का समांकलन किया है, जोकि लेखक का स्तुत्य कार्य है। जिससे कि यह जीवन साहित्य का शोध ग्रन्थ बन जाता है। पुनश्च लेखक को इतने अच्छे साहित्य सृजन एवं उनके अथक परिश्रम के लिए मेरा नमन।

इस सम्पूर्ण जीवन चरित्र जो श्री कुन्जबिहारीसिंह धर्मभूषण जी द्वारा अपने श्रोतों से विभिन्न ग्रंथों को लिखकर व इकट्ठा कर उनका अध्ययन कर तथा महत्वपूर्ण अंशों को लिपिबद्ध कर जो इस ग्रन्थ में प्रकट हुआ है। वह सुधी पाठकों को एक महत्वपूर्ण शोध ग्रन्थ के रूप में प्राप्त हुआ है। ऐसा मेरा विश्वास है। पाठक इसका अध्ययन कर अवश्य लाभ प्राप्त करेंगे।

इसके प्रकाशन की सफलता की मंगल कामना करता हूँ।

इति शुभम्

--डा० मोहन गुप्त

एम. ए, एम. एड., एम फिल., पी.एच.डी.

रीडर: तिलक महाविद्यालय औरेया, जनपद औरेया (उ.प्र.) - 206122

*दि. 25.5.2001, गुरूवार **श्री छत्रसाल जयन्ती, 2055 संवत्

प्राक्कथन

भारत माता का वक्ष: स्थल बुन्देलखण्ड भारतीय जनमानस में एक विशिष्ट स्थान रखता है। इस भूखण्ड में विशाल राष्ट्रीय सम्पदा विद्यमान है। इसका अतीत गौरवमयी गाथाओं से ओतप्रोत है। वर्तमान समय में यह भूभाग राष्ट्रीय सम्पदा एवं संस्कृति के लिए भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस भूभाग की अनदेखी करके न तो राष्ट्र की समृद्धि संभव है और न ही राष्ट्रीय संस्कृति व पुनर्चेतना की अभिवृद्धि। एक ओर पन्ना में निर्गत में निर्गत हीरे राष्ट्रीय सम्पदा के रूप में राष्ट्र के लिए बूढ़े व्यक्ति की लाठी है, वहीँ दूसरी ओर इस भूभाग को अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज पर प्रकाशमान करने वाले देवपुरुष छत्रसाल के प्राकट्य से प्रेरणा लेकर भारतीय जनमानस स्वर्णयुग की वापसी ला सकता है। अतैवमहाराज छत्रसाल के व्यक्तित्व का मूल्यांकन करना नितान्त अपेक्षित है।

बुन्देलखण्ड के महान दम्पत्तियों में चम्पत - सारन्धा का नाम बड़े आदर और श्रद्धा से लिया जाता है। महाराजा छत्रसाल इन्हीं के सन्तान थे। छत्रसाल के जन्म समय में दिल्ली तख्त पर शाहजहां और ओरछा (बुन्देलखण्ड की तत्कालीन राजधानी) में पहाड़सिंह का शासंन् था। ये दोनों ही चम्पतराय के दुश्मन थे। निम्न कवित्त तत्कालीन परिवेश पर व्यापक प्रकाश डालता है।

रानी के उदर मांझ भई जब गर्भ पीर, होय के अधीर लगी कृष्ण को मनावने।

इतने में आय एक नेवला धर गयो लाय, रानी के निकट पांच मोहरें दृग सामने

इते भये प्रगट बुलाये उत चम्पतराय, लगे सुघर कामिन सों नरा छिनवावने।

भूषण भनत, तौलों आई है यवन सैन, देख के कामिन मन लगी डरपावने॥

दौरो है आय ककर कंचन के हार में, चम्पतराय नाहर सो विकट रोष खायके।

दाव नहीं निकरे को देखो द्विभूषण जब, कीन्हों है तब उपाय धीरज मन लायके॥

रानी को कन्धे चढ़ाय, पुत्र को हिये लगाय, झपट के कामिनी की बाहं गयी धायके॥

मारके छलांग अधर कूद चले चम्पतराय, मोर की पहाड़ियों से गये मोर से उड़ायके॥

राष्ट्रकवि भूषण ने उक्त कवित्तों में चम्पतराय की दयनीय स्थिति एवं यवन सेना के अत्याचारों का दिग्दर्शन कराया है, वि.सं. 1706 ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया सोमवार की गोधूलि बेला में जन्मे इस बालक के ग्रहगोचर का चित्रण निम्न कवित्त से मिलता है–

उदय में राजे अग्र मंगल विराजे, जहाँ बल को शुक्र शनि सहित विहार है।

*बुद्ध अरि*नाशे रवि राहु प्रजा को प्रकाशे, लाभ करें सुर गुरु अमित अपार है॥

सत्रह से छ: को विलंबी नाम सम्वत जेठ, तिथि तीज सित पक्ष सितवार है।

शिव के नक्षत्र में बख्तबली छत्रसाल, लीन्हों नारायन आय के अवतार है॥

महाराजा छत्रसाल ने अबोधावस्था से लेकर बाल्यावस्था तक माता-पिता के साथ रहकर युद्ध की विभीषिका अपनी आँखों से देखी। अतैवउनका हृदय बाल्यकाल से ही भयमुक्त हो गया था। चमप्तराय ने वि.सं. 1713 में दारा का विरोध करके शामूगढ़ युद्ध में, जिस औरंगज़ेब ने एहसान-फरामोसी करके वि.सं. 1718 (6 नवंबर 1661) में मोरन गांव के निकट चम्पत-दम्पत्ति को मौत के घाट उतरवा दिया था। चम्पतराय के साले ने ही उनका कटा सिर दिल्ली दरबार में पेश किया था। कुमार छत्रसाल ने सर्वप्रथम अपने इसी मामा लोकपालसिंह को वि.सं. 1728 में जमीन में गढ़वा दिया था। छत्रसाल ने सर्वप्रथम बुन्देलखण्ड के विरोधियों का सफाया किया था। अतैववे बुन्देली जनमानस की आंखों के तारा बनकर उभरे थे।

कुमार छत्रसाल अपने बल पौरुष से बुन्देलखण्ड के अधिपति बने। उन्होंने अपने जीवनकाल में छोटे बड़े हजारों युद्धों के अलावा 252 बड़ी लड़ाइयां जीती थी। बाकी खां और फौजेमियां जैसे महावीरों को अपनी मानवीय नीतियों के फलस्वरूप औरंगज़ेब के विरुद्ध खड़ा करने में सफलता प्राप्त की थी। उनकी मानवीय नीतियों के कारण ही हजारों मुग़ल सैनिकों ने पाला बदलकर छत्रसाल की सेना में रहना स्वीकार किया था। औरंगज़ेब की हिन्दू फूटनीति असफल हो गयी थी। फलतः उसे दिल्ली से दूर दक्षिण भारत में 27 वर्षों तक रहना पड़ा। मुग़ल साम्राज्य सिकुड़कर रह गया था। तत्कालीन लालकवि, जोस्यवं एक योद्धा थे, ने अपने ग्रन्थ छत्रप्रकाश में नीतियों, परिस्थतियों का चित्रण निम्न प्रकार किया है–

बाकी खां सौं मिल छता, दयी द्वंद की नीव।

लंक सेन को राम ज्यों, मिले जाय सुग्रीव॥

युद्धोन्मत्त महाबाहुबली परम पराक्रमी महाराजा छत्रसाल ने, फिदाई खां, सैयद बहादुर खां, खालिक खां, रनदुलह मुहम्मद खां, हासिम खां, मुनउवर खां, बसालत खां, खांजहां, मु० अफजल, शमशेर खां, शेर अफगन, जालुद्दीन, जलाल खां, खां दिलावर, रणमस्त खां आदि औरगंज़ेब के सेनापतियों का युद्धों में सामना किया और उन्हें या तो मार दिया या फिर क्षमा याचना करने पर चौथ लेकर छोड़ दिया।

महाराजा छत्रसाल क्षिप्रबुद्धि भी रखते। सुना जाता है कि एक बार औरंगज़ेब ने उनकी हत्या करने की नियत से महाराजा छत्रसाल को आगरा बुलवाया। छत्रसाल जैसे ही दुर्ग में पहुंचे, त्यों ही उन्हें औरंगज़ेब के छल का आभास हो उन्होंने तुरन्त क्षिप्रगति से घोड़े को एड़ लगाई। घोड़े की दोनों अग्र टापें औरंगज़ेब के सिंहासंन् के मध्य जा पहुंचीऔर छत्रसाल के भाले की नोंक औरंगज़ेब की छाती पर।छत्रसाल ने क्रोधित मुद्रा में गर्जकर औरंगज़ेब से कहा, अहसान फरामोस, बता तुझे विशवासघात करने के लिए क्या सजा दूँ?

तभी रनिवास से क्षमादान के लिए वेदना के स्वर उभरे। यथा–

मानो पिया बात रार ठानों न, प्रबल प्रताप तेज तपत उजागरौ।

जानो जीव काल हुको विकराल महा, विक्रम विशाल छत्रसाल नर नागरौ॥

व्यास कहै जो पै कहूं पलक उघार दैहै, तो पै कर छार दैहै छुद्र छल छागरौ।

खलबल पार दैहै गजब गुजार दैहै, जार दैहै दिल्ली उजार दैहैं आगरौ॥

श्री छत्रसाल महाराज का दयाभाव देखिये, कि उन्होंने रानी की विनय पर औरंगज़ेब को क्षमा करते हुए अभयदान दे दिया। उनकी दयालुता के सम्बन्ध में लालकवि द्वारा रचित छत्रप्रकाश में निम्न पंक्तियां दृष्टव्य हैं–

दान दया घमासान में, जिनके हिये उछाह।

सोई वीर बखानिये, जो छत्ता छितिनाह॥

महाराज छत्रसाल की वीरता अद्वितीय थी।यथा–

भे चम्पद विख्यात हुए सुत छत्रसाल से।

शत्रुजनों के लिए हुए जो सिद्धकाल से॥

जिन्हें देख वर वीर उपासक कविवर भूषण।

भूल गये थे शिवा बावनी के आभूषण।

बुन्देलखण्ड के चप्पे-चप्पे में, छत्रसाल महाराजा की अप्रतिम वीरता के सम्बन्ध में जनमानस की जबान पर निम्न लोकोक्तियाँ रची-बसी थीं–

छत्ता तेरे राज में धक धक धरती होये।

जित-जित घोड़ा मुंह करे, तित तित फत्ते होये॥

इत जमुना उत नर्मदा, इत चम्बल उत टौंस।

छत्रसाल सों लरन की रही न काहू हौंस॥

महाराजा छत्रसाल महान वीर होने के साथ साथ काव्यप्रेमी भी थे। उन्होंने हमेशा कवियों को सम्मान दिया। कवियों के प्रति उनकी श्रद्धा का भाव एक घटना से समझ सकते हैं– एक बार भूषण कवि उनके यहाँ पधारे, छत्रसाल महाराजा ने स्वयं अपना कंधा, भूषण कवि की पालकी में लगाया और सम्मान सहित श्रद्धापूर्वक उन्हें महल में ले गये। कवियों के प्रति ऐसा श्रद्धा भाव अन्यत्र मिलना सम्भव नहीं है। तभी तो भूषण कवि ने लिखा है–

शिवा को सराहौं कै सराहौं छत्रसाल को। उनकी लेखनी ही अगाध श्रद्धा का प्रमाण है। यथा–

आवत आप कृपा करिके, छत्रसाल कहें उठ आदर कीजे।

शारद कंठ बसे जिनके, तिनके ढिंग बैठ सुधारस पीजे॥

तार जराय जवाहर दै, गज वाजन दै संन्मानहि कीजे।

कीरति के बिरवा कवि हैं, इनको कबहूं कुम्हलान न दीजै॥

xi

महाराजा छत्रसाल से अपने काव्य के द्‌वारा न्याय, प्रेम, दया, नीति, व्यवहार, अध्यात्म, भक्ति आदि का पाठ जनमानस को पढ़ाया। उनके द्‌वारा रचित गीतों का संकलन सर्वप्रथम श्री वियोगीहरि ने वि.सं. 1983 में किया था और उसका प्रकाशन कराया था। तत्पश्चात वि.सं. 2055 में अथ श्री छत्रसाल काव्यांजलि काव्यांजलि के रूप में एक वृहद्‌ संकलन धर्मभूषण कुञ्जबिहारीसिंह द्‌वारा किया गया है। जिसका अवलोकन करने से विदित होता है कि महाराजा छत्रसाल की नीति, आध्यात्म, भक्ति, प्रेम उपदेश आदि में कितनी विशिष्टता है और वे कितने बड़े युगद्रष्टा थे। उन्हें सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक कवियों की उच्चकोटि में प्रतिष्ठित करना सर्वथा उचित है। उनमें राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई थी, इसीलिए वे सदैव राष्ट्र के महानायक के रूप में हमेशा जनमानस में पूजे जाते रहेंगे।

महाराजा छत्रसाल मानव धर्म के महाराक्षक थे। महामति श्री प्राणनाथ जी द्‌वारा धर्म जाता रे कोई दौड़ो का उद्‌घोष करने पर महाराजा छत्रसाल सर्वप्रथम आगे आये, और उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने अपना तन, मन, धन सब कुछ निछावर कर दिया।इसी धर्मपरायणता के कारण समकालीन कवि भूषण ने लिखा था कि, छत्ता न होतो तो सुन्नत होती सबन की। निसन्देह वे धर्मावतार एवं युगप्रवर्तक थे। जीवन पर्यन्त उन्होंने धर्म का पुनरोत्थान किया।उनके धर्मावतार युगप्रवर्तक स्वरूप को देखकर ही किसी अज्ञात कवि ने लिखा है–

ज्ञानी लेत ध्यानी लेत पण्डित पुरानी लेत,

लेत बढ़े दौलत, घटे दिन काल कौ।

संक्षेप में, हम कहा सकते हैं कि प्रस्तुत ग्रन्थ युगप्रवर्तक महाराजा छत्रसाल में प्रतिपाध्य विषय सिद्‌ध करते हैं कि महाराजा छत्रसाल राजा भोज के समान गुण ग्रहण करने की क्षमता रखते थे, वे कर्ण के समान दानी, राजा वीर विक्रमादित्य के समान न्यायकारी, भीष्म पितामाह के समान दृढ़-प्रतिज्ञ, राजा हरिश्चंद्र के समान सत्यवादी थे, भारत मां के अनन्य पुजारी और धर्म के महाराक्षक थे। ऋषि मुनियों के समान वे अपने समग्र जीवन में निस्पृह बने रहे। लेखक महाभाग के अपूर्व प्रयास से सुविज्ञ पाठकों की महाराजा छत्रसाल से सम्बन्धित सभी जिज्ञासाएं पूर्ण होंगी।

--जिलेदारसिंह **शाक्य**

सहायक पोस्टमास्टर,

प्रधान डाकघर इटावा–206001

Xii

श्री महाराजा छत्रसालाय नमः

भूमिका

सूर्य चन्द्र गृह नक्षत्र यावत् विराट ब्रह्माण्ड की निधियां किसी भी धर्म जाति वर्ग आदि से सम्बन्धित नहीं होती हैं। यह सब तो सचराचर जगत् में हरेक प्राणी की निधियां हैं। इन सबको कोई भी जन किसी भी संकीर्ण दायरे में बांध नहीं सकता। सूर्य हर प्राणी को अपना प्रकाश प्रदान करता है, उसके अन्दर यह विचार नहीं है कि किसी वर्ग विशेष के साथ पक्षपात करे। उसकी किरणें तो सभी जगज्जीवों को पथप्रदर्शन व जीवन तत्व प्रदान करती हैं। हां, नेत्रहीन व्यक्ति उसका लाभ अवश्य नहीं ले सकता। इसके लिए सूर्य का कोई दोष नहीं है तथा जो प्राणी सूर्य के प्रकाश द्वारा पथ निर्देशन नहीं चाहते हैं -- इसके लिए भी सूर्य का कोई दोष नहीं है। परन्तु खेद इतना जरूर है कि लाभ न लेने वाला मानव वंचित रह जाता है, सूर्य की दैवीय शक्ति से- फिर भी सूर्य परोक्ष रूप से बहुत कुछ देता रहता है–

उल्लू न चाहे उग्या सूर्य, जिन अंधों का दुसमन नूर। महामतिप्राणनाथ

अर्थात् उगे हुए सूर्य को उल्लू नामक निशाचर पक्षी प्रकाश ग्रहणहीन शक्ति के कारण नहीं चाहता है वैसे ही अज्ञानी पुरुषों को दिव्य प्रकाश (ब्रह्मतत्व) शत्रुवत् लगता है। ऐसे प्राणियों के लिए विश्व ब्रह्माण्ड की अमूल्य निधियां व्यर्थ है, औचित्यहीन हैं? कदापि नहीं। परम सत्य तो यहाँ है कि जिस प्रकार से सूर्य चंद्रादि विश्व ब्रह्माण्ड की निधियां हर प्राणी के जीवनमूल्यों से जुड़ी हैं उसी प्रकार से ब्रह्मातत्व हर जिज्ञासुजनों की जीवन स्वासें हैं, इसके अभाव में जीवन तत्व की कल्पना संभव नहीं है।

धराधाम पर जीवन तत्व का दिग्दर्शन कराने का धर्मोत्थान हेतु अवतार व दिव्य आत्मायें आती हैं। इनके सन्देश युगों युगों तक हम सभी के बीच विद्यमान रहते हैं और जगज्जीवों को मार्गदर्शन कराते हुए अपने प्राकट्य का हेतु बनाये रखते हैं। ये अवतार व दिव्य आत्माएं सूर्य चंद्रादि की भांति किसी भी जाति धर्म वर्ग आदि से सम्बंधित नहीं होती अपितु ये सभी सचराचर जगत् के हरेक प्राणी की अमूल्य निधियां हैं, इन सबको कोई भी किसी संकीर्ण परिधि में नहीं बांध सकता।

पावन बुन्देलभूमि में अवतरित महाराजा छत्रसाल एक अवतार हैं, दिव्य आत्मा हैं, पथ प्रदर्शक एवं जीवन शक्ति हैं। इन्हें किसी भी संकीर्ण धर्म, जाति व वर्ग विशेष की

धारणा में विभक्त नहीं किया जा सकता। वह तो सूर्य के रूप में नभमण्डल में दिव्य ज्योत्सना के आगार हैं। निःसन्देह महाराजा छत्रसाल के पावन-चरित्र को हर व्यक्ति विशेष को अन्तःकरण में धारण करना चाहिए। अन्यथा यह कहना– कि महाराजा छत्रसाल से हमारा कोई सरोकार नहीं है, नितान्त अज्ञानता का सूचक है और आत्मघाती है। वह महमानव थे- उन्हें हिन्दू मुस्लिम ईसाई फारसी के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता। उन्हें विश्व के सचराचर जगत्के हर प्राणी से समभाव था। उन्होंने अपने जीवन कार्यों से यह सिद्ध कर दिया था कि वह मानवीय मूल्यों की रक्षा करने आए हैं और अमानवीय तत्वों का सम्पूर्ण विध्वंस। उन्होंने स्वयं कहा है–

तुम गिरधारी, हम कृष्ण व्रतधारी।

तुम-दनुज प्रहारे, हम यवन प्रहारे॥

निःसन्देह, दीन दुःखी साधु सन्त सभी की रक्षा का ध्येय था, उनका। प्रजापालकमहाराजा छत्रसाल जी इसी कारण से महाराजाओं के भी महाराज कहलाये। महाराजा छत्रसाल के जीवन-चरित्र में मानव-जीवन के हर मानवीय तत्व विद्यमान हैं। अतैव उन्हें संसार ने बहुआयामी व्यक्तित्व से परिपूर्ण दिव्य आत्मा-आत्मा वाला अवतार माना है। उनके जीवन चरित्र से हर प्राणी मनोनुकूल शिक्षा ग्रहण कर सकता है[1]- चाहे वह उद्धयमी बनना चाहता हो, चाहे वीतरागी...आदि। उनके जीवन तत्व में जगती तल का ऐसा कोई तत्व अवशेष नहीं है, जिसका अभाव लगता हो। उसमें सचराचर जगत् को धारण करने की क्षमता परिलक्षित होती है, अतैव उन्हें भूमापुरुष कहा जाता है। संसारी प्राणी उन्हें भगवान मानकर पूजते हैं, परमात्मा की शक्ति से ओत प्रोत हैं वह। ऐसे तथ्य इतिहास ग्रन्थों एवं श्री कृष्ण प्रणामी: निजानन्द सम्प्रदाय के दर्शन में दिग्दर्शित होते हैं। वास्तव में, ऐसी उपलब्धि से परिपूर्ण अवतारी पुरुष देशकाल, समाज-जाति आदि की सीमाओं से ऊपर होते हैं, अतैव ऐसी विभूति को कोई शक्ति संकीर्ण परिधि में नहीं बांध सकता है।

युगावतार विजयाभिनंदन बुद्ध निष्कलंक महामाति श्री प्राणनाथ जी ने पूज्य श्रीमुखवाणी: कुलजम स्वरूप मेंमहाराजा छत्रसाल अली बादशाह की संज्ञा दी है। जो जन महाराजा छत्रसाल को एक सीमित संदर्भ में देखते हैं उन्हें प्रस्तुत ग्रन्थ का आद्धोपान्त अन्तः कारण से अवलोकन कर चिंतन-मनन करना चाहिए। ऐसा मेरा विनम्र अनुरोध है। मुझे पूर्ण आशा है कि महाराजा छत्रसाल को सीमित संदर्भ में देखने की धारणा निर्मूल सिद्ध होगी। वस्तुतः इस ग्रन्थ का हेतु यही है।

प्रतिपाध्य विषय महासागर है, उसका अति उल्लेख करना यहाँ उपयुक्त नहीं है। मैं ग्रन्थ के प्रकाशक परमपूजनिय प्रातः स्मरणीय सन्तशिरोमणि श्रीपाद श्री सदानन्द जी

---

1. समुद उतारि उद्दीदम ते जैये, उद्दीदम ते परमेसुर पैये।

महाराज के चरणों में कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं। जनकल्याण समिति रोहिणी, जागनी प्रसारक विदुषी विमला मेहता (श्री प्राणनाथ मिशन, दिल्ली) डा० बुद्धिप्रकाश वाजपेयी (कानपुर), डा० मोहन गुप्त रीडर (प्रस्तावना लेखक), श्रीयुत जिलेदारसिंह शाक्य (प्राक्कथन लेखन), सन्त ज्ञानदास महाराज (इकदिल), पं. राजशरणशर्मा (पन्ना) तथा श्रीमंत अशोक कुमार मिड्ढा (वेल्कमप्रेस दिल्ली) के प्रति बहुत आभारी हूं, जिनके पूर्ण सहयोग से यह कार्य सम्भव हो सका है। इस कार्य को साकार करने में मुझे अपने पारिवारिक परिवेश एवं श्री कृष्ण प्रणामी धर्म परिषद जनपद द्वय इटावा, औरैया उ.प्र. (रजि.) आदि से भी प्रोत्साहन एवं दिशा बोध मिला है। मैं सभी के प्रति सदा आभारी रहूँगा।

दृष्टिदोष एवं प्रेसगत त्रुटियों के लिए मैं सभी से क्षमा चाहता हूं।

प्रणाम

--कून्जबिहारीसिंह

जटियापुर सिकन्दरा

(कानपुर) -209125

(संवत् 2055)

विषय - सूची

भाग प्रथम विशेष प्रवेश

1. बुन्देलखण्ड परिचय 3
- प्रस्तावना..........4
- विराट ब्रह्मांड..........5
- बुन्देलखण्ड..........6
- बुन्देलखण्ड की अचल धरोहर..........7
- उपसंहार..........8

2. बुन्देलवंश - वंश परिचय

प्रस्तावना

गहिरवंशीय क्षत्रिय

बुन्देला वंश

ओरछा की प्रथम जागीर : नूना महिवा

ओरछा राज्य वंश के चन्देरी राज्य की राजा परंपरा

ओरछा राज्य वंश : दतिया के राजा गण

अनुशीलन

भाग द्वितीय: जीवन वृत्त

1. आविर्भाव खण्ड

छत्रसाल का प्रादुर्भाव

छत्रसाल का बचपन

छत्रसाल की बचपन भक्ति

माता-पिता का वियोग

अपने हुए पराए

परायो का संबल

2. नौ वर्ष का संघर्ष काल

विद्रोही ज्वाला

शिवा छत्ता - मिलाप

बुन्देलखण्ड वापसी

धूम घाट विजय

स्वच्छंद कार्य योजना

संघर्ष काल के उतार-चढ़ाव

3. विकास काल

(अ) कार्यान्वयन काल (वि.सं. 1728-1739)

शोध लग्न

पाँच सवार पच्चीस सैनिक

शहीदी चौपड़ा

अतिथियों से युद्ध

(ब) स्थापना काल (वि.सं. 1739-1744)

सतगुरु प्राणनाथ मिलाप

राज तिलक

यवन सेनापतियों से युद्ध

4. युद्ध-खण्ड

प्रस्तावना

धर्म द्रोही हिंदुओं से युद्ध

औरंगज़ेब

मुग़ल सत्ता से युद्ध

बंगश से युद्ध

उपसंहार

भाग तृतीय कृतित्व और व्यक्तित्व

1. राज्य व्यवस्था

न्याय व्यवस्था

युद्ध-नीति

राज्य विस्तार

राज्य-कोष

सैन्य-गतिविधि

सैन्य संसाधन

संधि की राजनीति

राज्य बंटवारा

महाराजा छत्रसाल के राज्य काल का जनजीवन

2. व्यक्तिगत चित्रण

प्राक्कथन

महाराजा छत्रसाल का चरित्रानुशीलन

जितेन्द्रिय छत्रसाल

धर्मदूत छत्रसाल

विदेह राज छत्रसाल

कालजयी छत्रसाल

छत्रसाल लोकोक्तियां

बुन्देली लोकोक्तियों में छत्रसाल

देव पुरुष के रूप में उपास्य छत्रसाल

क्यों न याद रखें इतिहास

महाराजा छत्रसाल का मुस्लिम प्रेम

काव्य प्रतिभा के धनी महाराजा छत्रसाल

शास्त्रार्थ महारथी छत्रसाल

3. विभूति-खण्ड

प्रस्तावना

श्री निजानन्द स्वामी

महाप्रभु प्राणनाथ जी

महाराजा चम्पतराय

रानी लाड़कुंवरि

सारवाहन

कुं. हिरदैशाह (हृदयशाह)

कुं. जगतराज

राव पदमसिंह

दीमान भारतीचंद्र

महाराजा सभासिंह

बलदीवान

देवकरन

महारानी देवकुंवरि

मझली रानी

वीरांगना जैतकुंवरि

सुजानसिंह

छत्रपति शिवाजी

महाबली

राममनिदौवा

फौजदार मांधाता चौबे

कुंवर खांजहां

फौजे मियां

बाकी खां

सवाई जैसिंह

बाजीराव पेशवा

रावधुरमंगद

भले भाई

4. कवि मंडल

(अ) प्रस्तावना

कवि भूषण जी

लाल कवि

कवि मुरलीधर

दानकवि

(ब) प्राक्कथन

स्वामी लालदास

स्वामी नवरंग

स्नेहसखी

स्वामी बृजभूषण

बक्सी हंसराज जी

(स) श्रीमुखवाणी में महाराजा छत्रसाल

(द) परवर्ती कवियों द्वारा प्रशस्ति गायन

परिशिष्ट

प्रस्तावना

1. ऐतिहासिक प्रमाणावली और छत्रसाल के अंश
2. औरंगज़ेब काल का चित्रण
3. सेक्युलर नेताओं की समझ
4. भारतीय इतिहास के पुनर्लेखन की आवश्यकता
5. इतिहासकारों की तरकीबें

उपसंहार

सहायक ग्रंथों की सूची

भाग प्रथम

विषय प्रवेश

1. बुन्देलखण्ड परिचय
2. बुन्देलवंश परिचय

श्री राज परमात्मने नमः

युगप्रवर्तक

महाराजा छत्रसाल

(1)

बुन्देलखण्ड परिचय

विराट -जगत् के अन्दर चौदह लोक हैं, जिसके मध्य में भूलोक अर्थात मृत्युलोक है। मृत्युलोक के अन्दर सात द्वीप हैं, जिनमें जम्बूद्वीप अति उत्तम है। जम्बूद्वीप के मध्यमें भरतखण्ड है,जो नवखण्डों में और अवतारों की लीला भूमि है। भरतखण्ड में यमुना एवं नर्मदा (अनुगंगा) तथा टौंस एवं चम्बल नदी से घिरे भूभाग को बुन्देलखण्ड कहा जाता है। इसी पावन भूभाग का प्रस्तुत अनुभाग में परिचय कराया जा रहा है।

श्री राज परमात्मने नमः

(1)

बुन्देलखण्ड परिचय

बंदौ निजश्रीकृष्णको, परमधाम रस राज।
प्राणनाथ सुरचन्द्रप्रभु, छत्रसाल महाराज

चित्रकूट ओरछौ कालिंजर उन्नाव तीर्थ,
पन्ना खजुराहो जहाँ कीर्ति झुक झूमी है।
जमुन पहूज सिन्ध बेतवा धसान केन,
मंदाकिनी पयस्विनी का प्रेम पाय घूमो है॥
पंचम नृसहिं राव चम्पतरा छत्रसाल,
लाल हरदौल भाव चाव चित चूमी है।
अमर अभिनन्दनीय असुर निकन्दनीय,
वन्दनीय विश्व में बुन्देलखण्ड भूमि है॥

प्रस्तावना :- दृश्यमान जगत् की संरचना के पूर्व में असत नहीं था,सत भी नहीं था, परमाणु भी न थे और परम सूक्ष्म आकाश भी नहीं था। अगाध और गहन जल भी न था। मृत्यु भी न थी। तब केवल परब्रहम परमात्मा अपने अनन्त असीम अखण्ड परधाम में अनन्त शक्तियों के साथ बिहार कर रहा था।

---

1. (i) नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परी यत्
किमावरीव: कुहकस्य शर्मन्नम्भ: किमासीद गहनं गंभीरम १
न मृत्युरासीदमृतं न तहिं न रात्रा अह आसीत् प्रकेत:
आनीदवातं स्वाधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न पर: किंचनास २ (ऋग्वेद नासदीयसूक्त १०/१२१)
इयं विसृष्टि आवभूत यदि वा दधे यदि वा न
यो अस्याध्यक्ष: परमे व्योमन् त्सो अंग वेद वा न वेद ७ (ऋग्वेद नासदीयसूक्त १०/१२१)

(ii) अब सुनियो मूल वचन प्रकार जब नहीं उपजा योर मोह अहंकार
नाही निराकार नाही सुन ना निर्गुण ना निरंजन
ईश्वर न मूल प्रकृति ता दिन की कहूं आप आप बीती (महामती प्राणनाथ प्रकाश हिं० ३७)

परब्रह्म परमात्मा के परधाम में अनन्त ब्रहम आत्माओं (अग्नियों-शक्तियों) के परिसम्वाद२ का भी वेदों में उल्लेख मिलता है और परमात्मा ने इन्हीं आत्माओं (ब्रहमप्रियाओं) को जगदलीलादिखाने के लिए स्व-अंश भगवान अक्षरब्रहम के मन में खेल-विलास की वृत्ती संचारित कर दी थी। वेदादि आप्त ग्रन्थों३ में अक्षरब्रहम के केवल एकांश से सचराचर विश्व का प्राकट्य होना बताया गया है।4

विराट ब्रहमाण्ड :- पूर्णब्रहम परमात्मा का अक्षर ब्रहम के ऊपर इच्छावरण पड़ते ही अक्षर द्वारा अनन्त विराट ब्रहमाण्ड की रचना होने लगी। अक्षर-ब्रहम ही विराटब्रहमाण्डों के उदय-लय के कारण हैं5। अतएव अक्षरब्रहम ही सृष्टिरचना के मूल संचालक6 हैं–कारण कि, परमात्मा द्वारा भगवान पर इच्छा का आवरण पड़ते ही उनके हृदय में सुमंगला नामक शक्ति से मोह रूप निद्रा7 प्रगट हुई–जो अंडाकार8 थी। सुवर्ण वर्ण का यह अंडा हिरण्यगर्भ- एक सहस्त्र वर्ष पर्यन्त जल में तैरता रहा। अक्षर ब्रहम की सुरता के प्रवेश से वह अंडा फूटा और उससे महाविष्णु विराट पुरुष आदिनारायण प्रकट हुए, फिर तीन गुण (सत-रज-तम), पञ्च तत्त्व, (छिती, जल,पावक,गगन और समीर), चौदह लोक9 आदि चर अचर वस्तुएं उत्पन्न हुईं। इन सबका प्रलय में नाश होना बताया गया है, अतैव क्षर ब्रहमाण्ड प्रलय में लय हो जाता है। क्षर पुरुष के अन्दर आदि नारायण, महा विष्णु, सात शून्य, महतत्त्व (निरंजन-निराकार), गायत्री, प्रणव ॐ (ज्योति स्वरूप),अष्ट-आवरण युक्त यह दृशय वैराट एवं गर्भोदक समुद्र में शेषशायी नारायण का निवास है।

2. यत्रा वदेते अवरः परश्च यगन्योः कतरो नौ विवेद
   आशकुरित्सधमादं सखायो नक्षन्त यज्ञ का इदं विवोचत
   (निरुक्त दैव०अ० 7 पाद 7 खण्ड 31 मं० 17)
3. तदाहुरक्षरं ब्रहम सर्वकारण कारणम। (श्रीमदभागवत: 3/11/41)
4. बिष्टभ्याहमिहं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्। (गीता)
5. यदुन्मेष निमेषाभ्यां ब्रहमाण्ड-प्रलयौदयौ।
6. इत अक्षर को विलस्यो मन, पांच तत्व चौदह भुवन।
   यामें महाविष्णु मन-मनथे त्रिगुण,ताथे थिर चर सब उत्पन्न॥
   या विध उपज्यो सब संसार, देखलावने हमको विस्तार॥ 1/19/11 प्रगटवाणी
7. नींद का खेल खेलत सब नींद में, जाग के किने न देखाया॥3॥
   सुपन की सृष्ट वैराट सुपन का, झूठे सांच ढन्पाया॥4॥ (किरन्तन: प्रकरण 3)
8. जिस समय यह जगत ज्ञान और प्रकाश से शून्य तथा अंधकार से परिपूर्ण था, उस समय एक बड़ा अंडा उत्पन्न हुआ और वही समस्त प्रजा की उत्पत्ति का कारण बना। वह बड़ा ही दिव्य और ज्योतिर्मय था।
   श्रुति उसमें सत्य, सनातन, ज्योतिर्गमय भ्रम का वर्णन करती है (महाभारत: आदि पर्व)

चौदह लोक:-1 सात अधोलोक एवं 2. सात ऊर्ध्वलोक

1. अधोलोक- अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल और पाताल
2. ऊर्ध्वलोक- भूर्लोक, भुवर्लोक, स्वर्गलोक, महर्लोक, जनलोक, तपलोक और सत् लोक

जगत्:- इस दृश्य विराट में अष्टावरण के अन्दर सात अधोलोक एवं सात ऊर्ध्वलोक हैं।ऊर्ध्वलोक में भूलोक है जिसे मृत्युलोक कहा जाता है, इसी में जगत् के समस्त प्राणी निवास करते हैं।मृत्युलोक के अंतर्गत सात द्वीप और आठ सागर (पौराणिक-मतानुसार) कहे गए हैं। वर्तमान भूलोक में सात महाद्वीपों10 और छः महासागरों11 के रूप में मृत्युलोक का ज्ञान कराया गया है।

मृत्युलोक :- मृत्युलोक में सात द्वीपों के नाम निम्न प्रकार हैं:

1. जम्बू द्वीप   2. प्लक्ष द्वीप
3. शाल्मली द्वीप   4. कुश द्वीप
5. क्रौंच द्वीप   6. शाक द्वीप
7. पुष्कर

जम्बू द्वीप:- मृत्युलोक के अंतर्गत जम्बू द्वीप में नवखण्ड हैं,जो निम्न प्रकार हैं:-

1. भरतखण्ड   2. किंपुरुष   3. हरिवर्ष
2. इलावर्त   5. हिरण्यवर्ष   6. रम्यखण्ड
3. कुरुवर्ष   8. भद्राश्व   9. केतुमाल

भरतखण्ड :- मृत्युलोक के अंतर्गत जंबुद्वीप के मध्य स्थित भरतखण्ड, सब खण्डों से उत्तम है, इसी भूभाग पर सभी अवतार हुए हैं। इसी कारण सचराचर जगत् में इस खण्ड को परम-पावन माना जाता है।12 भरतखण्ड, अखण्ड भारतवर्ष के नाम से अतीत में पुकारा जाता था, परंतु अब इसकी सीमाएं घटकर भारत देश के रूप में रह गयी हैं। भारत माँ का वक्ष:स्थल, देश का गुरुत्व केंद्र है। इस भूभाग को बुन्देलखण्ड के नाम से जाना जाता है। आजकल यह भूभाग प्रशासनिक स्तर पर दो प्रान्तों में विभक्त है– उत्तर प्रदेश का दक्षिणी भूभाग और मध्यप्रदेश का उत्तरी भूभाग। इस भूभाग पर बुन्देलवंश वंश का शासंन् रहा है, अतैव इन्हीं के नाम से यह आँचल बुन्देलखण्ड के रूप में प्रसिद्ध हुआ। इस पावन भूमि पर अनेकों वीर पुरुष एवं ऋषि मुनिगण हो गए हैं। कलियुग में अखण्ड मोक्ष देने वाली श्री पद्मावतीपुरी यहीं स्थित है, यहीं कल्किअवतार

---

10. सात महाद्वीप निम्न प्रकार हैं:-

1. एशिया महाद्वीप   5. उत्तरी अमेरिका महाद्वीप
2. यूरोप महाद्वीप   6. दक्षिण अमेरिका महाद्वीप
3. अफ्रीका महाद्वीप   7. अंटार्कटिका महाद्वीप
4. ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप   (एशिया महाद्वीप के अंतर्गत भारत देश है।)

11. छः महासागर:- 1.हिंद महासागर 2. उ० प्रशांत महासागर, 3. द० प्रशांत महासागर

4. आर्कटिक महासागर, 5. उ० अटलांटिक महासागर, 6. द० अटलांटिक महासागर

12. गायन्ति देवा किलगीतिकानि, धन्यास्तु ये भारत भूमि भागे।

निष्कलंक **प्रभु प्राणनाथ** जी ने एकादश वर्ष [वि.स. 1740-1751 (A.D. 1683-1694)] पर्यन्त सहस्त्रों ब्रह्ममुनियों सहित विहार किया है।निष्कलंकप्रभु प्राणनाथ जीके नादपुत्र (शिष्य) चम्पत सुअन महाराजा **महाराजा छत्रसाल** जैसे युगपुरुष ने जन्म लेकर बुन्देलखण्ड को जो गरिमा एवं महिमा प्रदान की है वह युगों-युगों तक अक्षुण्य रहेगी।

बुन्देलखण्ड

भारत के मानचित्र में यमुना, बेतवा, चम्बल, टौंस, केन, किलकिला, धसान, सोन कुंवारी, पहुज, नर्मदा आदि नदियों से घिरा एक वृहद भूभाग है। इस भूभाग के झांसी, पन्ना, नागौद, छत्रप्रकाश,दमोह, सागर, दतिया, चन्देरी, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, जालौन, महोबा, चित्रकूट, टीकमगढ़, रीवा, जबलपुर, विदिशा, ग्वालियर, भिण्ड के भूभागों तथा इटावा के कुछ भागों को मिलाकर बना भूखण्ड-बुन्देलखण्ड कहलाता है1। दो प्रान्तों (उ.प्र., म. प्र.) के मध्य स्थित होने के कारण वर्तमान समय में इस भूभाग की प्रथक पहिचान अभी अन्तर्राष्ट्रीय एवं विश्व स्तर पर नहीं है जबकि अतीत में बुन्देलखण्ड एक सुदृढ़ स्वतंत्र राज्य के रूप में विख्यात था2।

इस भूभाग पर प्राचीन काल में शिशुपाल का राज्य रहा, भतृहरी ने यहीं राज्य करते हुए वैराग्य धारण किया था। यहाँ विक्रमादित्य का शासंन् रहा। समय-समय पर नाग, कछवाहा, परिहार, चन्देल आदि वंशधारों का भी राज्य रहा है और काशी के गहिरवंशी क्षत्रियों का तत्पश्चात शासंन् स्थापित हुआ। तब राजा पंचम यहाँ के 11वीं शताब्दीमें शासक हुए। इन्हीं गहिरवंशीय क्षत्रिय राजपूत राजा पंचम3 से बुन्देल वंश का प्रादुर्भाव हुआ और बुन्देला राज्य की नींव पड़ी। कालान्तर में बुन्देला राजाओं के कारण इस भुखण्ड को बुन्देलखण्ड4 नाम से पुकारा जाने लगा। इन्हीं बुन्देली राजाओं की परम्परा में चम्पत सुअन महाराजा छत्रसाल कावि.स. 1706 (26.05.1649 ई.) में हुआ। इनका शासंन्काल बुन्देलखण्ड में स्वर्णयुग के नाम से पुकारा जाता है।

बुन्देलखण्ड की गौरवशाली समृद्धि एवं प्रजा में सुख-शान्ति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि अंग्रेजी काल में पेट भरने के लिए विदेश जाने वाले भारतीय इस भूभाग के नहीं थे, वे सभी उ.प्र., बिहार व बंगाल प्रान्त के थे। इतना ही नहीं अंग्रेजों

---

1. इत जमुना उत नर्मदा, इत चंबल उत टौंस।

   छत्रसाल सों लड़न की. रही न काहू हौंस (लोकोक्ति)

2. बादर की छांहि लौं, उसेल पातसाही सर्व,

   फैलि रहो घाम सो, प्रताप छत्रसाल को। (लालकवि)

3. गहीर वंशीय राजा हेम करण ने 5 बार देवी विंध्यवासिनी के भक्ति पूर्ण मां अनुष्ठान किए थे, इसी कारण वह पंचम बुन्देला के लाए थे।
4. कर्करेखा-26 डिग्री उ. अक्षांश तथा 77 डिग्री -81.5 पू. देशांतर के मध्य स्थित

ने बड़ी मुश्किल से सेना व विश्वासघात के सहारे बुन्देलखण्ड में अधिकार जमाया था, फिर भी कुछ भूभाग उनकी पहुँच से दूर बना रहा जबकि देश के शेष भागों में वे सरलता से प्रवेश पा गये थे।

यह भूभाग यवन दासता से प्राय: मुक्त रहा है, ज्ञातव्य हो कि औरंगज़ेब के शासंन्काल में जब मुग़ल सत्ता अपने चरमोत्कर्ष पर थी उसी समय छत्रसाल जैसे साधन विहीन राजकुमार ने बुन्देलखण्ड के समग्र भूभाग से औरंगज़ेब की स्थापित हो रही सत्ता को उखाड़कर उसके स्थान पर सुदृढ़ स्वायत्त-सत्ता की लोकमांगलिक स्थापना की थी।

महाराजा अधिपति भये, महाराजा छत्रसाल।

राजन में राजा भये, असुरन केरे काल॥

महाराजा छत्रसाल के सान्निध्य से बुन्देलखण्ड भूमि हरितयुग में प्रवेश कर गयी थी। कुओं, तालाबों, झीलों (सागरों) के निर्माण कार्य से समग्र बुन्देलखण्ड सिंचित होने लगा था। बुन्देलखण्ड की परिभाषा भी जनमानस नवीन रूप से करने लगा था–भारतवर्ष के मध्य भाग में नर्मदा के उत्तर और यमुना के दक्षिण में–विंध्याचल पर्वत की शाखाओं से समकोण और यमुना नदी की सहायक नदियों के जल से सिंचित अवनि सौंदर्य कृत जो खण्ड है–उसे बुन्देलखण्ड कहते हैं। वस्तुतः बुन्देलखण्ड में जल सिंचन की योजना पर प्राथमिकता का रुख रहा है, तालाब यहाँ की संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। निम्न लोकोक्ति धनधान्य से समृद्ध एवं देव राज्य युक्त बुन्देलखण्ड के वैभव को आज भी मुखरित कर रही है।

तालन में भीमताल और सब तलईयां,

राजन में छत्रसाल और सब रजईयां॥ (लोकोक्ति)

बुन्देलखण्ड के चौमुखी विकास में जलाशय और महाराजा छत्रसाल–ये दो ध्रुव माने गये हैं। महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड के पर्याय हैं, बुन्देलखण्ड की संस्कृति एवं समृद्धि के वे पुरोधा हैं।

बुन्देली वैभव

बुन्देलखण्ड का चप्पा-चप्पामहाराजा छत्रसाल की पग-धूल से पावन हो चुका था। अनेक ग्राम, कस्बा, नगर एवं स्थल आज भी महाराजा छत्रसाल के पावन चरित्र का यशोगान कर रहे हैं, इतना ही नहीं बुन्देलखण्ड के बाहर भी उनकी यशोपताका अनेक स्थलों पर उनकी उपस्थिती का अहसास करा रही

है। अतएव महाराजा छत्रसाल के परिवेश को जीवन्त बनाये रखने हेतु एवं बुन्देलखण्ड की अमूल्य थाती को उजागर बनाये रखने के लिए यहाँ के ग्रामों, कस्बों, नगरों एवं स्थलों का नामोच्चारण करना समीचीन एवं पुनीत कृत्य है।

महाराजा छत्रसालकालीन स्थलों का उल्लेख प्रामाणिक रूप से तत्कालीन समय में लिखे गये ऐतिहासिक पत्रों में मिलता है। इन पत्रों में जिन नगरादि का विवरण उपलब्ध है, उनका ऐतिहासिक महत्व है, जिनके उल्लेख से बुन्देलखण्ड की संस्कृति एवं महाराजा छत्रसालके अपार बल पौरुष का दिग्दर्शन होता है।स्थलों की जानकारी किए बिना बुन्देली वैभव एवं युग पुरुष कहे गये कालजयी छत्रसालमहाराजा के इतिहास के साथ न्याय न हो सकेगा।

बुन्देलखण्ड की अचल धरोहर

किसी भी भूभाग की अचल धरोहर वहाँ के गाँव, कस्बे, नगर एवं स्थल होते हैं। भूभाग का अक्षुण रहना ही अचल धरोहर की कीमत है, जब भूभाग दासता से मुक्त हो तथा न्याय धर्म से संचालित हो।

महाराजा छत्रसालके इतिहास को मुखरित कर रहे बुन्देलखण्ड[2] के गाँवों, कस्बों, नगरों एवं स्थलों का नाम-दिग्दर्शन निम्नप्रकार है:-

प्रथम खण्ड

(अ) अजयगढ़, अजनार के पहाड़, अलौन (अलौना), अमुआ (अमवा) परगना, आसेनि।

अजयगढ़:- पन्ना के उत्तर में 27 कि.मी. दूर नैसर्गिक छ्टा से युक्त एक नगर, (तहसील-परगना)।

---

1. जा चमकी करबाल सी, छत्रसाल की बांकी,

घूम घूम भर-भूम, मैंढ़ बुन्देलखण्ड की टांकी।

जा के कन-कन की दमकन में, जोत भवानी की है,

हौंस हठीली देश हेत, झांसी की रानी की है। (द्वारिकेश)

2. बुन्देल भूमि बुन्देलों की,रणखेलों की यह रही अवनि,

वीर भूमि चंदे लो की यह,नहीं जानता इसे कवन।

तपोभूमि यह तपियों की,ऋषि-मुनियों ने कीन्हों विश्राम,

ऋषभदेव रिरुवा में आश्रम, पाराशरी पराशन ग्राम।

किया भजन जन्मदग्नि जमौड़ी, याज्ञवल्क्य जिटकिरीमुकाम,

विश्वामित्र था घाट नगारा, श्रृंगीमुनि खेरला ठाम।

बाल्मिक बबीना के,चन्नौट निवासी ऋषि च्यवन,

बुन्देलखण्ड बुन्देलों की, रणखेलों की यह रही अवनि॥

कपिलदेव जी रमे कालपी, राव नंदनी किनारे जान,

कर्दम ऋषि ग्राम कहटा में, करते रहे हरि-गुण-गाना।

वशिष्ठ जी ग्राम बसरिया में, कश्यप किया कुरौन ध्यान,

आज देखलो नदी बेतवा, बने हुए सबके स्थान।

धन्य भाग उस मम्मी का है, जहां ऋषियों ने किया रमन,

बुन्देलखण्ड बुन्देलों की, रणखेलों की यह रही अवनि॥ (स्व. पं. मनबोधन)

(आ) आंतरीगाँव:- ग्वालियर से बारह मील दक्षिण में एवं डबरा से पन्द्रह मील दूरी पर स्थित एक गांव। महाराजा छत्रसाल की सेना का प्रमुख सैनिक पहाड़सिंह का बेटा भगवन्तसिंह यहीं बलिदान हुआ था।

(इ) इचौली:-बांदा से दस मील दूर स्थित। संवत् 1783-84 में तृतीय बंगश युद्ध में बंगश के दो सेनापति भूरेखां और दिलावर खाँ यहीं मारे गए थे।

इन्द्ररखी:- ग्वालियर के निकट स्थित। यहां का जमींदार पहाड़सिंह गौड़ था, जो बाद में महाराजा छत्रसाल का अभिन्न साथी बना था।

(उ) उयदयपुर:- महाराजा छत्रसाल जी जब जसौधियों को परास्त करके फतेहपुर होकर उयदयपुर आये, तब उन्होंने उदयपुर में कब्जा किया था।

(ए) एरच:- झाँसी के उत्तर पूर्व में 69 कि. मी. दूर वेतवा नदी के किनारे स्थित एक पौराणिक एवं ऐतिहासिक कस्बा। यहां भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ था। संवत् 1778 के बैसाख मास में यहीं महाराजा छत्रसाल के पुत्रों ने बंगश को रौंदा था। बंगश जान बचाकर भाग निकला था।

(ओ) ओरछा (राजधानी), ओकासी परगना (औगासी),

ओरछा:- गढ़कुंडार नरेश महाराजा रुद्रप्रताप ने संवत् 1564 में ओरछा नगर की नींव डाली थी, जो कालान्तर में बुन्देलों की एक समृद्धिशाली राजधानी सिद्ध हुई।

(औ) औंडेरा:- सिरौंज से 20 मील उत्तर पूर्व में स्थित एक गांव। महाराजा छत्रसाल का सेनापति बाकी खां यहीं का निवासी था। महाराज ने इसके पुत्र कु. खांजहाँ को अपना मुंह बोला बेटा माना था।

औरंगाबाद :- यहां महाराजा छत्रसाल के ककाजात भाई बलदाऊ रहते थे, इन्होंने बुन्देलखण्ड के स्वतन्त्रता अभियान में महाराज का साथ देने का वादा निभाया था। वह बाद में बलदिवान के रूप में प्रसिद्ध हुए थे।

क वर्ग

(क) ककरेड़ी, कनार1, करगुवां, करैरा, कटेरा, कालपी2, कालिंजर3, कुटरो,

---

1. कनार-: कनार परगना। पंचनदा के मुहाने से लेकर कालपी और जालौन तक इलाके को कनार कहते हैं। महाराजा छत्रसाल नेवि.सं. 1743-44 (1686- 1687 A.D.) में अपनी दिग्विजय यात्रा के दौरानउत्तर पश्चिम में कालपी-अनार से लेकर भांडेर एरच तक फैली बची कुची मुग़ल सल्तनत को धराशाई कर सर्वत्र अपनी पताका पर आई थी। निष्कलंक प्रभु श्री प्राणनाथ जी ने युद्ध भूमि में इस समय सैनिकों के उत्साह को बढ़ाया था।
2. कालपी:- यमुना तट पर बसी एक पौराणिक नगरी, भगवान वेदव्यास की जन्म स्थली। संवत् 1743 में कल्कि अवतार श्री प्राणनाथ जी ने यहां पधार कर कतर ज्ञान का खुलासा किया था, जिसकी खबर औरंगज़ेब तक पहुंची थी और उसने आक्रमण पर जा रहे अपने सेनापति शरण मस्त को वापस बुला लिया था। 7 कोस के दौरन दौरे-छत्रप्रकाश, के अनुसार महाराजा छत्रसाल यहां से 1 दिन में भांडेर होकर ग्वालियर पहुंचे थे।
3. कालिंजर: बांदा से दक्षिण पूर्व की ओर 50 किलोमीटर पर स्थित; महाराजा छत्रसाल ने इस पर अधिकार जमा कर मांधाता चौबे को किलेदार बनाया था। इस दुर्ग का निर्माण 12 वीं शताब्दी के पूर्व हुआ था।

कुलपहाड़4, कोंच (परगना), कोटरा5 (परगना), कुरई (परगना) कर्बी।

(1) खंडौत, खरैला, ख्ग्टौनी, खटोला, खगसीस (परगना). खेरागढ़6, खैलार7, खिमलासा (परगना)।

(2) गढ़कुंडार8, गढ़ाकोटा, गढ़पहरा (परगना), गडरौला (परगना), ग्वालियर, गैराहा, गोलकुंडा, कस्बा गडोरा, गौहरा।

ककरेडी:- यह पहाड़ियों के बीच बसा है, ज़ो सतना के उत्तर में तथा बांदा जनपद में मानिकपुर के आस पास है। महाराजा छत्रसाल ने डांग में स्थित इस गाँव के लोगों का मन जीता था, विहंगम रास्तों के कारण यह नगर उपेक्षित रहता था, परंतु महाराजा छत्रसाल ने यहां आकर अपनी आत्मीयता दर्शायी थी। ऊबड़-खाबड़ यातायात को निम्न कहावत में, जो यहां प्रचलित है, दर्शाया गया है–

बिस माहुर काहे को खाय, दिना चार ककरेड़ी जाय।

कोंच (परगना):- संवत् 1710 (1653 A.D.) में यहां की जागीर चम्पतराय से छीनकर दाराशिकोह के कहने पर शाहजहाँ ने ओरछा नरेश पहाड़सिंह को 3 लाख में दी थी,अतैव चम्पतराय ने इसी कारण शामूगढ़ के युद्ध संवत् 1713(1656 A.D.) में दारा का साथ न देकर औरंगज़ेब की सैन्य सहायता की थी। इस युद्ध में दारा का वध हुआ था और औरंगज़ेब दिल्ली के तख्त पर बैठा था, तब यहां जागीर पुनः संवत् 1715 (1658 A.D.) मेंचम्पतराय के हाथों में आ गयी थी। इस कोंच परगना ने ही दाराशिकोह को भारत सम्राट बनने से रोक दिया था, परंतु भविषय चम्पतराय के भी विपरीत चला गया था। संवत् 1743-44 (1686-87 A.D.) की दिग्विजयी यात्रा में महाराजा छत्रसाल यहां आये थे।

ग्वालियर:- झांसी आगरा के मध्य स्थित एक ऐतिहासिक नगर। बुन्देलखण्ड आने वाली मुग़ल सेनाएं इसी नगर के आस-पास से गुजरती थीं। बुन्देलखण्ड में प्रवेश हेतु

---

4. **कुलपहाड़:-** यह राठ- महोबा मार्ग पर स्थित है। (हमीरपुर से 90 किलोमीटर दक्षिण की ओर), इसे महाराज पुत्र जगतराज ने बताया था। इनके पौत्र केशरीसिंह ने यहां एक भव्य किला बनवाया था। कहा जाता है की इनके पुत्र परीक्षित एवं पुत्रवधू रानी राजमाला स्वतंत्रता के इतिहास में अमर हैं।

5. **कोटरा:-** एक सामरिक स्थल, हमीरपुर कालपी के बीच स्थित। यहां के मुग़लफौजदार सैयद लतीफ को महाराजा छत्रसाल जी ने कालपी से लौटते समय बंदी बनाया था।

6. **खेरागढ़:-** दक्षिण में मालवा का एक नगर, यहां महाराजा छत्रसाल ने शेख अनवार को बंदी बनाया था।

7. **खैलार:-** झांसीसे 8 मील दक्षिण में, वि.सं. 1667(1640 A.D.) मैं यही सार वाहन की मृत्यु एक युद्ध में हुई थी।

8. **गढ़कुंडार:-** झांसी से पूर्वोत्तर दिशा में 48 किलोमीटर दूर स्थित; बुंदेलों ने खंगारों से राज्य छीनकर महौनी के स्थान पर यहां अपनी राजधानी स्थापित की थी। और अच्छा से पहले बुंदेलों की यही राजधानी थी।

पश्चिमी द्वार है। राजनैतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस नगर पर महाराजा छत्रसाल की दृष्टि हमेशा रही है। बुन्देलखण्ड की पावनभूमि हल्दी घाटी धूमघाट इसी के पास पूर्व में स्थित है।

गढ़ाकोटा:- सागर और दमोह के बीच, सागर से 30 कि.मी. पूर्व में स्थित एक ऐतिहासिक नगर। महाराजा छत्रसाल ने इसे जीतकर प्रारम्भ में यहां धाक जमाई थी। यहां के दुर्ग को अंग्रेज जनरल पाटसंन् ने अक्टूबर 1818 में शाहगढ़ के राजा से छीना था।

च वर्ग

(च) चंडौत, चन्देरी, चवर्ण, चरखारी1, चित्रकूट1, चित्रकूट, चंदरापुर, चौरागढ़।

(छ) छ्तरपुर2, छपरा, छाई कुआं3।

(ज) जगमन्नत पुर4, जतहरा, जमुहा, जलालपुर (परगना), जमौड़ी, जसौंधी5, जतारा, जिगनी, जिटकिरी, जैतपुर, जुगटौन, जोरपहार।

(झ) झारखण्ड,झांसी।

चन्देरी:- बेतवा तट पर बसा एक सुरम्य नगर। यहाँ जौहर का तालाब, एक ऐतिहासिक महत्व का है। बुन्देलों की एक शाखा यहाँ पल्लवित हुई थी,वि.सं. 1673 (1616 A.D.) में गेंदालाल नामक सूबेदार को हराकर भारतसिंह चन्देरी के प्रथम राजा बने थे।महाराजा छत्रसाल के राज्य-तिलक का विरोध तत्कालीन चन्देरी नरेश राजदुर्गसिंह [संवत् 1720-1744 (1663-1687 A.D.)] ने भी किया था।

---

1. **चरखारी:-** महोबा के उत्तर पश्चिम में20 किलोमीटर दूर स्थित; इसे महाराजा छत्रसाल के पुत्र कुं जगतराज ने बताया था। यहां बुन्देली ठसक देखने को मिलती है। कुं. जगतराज को यह स्थान प्रिय था। यहां पर अंतिम बुन्देली राजा अरिमर्दनसिंह हुए।
2. **छत्रप्रकाश:-** महाराजा छत्रसाल (छत्ता) ने इसे अपने नाम पर बताया था- कार्तिक शुक्ल पक्ष गुरुवार, पुष्यनक्षत्र, संवत् है 1764 के दिन। यहां पर महाराजा छत्रसाल की विशाल स्टैचू है। यह नगर उत्तर एवं दक्षिण भारत के लिए प्रवेश द्वार कहा जाता है। यहां का छत्र साली चबूतरा प्रसिद्ध है।
3. **छाई कुआं:-** दतिया के उत्तर- पूर्व और भांडेर नगरी के समीपस्थ एक गांव। संवत् है 1746 में इस गांव के निवासी सुखदेव मिसिर कढ़ीयारे को आसपास के 120 गांवों की जागीर महाराजा छत्रसाल ने भेंट थी।यह जागीर डेढ़ लाख की थी। इन्हीं सुखबीर मिसिर ने बचपन में छत्रसाल को चम्पतराय से बिछड़ जाने पर मुग़ल सेना के चुंगल से, अपना बालक कहकर बचाया था। तब इस बालक के साथ उन्हें कड़ी रोटी खानी पड़ी थी। तभी से यह लोग कढ़ीयारे नाम से पुकारे जाते हैं।
4. **जगमन्नपुर:-** पचनदा के पूर्व- दक्षिण में स्थित गांव राजा वीर ने मुग़ल सत्तारखां हेलो को यहीं पर संवत् है 1128 में पराजित करके महौनी को राजधानी बनाकर सर्वप्रथम बुन्देली शासंन् चलाया चलाया था।
5. **जसौंधी:-** (जसौंधिया) भाट जनों का एक गांव। महाराजा छत्रसाल ने इस गांव पर पूर्ण अधिकार कर जागीर जसौंधियों को सौंपी थी।

जलालपुर :- चिल्लातारा (जमुना नदी का घाट) बांदा-फतेहपुर मार्ग के लगभग चार मील दूरी पर बसा एक ऐतिहासिक गांव। महाप्रभु प्राणनाथ जी चित्रकूट जाते समयवि.सं. 1643 (1686 A.D.) में यहां पधारे थे। तभी महाराजा छत्रसाल की दिग्विजयी यात्रा का स्वागत चित्रकूट से आकर राजा बसन्त सुर्खी ने यहीं इसी समय किया था। बीतक ग्रंथ में इसकी विशद चर्चा है।

जिगनी :- हमीरपुर जिले में धसान और बेतवा के संगम तट पर स्थित, (पन्ना केन्द्र से उत्तर-पश्चिम दिशा में डेढ़ सौ कि.मी. की दूरी पर स्थित एक जागीर)। जिगनी की जागीर महाराजा छत्रसाल ने संवत् 1745 में अपने पुत्र कुं. राव पद्मसिंघ को दी थी, जो साढ़े तीन लाख की थी। कोटरा दुर्ग इसी के पास है। भौगोलिक दृष्टि से यह नगर उत्तरी बुन्देलखण्ड का अति महत्वपूर्ण स्थान है अतैव महाराजा छत्रसाल ने इसी कारण से अपने पुत्र को यह जागीर सौंपी थी।

जैतपुर :- कुलपहाड़-नौगांव मार्ग पर, कुलपहाड़ से लगभग 13 कि.मी. दूर (दक्षिण)स्थित एक विशिष्ट नगरी। इस नगर की स्थापना, महाराजा छत्रसाल के पुत्र कुँ. जगत्राज ने अपनी वीरांगना पत्नी जैतकुंवरि के नाम पर की थी। यहां एक भव्य किले का निर्माण भी हुआ था। महाराज जगत्राज ने यहां (जैतपुर-गादी) पर 27 वर्ष राज्य किया था। महाराजा छत्रसाल ने राज्य बंटवारे में कुँ. जगत्राज को जैतपुर की गद्दी दी थी।

झारखण्ड :-गरौठा सेदक्षिण-पश्चिम की ओर लगभग 15 कि. मी. की दूरी पर गढ़ा कस्बे के निकट धसान नदी के तट पर स्थित: एक गाँव सामरिक दृष्टि से महाराजा छत्रसाल ने इसे विशेष स्थान दिया था।

झाँसी :-ओरछासे पश्चिमोत्तर दिशा में 15 कि. मी. दूर स्थित बुन्देलखण्ड (उ.प्र.) का एक अति प्रसिद्ध नगर। इस नगर की नींव ओरछा महाराज वीरसिंहजू देव ने संवत् 1668 में किले के रूप में डाली थी। ओरछा नगर की समृद्धि क्षीण होने पर इसका विकास हुआ था। महाराजा छत्रसाल ने राज्य का तीसरा हिस्सा बाजीराव पेशवा को दिया था, गलत है झांसी भूभाग बुंदेलों के बजाय पेश हवाओं के हाथ चला गया था।

ट वर्ग

(ट) टीकमगढ़:- ओरछा नरेश विक्रमजीतसिंह (कुं. दुल्हाजू 1817-1874 संवत्) ने अपनी राजधानी ओरछा से स्थानान्तरित करके वि.सं. 1840 (1783A.D.) में टीकमगढ़ स्थापित की थी। टीकमगढ़ का क़िला (संवत् 1835-1844) के मध्य में बनकर तैयार हुआ था।

त वर्ग

(त) तरहुवां (तरौहा)1, तैन्दुवा, तोरा-तीरी।

तोरा-तीरी:-महाराजा छत्रसाल जी आंडेर जीत कर यहां पर आये थे, छत्रप्रकाश के अनुसार

मारि फौज औंडेरहि आए, तोरा-तोरी पर उठि धाए।

लूट गांव कीने मनभाए, पकर पटेल जैत को लाए॥

(थ) थून:-जूड़ामनजाटका दुर्ग। इस दुर्ग कोमहाराजा छत्रसाल ने जीता था। जूड़ामन जाट की मृत्यु संवत् 1779 (19.4.1722A.D.) में हुई थी।

थाला (परगना):- बुन्देलखण्ड का एक परगना।

(द) दससैंडा2, दतिया3, देवगढ़4, दैलवाड़ा, दमोह।

दैलवाड़ा:-चम्पतराय का एक अति विश्वासी साथी महाबली, जो दैलवाड़ा का ही निवासी था तथा महाराजा छत्रसाल के अभिन्न सहायक योद्धा भानु भट्ट की भी यह जन्म स्थली है। रानी सारन्धा नेदैलवाड़ा के महाबली के यहां अपनी थाती (जेबरात) धरोहर में छत्रसाल के लिए सुरक्षित राखी थी।

(ध) धमौनी:- झांसी से 100 मील दक्षिण में एवं सागर से 24 मील उत्तर में स्थित।

धूमघाट:- बुन्देलखण्डका कुरुक्षेत्रव बुन्देलखण्ड की हल्दी घाटी, ग्वालियर में सिंधु नदी के पास (डबरा स्टेशन के समीपस्थ) की युद्ध स्थली, जो कि झांसी से 34 मील उत्तर में स्थित पहाड़ियों के बीच एक सकरा लम्बा मैदान।

(न) नरवर:- बुन्देलखण्ड के पश्चिमी भूभाग अर्थात ग्वालियर के दक्षिण पश्चिम में स्थित एक नगर।

---

1. **तरहुंवा (तरौहा):-** इलाहाबाद (प्रयाग) से 35 कोस दूर एक प्राचीन नगर, जिसके खण्डहर कर्वी- चित्रकूट के बीच में अभी भी विद्यमान हैं। दिग्विजय यात्रा में यहां के सुरक्षित राजा ने महाराजा छत्रसाल की पूर्ण अधीनता स्वीकार की थी। यही के राजा ने तिकवांपुर (कानपुर) के परम आनंद त्रिपाठी (महाकवि भूषण) को कवि भूषण की उपाधि प्रदान की थी।

2. **दससैंडा:-** राजापुर,सिन की सड़क से 5 मील हटकर पश्चिम की दिशा में स्थित बागे नदी के किनारे बसा एक ऐतिहासिक कस्बा, जो कि बुन्देलखण्ड का परगना भी रहा।

3. **दतिया:-** झांसी से 25 किलोमीटर पश्चिमोत्तर में वह भांडेर (धामी बगिया) से 30 किलोमीटर पश्चिम में स्थित। **झांसी गले की फांसी, दतिया गले का हार। ललितपुर तब तक रहो, जब तक मिले उधार॥** ॥ कहावत॥

4. **देवगढ़:-** (1) ललितपुर से 34 किलोमीटर दूर बेतवा तट पर बसा एक नगर, कई मील लंबे चौड़े क्षेत्र में यह अवस्थित स्थल जहां हजारों मूर्तियां अभी भी असुरक्षित अवस्था में विखंडित पड़ी हैं। यहां की नाहर घाटी में अनेक मंदिरों की श्रृंखलाएं हैं, स्थल सुरम्य व नैसर्गिक छटा परिपूर्ण है।

(2) एक दूसरा देवगढ़ भी है, जो गोंडवाने में स्थित है।

निवाड़ी:- ओरछा की एक बड़ी रियासत,गढ़कुंडार नरेश मलखांसिंह (1525-1558 संवत्) ने देवीसिंह को यहाँ का जागीरदार बनाया था।

धामौनी:- बुन्देलखण्ड और मालवा के मध्य में दक्षिण की दिशा में स्थित। यहाँ एक सुदृढ़ दुर्ग का निर्माण गौड़ लोगों द्वारा करवाया गया था। दक्षिणी बुन्देलखण्ड में यह अति महत्वपूर्ण सामरिक स्थल है, जो एक राजनैतिक रूप में भी महत्व का रहा है। महाराजा छत्रसाल ने खालिक खां को संवत् 1729 में पराजित किया था, यह उनकी प्रारम्भिक अति महत्वपूर्ण विजय थी। औरंगज़ेब ने इस दुर्ग को एक बार पुनः कूटनीति के सहारे छत्रसाल से छीना था, परन्तु महाराजा छत्रसाल ने पुनः धामौनी दुर्ग पर फतह कर विजय पताका फहराई थी। महाराजा छत्रसाल ने पुत्र कुँ. जगत् राज को इस दुर्ग पर विजय के संस्मरण कई पत्रों में लिखे थे। धामौनी फतै करी बायस हजार फौज वहां की मारी गई, बा हमारे बहुत घाव आए, रही धामौनी के जीते से कछु नहीं खवायौ (खोया) वा हथवार बान वगैरा बहुत हमने पाए.... ***सो खालिक धामौनी फौज लेके आ गयो, जमने ऊसे लड़ाई करी, धामौनी फतै करी वा अपनो थानो जमायौ***

धुबेला और धुबेला संग्रहालय:- म० प्र० के जनपद छत्रप्रकाश के मध्य स्थित–धुबेला में एक ऐतिहासिक राजकीय संग्रहालय है, जो खजुराहो- झांसी राजमार्ग से दो किलोमीटर दूर मऊ सहानियां गाँव के पास है। महाराजा छत्रसाल द्वारा बनाये गए महलों, स्मारकों और खूबसूरत धुबेला ताल के तट पर बने तीन सौ वर्ष पुराने धुबेला भवन के दरबारी हाल में संग्रहालय स्थित है। इस राजकीय संग्रहालय में महाराजा छत्रसाल की शौर्यपूर्ण गाथाओं से सम्पृक्त बहुमूल्य वस्तुएं हैं। उनका नौ फुट लम्बा अंगरखा, मुकुट, तलवारें व अस्त्र-शस्त्र यहाँ देखने को मिलते हैं। इस धुवेला ताल के आसपास छ: किलोमीटर के घेरे में पुरातत्व महत्त्व की अनेकों इमारतें विद्यमान हैं। मऊ-महेवा (छत्रप्रकाश)) गांव भी आसपास ही है, जहाँ महाराजा छत्रसाल के पुत्रों के लिए बने बावनिया महल खण्डहर के रूप में देखने को मिटे हैं। धुबेला ताल के समीप ही तिदुनी दरवाजा है, जहाँ पर श्री प्राणनाथ और छत्रसाल जी का मिलाप हुआ था। यहीं पर महाराजा छत्रसाल का निवास स्थल बादल महल, मऊ दरवाजा, दीवान कीरतसिंह की गढ़ी, महारानी कमला का स्मारक और छोटा मकबरा जिसे महाराज के मुंहबोले बेटे बाजीराव पेशवा ने बनवाया था। यह भी यहीं (मऊ मुकुरवा में) स्थित है।

धूमघाट:- जिसकी रज रखने माथे पर, उस घाटी में धूम मची है।

आर्य संस्कृति जिससे अक्षुण्य, वह रज रची बसी घाटी है॥

अरे जगो भरतवंशी तुम! पावन धरा आज राक्षिति किम्।

ए धूमघाट हल्दी घाटी है, कुरुक्षेत्र सम जग बन्दिती जिम॥

आओ लौटें इस घाटी में, तन मन प्राण निछावर इसमें।

रखी लाज धूमघाटी ने, लाखों वीर निछावर जिसमें॥

ये घाटी हिन्दुआन लाज, करो प्रणाम सदभाव सतति॥

धूमघाट की धूम गयी यदि, मानो गई विखर संस्कृति॥

घाटी घाटी रक्त मणी, बनी बुन्देली रण भूमि यह।

छत्रसाल छत्ता बन झूमें, चमके रविसम धूमघाट जह॥

जय बोलो सब धूमघाट की, बोलो जय छत्रसाल बलि तुम।

यवनों का संहार किया है, धन्य! हिदुआन बचाया तुम॥

अरे भूलते तुम क्यों इसको, धूमघाट जग आन सान।

जिससे कहलाए हिन्दुवान आज, दे रहा सबन को आज मान॥

जय धूमघाट जय छत्रसाल, है यवनों का महाकाल।

जय बुन्देले जय शत्रुसाल, शुभ धूमघाट माटी विशाल॥

(धूमघाट खण्डकाव्य से)

निःसन्देह, धूमघाट की माटी अति पावन एवं प्रेरणादायी है। भारतवर्ष में सनातन धर्म की रक्षा करने वाली यह पावन धरा धूमघाटी जन जन द्वारा बंदित है। इसका महातम्य कुरुक्षेत्र (हरियाणा) और हल्दी घाटी (राजस्थान) से कम नहीं है। कुरुक्षेत्र में एक परिवार का महाभारत था, हल्दीघाटी में बादशाह (अकबर) और राणा (प्रतापसिंह) की लड़ाई थी, परन्तु धूमघाट में देवों और यवनों का महासंग्राम था। जो अनेकों बार हुआ। देव-मंदिरों को ध्वस्त करने के शाही फरमानों को ओरछा में लागू करने आ रहीं यवनों की भयंकर टोलियों का इसी स्थल पर सर्वनाश हुआ। बुन्देली-हिन्दू सल्तनत को ख़त्म करने के लिए आये यवन सिपहसालार यहीं काल कवलित हुए थे। महाराजा छत्रसाल के देव राज्य को उखाड़ने के लिए यवन औरंगज़ेब द्वारा भेजी गई अनेक फौजें यहीं दफन हुई। यह घाटी युद्धों की रणभूमि है, सैंकड़ों युद्ध यहाँ लड़े गये। घाटी में युद्धों की धूम मची रही, फलतः यवनों को मौत के घाट उतारने वाली इस घाटी में मची धूम ने इसे धूमघाटी व धूमघाट नाम से प्रसिद्धि दिलायी। यह स्थल सिन्धु घाटी नदी की संकरी घाटियों के बीच है जो डबरा (ग्वालियर) स्टेशन के समीपस्थ है। ग्वालियर-झांसी के बीच स्थित यह स्थल झांसी से 50-55 कि.मी. उत्तर पश्चिम में है।

हिन्दूधर्म के रक्षार्थ धूमघाट की माटी ने, जो वीरों को प्रेरणा, उत्साह एवं दृढ़ संकल्प दिया है, वह आज भी यहाँ की पहाड़ियों के बीच रचा बसा है। महाराजा छत्रसाल के ऐतिहासिक पत्रों में इस पावन

भूमि धूमघाट का विवरण विद्यमान है। महाराजा छत्रसाल ने इस वीर भूमि को अनेक बार हर्षित किया है। धूमघाट और छत्रसाल एक दूसरे के

पूरक हैं। वि.सं. 1727 (1670 A.D.) में चमकी उनकी तलवार ने घूमघाट के कण-कण को युगप्रवर्तक-पुरुष के प्राकट्य का अनुभव कराया था।

छत्रसाल का पत्र: जगत्राज के नाम

आपर जब हमसे वा आलमगीर बादशाह से मन बिगरौ बादशाह को मन रहै के कौनऊ तरा से छत्रसाल से लड़ाई हौवे वा मारे जावैं, बादशाह ने हुकम दयौ कै जितने मंदिर हैं जिनको हिन्दू मानत हैं गिरवा दए जावैं और फिदाई खां सूबा को हुकम लड़बे कौ दयों कै जो काऊँ मंदिर ना गिरवायै ऊको पकरो वा लड़ो, सो बादसाह सै सिवाय हमारे और राजा को भिर सकत हतें हमने कह पठवाई कै जितने मंदिर सब जघा हैं वे ना गिरवाये जावैं फिदाई खां ने ना मानी और जैसी बनै (उसे) आई तैसी बात कह पठवाई कै हम छत्रसाल को का समझै, बनको भारी होवे तो आकर लड़ें हमें मंदिर खुदवा डालने हैं हम मऊ से चले, छयालीस हजार फौज वा सवार वा तोपें लेकर गुवालियर के येंगर (निकट) एक बड़ी भारी नदी है वहां (घूमघाट) फिदाई खां से लड़ाई भई, खूब हथियार भयी, सतरा हजार फौज मारी गई, और जीत हो गई, वा तोपे छुड़ालई ऊ भग कै बादसाह के पास गयो मंदिर गिरवावो हमने बंद करा दए, कुंवार सुदी....1787 मऊ।

छत्रसाल का पत्र: जगत्राज के नाम

आपर मुनउवर खां से लड़ाई भई, धूमघाट में डंका बजावत भए, फौज लड़....आयो, बड़ी तेजी से लड़ाई भई, आखिरकार मुग़ल पठानन के ऊपर हमने खूब हथयार करो, मार के भगादयौ, सहर के भीतर घुस आये किले वै गोला लगाय..... वहां हमने नवे लाख.....फिर गुवालियर को लूटो....वैशाखसुदी 8 सं. 1787 मु. महेबा

पं. प्रतापनारायणसिंह ने वीर बुन्देले भाग-2 (विजय ही विजय) पृ. 24-29 में फिदाई खां से धूमघाट में हुए युद्ध का वर्णन (जनशक्ति की राजशक्ति पर विजय) में लिखा है:- ....धूमघाट की संकरी घाटी में जन सेना ने मोर्चा लगाया। झांसी से लगभग 34 मील की दूरी पर यह स्थान था।....फिदाई खां की फ़ौज ने घाटी में प्रवेश किया।....युवकों का शौर्य और पराक्रम तो देखने ही लायक था।....मुग़लों की प्रशिक्षित सेना को उन्होंने अच्छी तरह से मज़ा चखा दिया था। मुहानों पर खड़ी मौत को देखकर शत्रु प्राण बचाकर पीछे अन्दर लौटता तो बंदूकों से निकली गोलियां उनके सीने से आर पार हो जातीं। वे धराशायी हो जाते।....गाँव-गाँव में घूम-घूमकर धर्म की रक्षा हेतु सन्नद्ध होने को प्राणनाथ प्रभु ने जो चेतना जगाई थी यह उसी का था,

सुपरिणाम।..... बुन्देलखण्ड की धरती का ये सौभाग्य ही था की छत्रसाल ऐसे ठीक समय पर दक्षिण से वहां पहुँच गये थे।.....उन्होंने स्वाराज्य अभियान का बिगुल बजा दिया।

वास्तव में धूमघाट की पावन रज, मस्तक पर धारण करने योग्य है। इसकी माटी में देश प्रेम की सुगंध रची बसी है। बलिदानी वीरों की हुँकार कण-कण में समाई है। विजयी वीरों की किलकारियां घाटी की माटी में एवं उन्नत शिखरों में समाहित है।

पावन धूमघाट की रज-कण की खुशबू सारे जगत् में बिखरे, तभी सभी की धूमघाट के प्रति श्रद्धाएं साकार होगी।

प वर्ग

(प) पन्ना1, पराइछे, पटना, पहाड़ी, पनवारी, पवई, पहाड़िया (गढ़ी), पाली, पिछोर, पेछा परगना (बेंदाश), पैलानी, पथरिया,पुरन्दर, पुरइनिगांव,पृथ्वीपुर, पंचनदा (पचनद)।

पहाड़ी:- राजापुर और चित्रकूट के बीच एक गांव, (राजापुर के जमुना तट से 9 मील दक्षिण में स्थित) महाराजा छत्रसाल ने यहाँ मोरादखां को परास्त किया और कालिंजर दुर्ग पर जाकर विजयध्वज फहराया था, तभी से यह गांव कालिंजर विजय का प्रवेश द्वार कहा जाता है।

पनवारी:- (परगना) राठ-महोबा मार्ग पर राठ से 18 कि.मी. दूर स्थित, महाभारत काल में यह पान्डुपुरी कहलाती थी। महाराजा छत्रसाल ने महाप्रभु प्राणनाथ जी को साथ में लेकर वि.सं. 1743 (1686 A.D.) में यहीं से होकर दिग्विजय यात्रा की थी।

पंचनद:- जमुना, चंबल, कुंवारी, पहूज, और सिंधु नदियों का क्षेत्र है। यह स्थल अजीतमल के दक्षिण में, जनपद औरेया, इटावा एवं जालौन की सीमा पर विद्यमान है।

जमुना नदी में उक्त चारों नदियों का संगम हुआ है, अतैव इस क्षेत्र को पंचनद कहा जाता है। पंचनद क्षेत्र का पंचनदा (संगम स्थल) उ.प्र. का पौराणिक स्थल है। महाराजा छत्रसाल और महाप्रभु प्राणनाथ के गुनगान करते सन्त-साधु, परमहंस व तपस्वी जन यहां विचरण करते रहते हैं। सिद्ध पुरुषों की भी यही स्थली कही गयी है। पंचनद संगम के उत्तर में श्री राजाजनमेजय की यज्ञस्थली के अवशेष अद्द्यावधि विद्ध्मान हैं।

---

1. **पन्ना** (पद्मावती पुरी) पौराणिक नाम, इस पावन नगरी की स्थापना क्षत्रिय कुल शिरोमणि महाराजा छत्रसाल के सद्गुरु निष्कलंक बुध कल्कि अवतार श्री प्राणनाथ प्रभु द्वारा वि.सं. 1740 1682 A.D. में नवरात्रि के शुभ मुहूर्त में हुई थी। श्री प्राणनाथ प्रभु की संसद श्री गुम्मट जी का यह प्रथम निर्माण हुआ। इसी पावन संसद में संवत्

1740 को महाराजा छत्रसाल जी की 34 वी वर्षगांठ पर उनका राजतिलक महाराजा बुन्देलखण्ड पति के रुप में श्री प्राणनाथ प्रभु द्वारा किया गया था। सभी से पन्ना महाराजा छत्रसाल की राजधानी बनी। यही विराट ब्रह्मांड का मुक्ति पीठ स्थल है। इस नगरी के अनेकों नाम हैं यथा:- परना नगरी, श्री प्राणनाथ नगरी, हीरो की नगरी, मंदिरों की नगरी, फूलों की नगरी, झीलों की नगरी, पत्थरों की नगरी, घाटियों की नगरी, झरनों की नगरी आदि।

(फ) फतैपुर:- महाराजा छत्रसाल ने जसौंधी पर फतह करने के उपरान्त इस कस्बे को अपने अधीनस्थ किया था और थाना बैठाया था।

(ब) बनहुली, बडागांव जागीर, बड़ोंनी, बरुआसागर, बरहरा, बछ्लन सरेही, बंधरौना, वासा। बिरसिंघपुर, विंध्यवासिनी देवी।

बानपुर-: यहाँ के बुन्देली राजा अरिमर्दनसिंह का स्वतंत्रता आन्दोलन में नाम है।

बांदा:- झांसी-मानिकपुर रेलमार्ग पर झांसी से लगभग 193 कि.मी. दूर पूर्वोत्तर में स्थित एक नगर।

बिजौरी:- बिजौरी में अपने बड़े भाई रतनशाह से छत्रसाल जी ने कहा था–

दौर देस दिल्ली के जारौ, तमकि तेग तुरकन पर धारौ।

हम सेवा करि है अनुरागे, लड़ि हैं उमगि तिहारे आगो। (छत्रप्रकाश में)

बनहुली:- (परगना) बेतवा के तट पर स्थित एरच के समीपस्थ का एक कस्बा, जो पूर्व में एक परगना था। यह क्षेत्र सामरिक स्थल के रूप में महत्वपूर्ण रहा है।

बरुआ सागर:- झांसी जिले से 18 कि.मी. दूर, इसे बुन्देलखण्ड का शिमला होने का गौरव प्राप्त है। यहां की नैसर्गिक छटा अति रमणीय व मनोहारी है।

बासा:- सागर से 16 मील दक्षिण पश्चिम में स्थित एक जागीर, संवत् 1732 में महाराजा छत्रसाल ने यहां के जागीरदार केशवराज दागी को द्वंध युद्ध में मौत के घाट उतारकर उसके बड़े पुत्र विक्रमाजीत को जागीरदार बनाया था जो आजीवन उनका विश्वासी सेनापति रहा।

विरसिंघपुर :- (परगना) सतना में जैतवारा स्टेशन से 9 मील पूर्व में बसा कस्बा। महाराजा छत्रसाल ने यहां अनेकों स्थलों का जीर्णोद्धार कराया था।

विंध्यवासिनी देवी :- (मिर्जापुर जनपद में), बुन्देलों की आरायध्य देवी। बुन्देल वंश के जनक राजा पंचम ने इसी देवी के वरदान से खोया राज्य पाया।

(भ) भूरागढ़, भरोसा (परगना)

भदरबाड़ा :- यह झांसी-नौगंवा मार्ग पर मऊरानीपुर से पूर्व की ओर 20 कि.मी. दूर स्थित है।

भांडेर :- चिरगांव और दतिया के मध्य स्थित नगरी, जो चिरगांव से पश्चिम में 21 कि.मी. दूर पहुज नदी के पश्चिमी तट पर बसी एक पौराणिक नगरी है। महाराज चम्पतराय की ये जागीर रही थी, महाराजा छत्रसाल का थोड़ा बचपन यहाँ भी बीता है। यह प्राचीन मंदिरों की नगरी है, पहाड़ियों से तीन ओर से घिरी है। यहाँ पर

सोन तलैया तथा परमहंस स्वामी युगलदास की तपो भूमि (श्री कृष्ण प्रणामी: निजानन्द-सम्प्रदाय की धामी बगिया: श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) प्रसिद्ध है जिसमें उनकी चमत्कारपूर्ण समाधि भी है, वर्तमान में महन्त श्री 108 श्री गोपालदास महाराज परमज्ञानी विराजमान हैं। झाँसी की महारानी लक्ष्मी बाई के सद्गुरु परमहंस युगालदास जी थे, अतैव उनका आना-जाना यहां कालपी आते जाते समय होता था। 3 अप्रैल 1858 ई. को यहीं अंग्रेजों के सेनापति वाकर को रानी लक्ष्मी बाई ने घायल करके हराया था। उस समय बानपुर के राजा बुन्देला अरिमर्दनसिंह साथ में थे।

भूरागढ़:- महाराजा छत्रसाल के पौत्र गुमानसिंह ने 18वीं शताब्दी में इसका निर्माण कराया था। यहां की एक किवदंती के अनुसार-इस किले में अत्याधिक धन गढ़ा है।

(म), मऊ, मलदुआगांव, महौनी, मनियागढ़, मुंगावली, मंगलगढ़, महेवा, मडौनी, महराजपुर, मैहर, महोबा, महोन, मऊरानीपुर, मुगई (मुगावली परगना), मौदहा, मोरनगांव, मोटी गांव।

मसनेह :- झांसी जिले में गुरसराय के पास का एक गांव, यही महाराजा छत्रसाल का ममाना था।
मऊरानीपुर (परगना)**:-** झांसी से पूर्व में 65 किलोमीटर दूरी पर सुखनई नदी के पास बसा एक नगर, इसका प्राचीन नाम मधुपुरी है।

मऊ :- यहां निष्कलंक बुद्ध कल्कि अवतार महाप्रभु प्राणनाथ जी एवं महाराजा छत्रसाल का प्रथम मिलन संवत् 1739 (माघपूर्णिमा) को तिदुनी दरवाजे पर हुआ था। यह स्थल छत्रप्रकाश से उत्तर में 18 कि.मी. दूर है।

महेवा:- महेवा तीन है।

(i) **नूना महिवा:-** ओरछा नरेश महाराजा रूद्रप्रताप ने संवत् 1588 में अपने पुत्र राव उदयाजीत को महेवा (नुना) की जागीर दी थी। इनके प्रपौत्र चम्पतराय को संवत् 1685 में यहां बैठक मिली थी। महाराजा चम्पतराय के सुपुत्र छत्रसाल का जन्म नुना महेवा की ककर कंचनहार की पहाड़ी पर ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया: 1706 सोमवार (26 मई संन् 1649 ई।) को गोधूलि बेला में हुआ था। यह स्थान टीकमगढ़ जिले के परगना जतारा में स्थित है।

(ii) मऊ महेवा:- महाराजा चम्पतराय ने दूसरे महेवा की जो स्थापना की थी वह धुबेला ताल के सन्निकट बसा महेवा है, जिसे आजकल मऊ महेवा के नाम से जाना जाता है। चम्पतराय की समस्त गतिविधियां उनके उत्तरार्ध जीवन में यहीं घटीं। यह मऊ महेवा आजकल छत्रप्रकाश (म.प्र.) जिले में है। महाराजा छत्रसाल ने प्रारंभ

में अपनी सारी सैन्य गतिविधि इसी मऊ छेत्र (मऊ- सहानियां, मऊमहेवा, मऊ मुकरवा आदि) में की थी।

(iii) पन्ना महेवा:- पन्ना राजधानी के नजदीक भी एक महेवा गांव है, महाराजा छत्रसाल से संबंधित अनेक किवदंत्तियां यहां प्रचलित हैं।

महोबा:- (आल्हा ऊदल की नगरी), कानपुर सागर-मार्ग पर हमीरपुर से 85 किलोमीटर दूर दक्षिण की एक ऐतिहासिक नगरी।... आल्हा उदल को बसाओ आय, बनकी जाघा आया महोवे मैं रहत रहे हें, कबहूं नगर में आनकर रहत रहे हें, आ जाघा पै धन बहुत है, बघेलन सै हमनै ऊ परगनै फतै करै हैं, वहां तिहत्तर लाख कौ धन हमें मिलो हतो, वा हथियार मिले हते, ऊदर के घोड़े की करवारी सोने की मिली हती है मारे पास अबै है,....-- छत्रसाल का पत्र: जगतराज के नाम (वैशाख वदि 12 सं. 1786 मु. मऊ)

मलदुआ गाँव:- मंगलगढ़ के पूरब में स्थित एक छोटा-सा गांव, यहां की धरती से चंदेलकालीन बहत्तर करोड़ रजत और नौ लाख की स्वर्ण मुद्राएं महाराज कुं. जगतराज को गढ़ी हुई मिलीं थीं। इस गढ़े खजाने का रहस्य निम्न पहेली से खुला था।

ऊखर पूखर डीलन नाम, गुढ़ा पुन औ कुड़वारी।

मारहि ताहि मिलै नवलक्ष, बहत्तर कोटि गढ़ा भुवधारी॥

महौनी:- वि.सं. 1128 (1071 A.D.) में काशी नरेश वीरभद्र के पौत्र वीर का यहां राज्याभिषेक हुआ था। कालपी और कालिंजर भूभाग पर राजा वीर ने अधिकार करके सुदृढ़ बुन्देली राज्य स्थापित किया था।

मऊ-सहानियां:- छत्रप्रकाश के उत्तर में 11 मील दूर स्थित एक पूर्व कालीन छावनी नगर। वि.सं. 1728 (1671 A.D.) में इस नगर के आसपास के भूभाग को कई छोटी-बड़ी लड़ाइयों में जीतकर कुमार छत्रसाल ने 22 वर्ष की उम्र में यहां सर्वप्रथम आधिपत्य जमा कर स्वतंत्र बुन्देलखण्ड की नींव डाली थी। इसके आसपास का वृहद भूभाग मऊ क्षेत्र कहलाता है। मऊ-महेवा इसके अति समीपस्थ हैं।

मौदहा:- हमीरपुर से दक्षिण की ओर लगभग 50 कि.मी. दूर स्थित एक कस्बा। यहीं पर अनेकों युद्ध हुए हैं, महाराजा छत्रसाल ने दिलेर खां का यही वध किया था।

मोरनगांव:- मालवा राज्य के सहरा रियासत के नजदीक का एक गांव। इसी गांव के निकट चम्पतराय और रानी सारंधा ने धंधेरों के विश्वासघात से 6 नवंबर 1661 को वीरगति पायी थी। कुमार छत्रसाल इस समय साढ़े बारह वर्ष के थे।

मोटी:- मऊ महेवा के पास चार कि.मी. दूर छोटी सी पहाड़ी पर बसा एक गांव, यही संवत् 1644 में चम्पतराय का जन्म हुआ था। चम्पतराय ओरछा नरेश रूद्रप्रताप

के तीसरे पुत्र उदयाजीत के प्रपौत्र थे।

मंगलगढ़:- हमीरपुर-महोबा के मध्य चरखारी के पास स्थित। महाराजा पुत्र कुं. जगतराज की आवास स्थली; यहां का किला महाराजा छत्रसाल ने जीतकर कुं. जगतराज को संन्द कर दिया था, यहां का किला कालांतर में चरखारी किले के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मंगलगढ़ में महाराजा जगतराज को गढ़ा धन मिला था-जिसमें बहत्तर करोड़ रजत और नव लाख स्वर्ण मुद्राएं थीं। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य और प्रकाण्ड पंडित पुहुपशाह द्वारा जब इसकी सूचना महाराजा छत्रसाल जी को मिली थी, तब उन्होंने कुँवर जगतराज के अहं को फटकारते हुए कहा था--

धिक् धन मृतक ऊखारन हारे, बार-बार कहि भूप छतारे।

जो नर कोय मरा धन लेहि- लहे नहीं श्रेय सुलोक मझारी।

(जगतराज दिग्विजय)

महाराजा छत्रसाल ने स्वरचित कवित्त से अपने पुत्र कुँ जगतराज को आत्मबोध* दिया था एवं अपने सिद्धांतों का दिर्गदर्शन कराया था। यथा:---

जाहिं-भोगि भोगी होत, जन्म प्रति रोगी होत,

कुटुंब-वियोगी औ, अयोगी होत जानि के

जगत दिमान जू को पलटो प्रवीन लिख्यौ,

भूप छत्रसाल जू नैं, धर्म नीति छानि कै॥

ऐसे धन ख्वारी करै, जुबारी और लवारी करै।

चोर व्यभिचारी करै, त्यागौ याहिं मानि कै।

जो पै या कुबुद्धि हूँ सों, कुछ सिद्धि होय जाय,

फेरी न कुबुद्धि कीजै, याही उर आनि कै॥

(छत्रसाल-काव्यांजलि पृ. 42-43)

यरल

(र) राजगढ़, राजापुर, राठर, रामनगर3, रिऊआ, रीवा4, रेनवई एवं रामपुर,

---

1. **राजापुर:-** बांदा से उत्तर पूर्व में लगभग 38 किलोमीटर दूर यमुना तट पर बसा गांव जो गोस्वामी तुलसीदास की जन्म भूमि बताई जाती है। महाराजा छत्रसाल का आगमन यहां हुआ था।

राठ:- हमीरपुर से दक्षिण पश्चिम में 81 किलोमीटर की दूरी पर स्थित उत्तर भारत के पनवारी बिल रावा मार्ग पर बनवारी के निकट स्थित एक महाभारत कालीन नगरी इसे विराट नगरी कहा जाता है ऐसी मान्यताएं यहां के जनमानस की है। छत्रसाल कालीन समय में मुग़ल सेना इसी क्षेत्र में शिविर लगाकर महाराजा छत्रसाल के प्रमुख सैन्य शिविर मऊ सहानिया पर आक्रमण की योजना बनाती थी। बीसवीं शताब्दी में यह नगर स्वामी ब्रह्मानंद जी की कर्म भूमि एवं तपोस्थली रहा है। वि.सं. 1743 1686 मैं महाप्रभु प्राणनाथ जी महाराजा छत्रसाल की दिग्विजय विजय यात्रा में यहां पधारे थे। गड़ा धन अपने ऐश्वर्या के लिए उपयोग न करने के लिए आदेश दिया था। उसमें बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है।

रतनगढ़:- यह गांव कनेरा के शहीदों की जागीर में था। यहां की जागीर जहां को महाराजा छत्रसाल जूदेव ने दी थी।

राजगढ़:- पन्ना से 14 मील दूर पश्चिम में स्थित एक नगर। बहलोल खां 1737 अक्टूबर 1680 मैं इसे आ गिरा था नकली छत्रसाल किले के अंदर से और असली छत्रसाल किले के बाहर से बहलोल खां की सेना पर धावे बोल रहे थे। बेचारा बहलोल खां मौत के घाट उतार दिया गया था।

(ल) ललितपुर झांसी से 84 किलोमीटर दक्षिण में स्थित एक नगर।

लखना ली महाराजा छत्रसाल ने लख नाली में अपना थाना स्थापित किया था।

वीर गढ़ कालिंजर का दुर्ग जीतने के बाद महाराजा छत्रसाल ने वीर गढ़ की घाटी में ठहर कर इस क्षेत्र की समूची मुग़ल सेना मार भगाई थी।

(स) सहरा (सहारा) शहडोल सागर सावर चल हट के जंगल सिवनी सिरोंज सीताबाड़ी शिंदे चंदन परगना तितली सुहावल सोनगरा से उरई सौहारापुर शाहगढ़ और शादीपुर।

सालहट के जंगल:- तृतीय बंगश युद्ध (संवत् 1783-84) में कुंवर जगतराज ने साला हटके जंगल में मोर्चा लगाकर हाथी खां को भयंकर मार दी थी। अतैवयह भूमि भी पावन बन गई।

सागर:- बुन्देलखण्ड का दक्षिणी शहर, यहां मुगलों को रौंदकर खाली को पराजित कर महाराजा छत्रसाल ने अपना विजय ध्वज फहराया था।

सावर:- पश्चिमी बुन्देलखण्ड का वह ग्राम, जहां छत्रसाल ने दूल्हा वेश में मुग़ल सेनापति तहब्बर खां को भयानक मार देकर रौंदा था बेचारा किसी तरह बचकर ग्वालियर जाकर छिपा था।

दूल्हे ने मंडप गमन किया तवर ने नगर को आ घेरा।

दुलहिन की माला पहन वीर रणमरू को आ घेरा॥

निजी सिर पर हाथ रखे भागी तह तहब्बर खां बची कुची सेना॥

विजयी छत्ता सावर पहुंचे जनलोक बिछाए थे नैना॥

वीर भक्त चम्पत छात्र पृष्ठ 198

सिरोंज:- मालवा का एक अति समृद्धि शाली नगर महाराजा छत्रसाल ने यहां

---

2. **रामनगर:-** जमुना नदी के तट पर बांदा जिले के निकट बसा एक गांव है इसी के निकट रचन रायसेन महाराजा छत्रसाल कोटेश्वर खाके संवत् 1735 में भयंकर मुठभेड़ हुई थी।
3. **रीवा:-** महाराजा छत्रसाल के युवराज कुंवर हृदयशाह ने मझली मां से रुष्ट होकर रीवा पर विजय प्राप्त की थी। बुन्देली दरवाजा इस विजय का विजय स्तंभ अब भी विद्यमान है। महाराजा छत्रसाल के कहने पर वह रीवा राज्य वापस करके परना (पन्ना) लौट आए थे।

मुहम्मद खां और मु. आसिम को परास्त कर अधिकार किया था।

सीताबाड़ी-- मोरंग गांव के निकट का एक गांव वीरगति होने के पूर्व ही यहां के पुजारी को कुछ द्रव्य देकर चम्पतराय और रानी सारंधा ने गुप्त रूप से रहने की व्यवस्था बनाई थी।

सुहावल राठ महोबा मार्ग पर कुलपहाड़ से पश्चिम की ओर 3 किलोमीटर की दूरी पर यह गांव स्थित है। इसी गांव में नोनी अर्जुनसिंह चरखारी के सेनापति का संवत् अट्ठारह सौ में जन्म हुआ था। इनकी बहादुरी की एक लोकोक्ति निम्न प्रकार है--

नो से सपेरा के एक के अनी छोड़ गए बेनी अट्ठारह फनी।

(श) शाहगढ़ महाराजा छत्रसाल को धर्म कर्म से अपना आदर्श मानने वाले प्रथम स्वतंत्रता के संग्राम के महा सेनानी राजा वक्त बली जू देव इसी नगर के राजा थे। इन का राज दरबार प्रणामी संतोष से सुशोभित हुआ करता था।

ह हमीरपुर बुन्देलखण्ड का नूतन प्रवेश द्वार तथा प्रमुख ऐतिहासिक स्थल जो कानपुर सागर राजमार्ग पर यमुना और बेतवा के संगम तट पर स्थित है। दो विशाल नदियों का संगम होने के कारण यह पौराणिक स्थान भी माना जाता है।

हनुटेक वह नगरी जिस के निकट महाराज छत्रसाल का रूमी सेना से भयंकर युद्ध हुआ था। इस युद्ध में परिहारो की सेना ने बढ़ चढ़कर भाग लिया था। भूमि सेना तहस-नहस हुई थी और वह जान बचाकर भागा था।

जबसिंह गर्जना बुन्देली कल्याण शाह परिहारो की।

नहीं बचा एक दिन ढलते, रूद्र क्रुद्ध माला।

विजय 1 सत्र साल आए तब हनु टेक शुभ नगरी में॥

(वीर चम्पत भक्त छत्र पृष्ठ 156)

द्वितीय खण्ड

तत्कालीन समय में लिखे गए पत्रों से महाराजा छत्रसाल जी की गतिविधियों पर व्यापक प्रकाश पड़ता है। गांव कस्बे और नगर आदि का प्रमाणिक उल्लेख इन में विद्यमान है। बुन्देलखण्ड की अचल धरोहर के द्वितीय खण्ड में इन पत्रों को अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है।

---

*इस घटना से स्पष्ट होता है की महाराजा छत्रसाल के पास तोपों का विशाल भंडार था। विभिन्न जागीरो को प्रचुर मात्रा में तो पे हिस्से में मिली हुई थी।

1. छत्रसाल का पत्र जगतराज के नाम (इतिहास संबंधी चर्चा)

.... जो अमुआ पर गन्ने में 84 हैं मौजों ककरेड़ी को नगर कहावत दाग में है 4 कोस मैं येक जगह बनी है वाह क्या हुआ है वन वन में साइन करें डरी हैं डरी हैं शो गांव की को बसा वो आए को राहत रहे हैं? जो पर अग्नि बचपन से ही है चंदेली राज आए आल्हा उदल को बसायो आए महोबे में

राहत रहे हैं कब हों नगर में ऑन कर रहत रहे हैं आज आगा पर धन बहुत है बघेल अन से हमने ऊपर अगर नहीं पता करे हैं उदर घोड़े की सवारी सोने की मिली हती हमारे पास अबे है वाह हत्यार हैं वैशाख बदी 12 संवत् 1786 मुकाम मऊ

2. छत्रसाल का पत्र जगतराज के नाम (इतिहास संबंधी चर्चा)

...कै जो **विरसिंघपुर** में महादेव डोमूनाथ है....ताकौ वासदेव चन्देल ने बनवायौ संवत् चउदा सै बीस (1420) के साल के ऊपर और वनही ने तालाब वनवायो है, वा महादेव पधारे नहीं गये, धरती से महादेव निकरै हैं, राजा वीरभद्र के बखत में महादेव कड़े हैं..... फिर बघेलन से ऊ परगनो रही अपनी जपती करी और तला को घाट हमारी बनवायौ आए, दिवाले के आगे को दहलान हमारी बनवाई आए,--- कुंवार सुदि 9 सं. 1788 मु. मऊ.

3. छत्रसाल का पत्र जगतराज के नाम (विद्रोह-काल के प्रारम्भिक अनुभव)

.....आपर औरगंज़ेब बादशाह से संवत् 1728 की साल में लड़ाई, **मऊ** से चले **ओरछे** को गए वहां राजा सुजानसिंह से लड़ाई की सलाह करी, फिर बलदाऊ के पास **बगदा** गए, वन से सलाह लई, वे हमारे संग में भए और अच्छे सूरबीर ठाकुर हमारे संग में हते. फिर रतनसाह के येंगर **बिजौली** गए रही, रतनसाह ना आए हमें सपनो आयौ कै तुम लडों तुमारी फतै है **(औंडेर)** हम गए खां से हमसे भेंट भई और कही कै हम तुम्हारे संग चलहैं...बड़ी लड़ाई भई, मुग़ल सब हार गए बादसाह के यहां जाहर भई छत्रसाल ने फते पाई.... (अपूर्ण---...)

4. **छत्रसाल का पत्र : जगतराज के नाम**

.....आपर हमने बादशाह से फते पाई वा मुग़लन को मारो, हमारी और मन बढ़ई भई,**(सेउरई को)** हम गए, वहां खूब गाँव लूटे व जैत पटेल बड़ी नामी हतो ऊको पकर लयो, फिर वहां **पथरिया** लूटी, **लखनाली** लूटी और गांव लूटत...मऊ को जात हते, सो **खालिक धामौनी** फौज लेके आ गयो, हमने उसे लड़ाई करी, **धामौनी फतै** करी वा अपनो थानो जमायो फिर **(चंदरापुर)** को गए, वहां केऊ लाख को धन पायो, थानो बैठारो, **मैहर** में थाना जमाओ, चार पांच लाख को धन लयो, मऊ को चले आए---फागुन बदि 30 सं. 1787 मऊ---

5. **छत्रसाल का पत्र : जगतराज के नाम**

... आपर मुनऊवर खां से लड़ाई भई, धूमघाट में बजावत भए,...मार के भगादयो, सहर के भीतर घुस आये किले पै गोला लगाय...वहां हमने नवे लाख.....**गुवालियर** को लूटो, वहां बहुत

सा धन मिलो, वा जवाहिर बहुत मिलो, फिर....**पथरिया** को लूटो हटा **दमोह** इन सब लूटो (बैशाख सुदी 8 संवत् 1788 मुकाम महेवा)

6. **छत्रसाल का पत्र : जगतराज के नाम**

मुनउवर खां व बहादुर खां ने जहांगीर (औरंगज़ेब से अभिप्राय) बादशाह को खबर दई कै छत्रसाल बड़े चुपचीर कर रहै है, जहां जात है, सूबा वा राजन को बड़ी हैरान करै है...जहां देखौ तहां छत्रसाल की फौज फिरत है, वा खुवा लेत फिरत हैं, हम **कोटरा** में हते... बादसाह ने रनदूलह को पठवायो व बहुत से सूबा वा राजन की फौज जोर कै...पनचानबे हजार से कम फौज नाइ रहै, तोपें बगैरा बहुत हती...वहां हमारी बनकी लड़ाई भई, रनदूला हार के भाग गयो वा फौज भागी, फिर अपनी जीत को डंका बजाओ, **कोटरा** जपत करो, फिर वहां से चले **रतनगढ़** को लूटो, वहां से **धामौनी** को गए, वहां की फतै करी, फिर **जतहारा**... बहुत से गांव लूटे व **धानेज मौ** व फिर **महेवा** चले आये----(वैशाख सुदि 11 संवत् 1787 मु. महेवा)

7. **छत्रसाल का पत्र : जगतराज के नाम**

...आपर तुहब्बर खां से लड़ाई भई, बादशाह ने उनको पठवाबो (रामनगर ?) मैं लड़ाई भई, वन के साथ बहुत फौज हती, आखरस मैं वन को मार के भगादयो, फिर तिसरी बखत धामौनी लड़बे को गए, वहां फते को डंका बजावो, फिर कालिंजर के फते करत **वीरगड** को आए, वते (इतने) में घाटी को बड़ो बंदोबस्त करे हते के कड़न न पावे हम ना माने, लड़ाई करन लगे। घाटी के ऊपर लड़ाई भई, वन से फतै करके चले आए, पटना जारो व अपनो दखल करो, तुहवरखां की सुनी कै लड़ने को आवत है...हमारी फतै भई, वहां से चलकै **सागर** की फतह करी वा **एरच** बहुत से **बड़े बड़े सहर** हमने दखल में करे, **बहुत थाने** बैठारे, ई लड़ाई में बहुत धन मिलो, **वा जलालपुर** में पैंतीस लाख को धन मिलो वा तैंतीस लाख की जाघा की फतै करी फिर हम मऊ को चले आए, (जेठ बदि 7 संवत् 1787 मु. महेवा)

8. **छत्रसाल का पत्र : जगतराज के नाम**

....आपर मऊ से हम लड़ाई कर बे को चले, एक किरोर की जाघा हमारी हो गई, कछु और हो जाती तो अच्छी हती...फौज ऊके (मिर्जासदरूद्दीन) पास जमा भई, एक लाख के भीतर फौज ऊके रहै, मिराज,...(चौथ ?) मंजूर ना करी...भियंकर लड़ाई भई, फौज ऊकी भागी....मिरजा के फौज को मारो, बा बड़े बड़े सूरवीर मिरजा के मारे हमारे

घाव आए रही मिरजा की हार भई... चौथ* लैके छोड़ दयो, कूच के नगारे बजावत गांव लूटत अपनो दखल करत **चित्रकूट** को आए, **नरसिंह गढ़**, पहला तोड़ा लियो हटो, जब हमने डेरा करो

हतो, फिर **एरच** टोरो वा **कालपी** टोरी, कोटरा को आये, वहां लतीफ़ से भयंकर लड़ाई भई, लतीफ मारो गओ, फिर पचीस तीस गांव के मवासी से युद्ध**, मवासी सब हारे...मवासी को लेकर मऊ को आए...----आषाढ़ सुदि 12 संवत् 1708 मु. मऊ---

9. **छत्रसाल का पत्र : जगतराज के नाम**

...आपर जसौंधी के जसौंधीया बड़े, जबरदस्त हते, सो बनसे...**पुरईनिगांव** वारन से बड़ी लड़ाई भई, सब हार गये...हमने अपना कबजा करो, **फतैपुर उदयपुर** की फतै करी, सरीप्रद से लड़ाई भई,लोहागढ़ को टोरौ....सहडोल की फतै करी, थाने **जयपुरी** लड़ाई में पांच सै गांव की फतै करी...

10. **छत्रसाल का पत्र : जगतराज के नाम**

...आपर अब्दुल समद से लड़ाई भई...अब्दुल समद को मार के भगादयो...**भीलसा** में आग लगाई व लूट लयो...बहलोद खां को मूड़ काट लयो...कुटरो जपत करो जसो सुहावल में अपनो कब्जो करौ व मोघा लूटो...---कुटरो जपत करो जसो सुहावल में अपनो कब्जो करौ व मोधा लूटो...---आषाढ़ बदि 10 संवत् 1788 मु. मऊ

उपसंहार

सामान्यतया बुन्देलखण्ड को निम्न लोकोक्ति के माध्यम से सुगमता पूर्वक हृदयम किया जा सकता है

इसजमुना उत्तर नर्मदा इत चंबल टोन।

छत्रसाल सोलंकी रही न काहू हो॥

ऐसे विस्तृत बुन्देलखण्ड में लाखों गांव हजारों कस्बे एवं सैकड़ों नगर विद्यमान है। विंध्यांचल पर्वतमाला की यत्र तत्र सर्वत्र बिक्री व 1 अप्रैल से करें बुन्देलखण्ड की विजय पताका आए हैं। कल-कल करती नदियां और झरने प्रेरणा के अविरल प्रोत हैं खेतों में पहाड़ों पर उपजे अवैध वृक्ष जनमानस की आजीविका के साधन हैं। हीरो की खाने एवं पत्थरों के भंडार यहां की विपुल संप्रदाय हैं।

उत्तर एवं दक्षिण मैं क्रमशः यमुना एवं नर्मदा नदी से गिरे बुन्देलखण्ड भूभाग को

चौथ:- महाराजा छत्रसाल ने कुंवर जगतराज को चौथ की जानकारी निम्न प्रकार दी थी जा समझी के चौथ का कहावत है ता को जितने के माल की रियासत हुए उमा के 14 वां हिस्सा हम लेट खाते जहां लोग हो सके कहां लो। आधुनिक काल में इसका अर्थ है---दण्ड (टैक्स)।

**ये लड़ाई संवत् 1733 में हुई।

कालपी-भोपाल राजमार्ग (लखनऊ भोपाल रेलमार्ग) एवं केन नदी क्रमशः पूर्वी, मध्य एवं पश्चिमी तीन भागों को विभक्त करती है।

केन नदी का वर्णन पुराण संहिता से भी आया है यथा:---

पद्मावती केन सरदे, विंध्यपृष्ठे विराजिता।

इन्दिरा नाम सा देवी, भविष्यति कलौयुगे॥

अर्थात के नदी के पूर्व में विंध्याचल पर्वत की मालाओं के ऊपर पद्मावती नाम की एक दिव्य पूरी स्थापित होगी जहां पर आने वाले कलियुग में इंदिरा* नाम की धर्मात्मा (देवी) का प्राकट्य होगा।

पद्मावती पुरी का वर्णन श्रीमद्भागवत महापुराण में भी आया है। यथा:--

प्रजाश्चाब्रह्मभूयिष्ठा: स्थापयिष्यति दुर्मति:।

वीर्यवान् क्षत्रमुत्साद्य पद्मवत्यां स वै पुरि।

अनुगङ्गमाप्रयागं गुप्तां भोक्ष्यति मेदिनीम् ॥ 12/1/37॥

अर्थात अवतरित चंद आधार छत्रसाल नामक वीर्य वनराजा दुरमति शुद्ध मानसिकता वाले राजाओं को उखाड़ फेंके गा तथा ब्राह्मण क्षत्रिय व धर्म निष्ठा प्रजा की रक्षा करेगा और वह पद्मावती पुरी को राजधानी बनाकर नर्मदा से लेकर यमुना प्रयाग पर्यंत सुरक्षित पृथ्वी बुन्देलखण्ड का राज्य भागेगा।

इस पावन बुन्देलखण्ड एवं महाराजा छत्रसाल के संबंध में तत्कालीन समय में अवतरित महान दिव्य अपौरुषेय ग्रंथ श्री मुखवाणी-तारतम सागर में उल्लेख आया है यथा:--

तिन अच्छी से ठौर अच्छी, जाय कहिए हिन्दुस्तान1।

जहां मेहेदी-महंमद2 आय के, जाहेर किया फुरमान3॥5॥

(संन्न्ध प्र.13)

इन महंमद4 के दीन में, जो ल्यावेगा ईमान।

छत्रसाल5 तिन ऊपर, तन मन धन कुरवान॥19॥ (किरन्तन प्र. 118)

जिस प्रकार से अवध में श्री राम लक्ष्मण ब्रज में श्री कृष्ण बलराम का महत्व में है उसी प्रकार से बुन्देलखण्ड में श्री प्राणनाथ कल की छत्रसाल का महत्व में है।

निष्कलंक प्रभु कल्कि अवतार श्री प्राणनाथ जी का दिव्य कलेवर इंदिरा नामक इसी भ्रम आत्मा पर था।

1. बुन्देलखण्ड
2. अक्षरा अतीत परब्रह्म श्री प्राणनाथ जी
3. ब्रह्मविद्या राज विद्या ब्रह्म ज्ञान
4. महाराजा छत्रसाल के सद्गुरु महाप्रभु प्राणनाथ जी
5. बुन्देल पति छत्रसाल महाराजा
6. जगदा धार अवतार

अतैव बुन्देलखण्ड का नाम जीवा पर आते ही महाराजा छत्रसाल का नाम अनायास ही मस्तिष्क में घूम जाता है। वस्तुत है बुन्देलखण्ड भूमि के कण-कण में महाराज छत्रसाल व्याप्त है तभी तो प्रातः जागने पर यहां के निवासियों के मुख से **छत्रसाल महाबली करियो भली भली** का मंत्र प्रस्फुटित होता है।

बुन्देलखण्ड का धरातल विविधता पूर्ण है कहीं समतल कहीं उबड़ खाबड़ और कहीं तो शैल शिखरों से आच्छादित है। भारत माता का यह वक्त स्थल समूची दुनिया के वैभव समेटे हुए हैं पुलिस यहां शैल शिखरों के मध्य नीति और समतल श्यामल वह गौरांग धरा है जिस पर मनोहारी जिले एवं सरोवर हैं। यहां की पहाड़ियां कोमल व कठोर पत्थरों का भंडार होने के कारण दुर्गों के लो महलों घरों के निर्माण में सहायक हैं। इस भूमि का नैसर्गिक सौंदर्य सभी को लुभा रहा है इसी कारण से यहां पर्यटन केंद्र सुंदर मंदिर राज महल व किले दर्शनार्थियों को आकर्षित करते हैं। त्यागी तपस्वी वसंत जनों को भी इसी भूमि ने बहुत आकर्षित किया है। इस भूमि में ज्ञानी विज्ञानी दानवीर रणवीर रणबांकुरे एवं मातृभूमि की सेवा में निछावर होने वाले अनगिनत पुरुष पैदा हुए हैं। जिससे बुन्देलखण्ड भूमि का माथा सदैव गौरव गरिमा से महामंडल रहा है।

अस्तु वंदनीय है बुन्देलखण्ड और वंदनीय हैं महाराजा छत्रसाल।

(i) चम्मत भूप्तेस्सूनं,विजयीध्वजधारिणम। सुसौम्य कालजयी महासुबल विक्रमम॥

अश्वारूढ़ महतनूं शत्रु सैन्यविदारिणम। जगदाधारं बुन्देलसिंह (तं) छत्रसालं नमाम्यहम॥

(ii) सकुंडल शोभा दई, प्रगट भई पहिचान।

छत्रसाल छत्ता हुआ, छिपे सबे सुलतान॥

श्री राजीव परमात्मने नमः

युगप्रवर्तक महाराजा छत्रसाल

(2)

बुन्देलवंश परिचय

विराट ब्राह्मण का उद्‌भव भगवान अक्षर ब्रह्म की क्रीड़ा भावना का कारण है। ब्रह्मांड संसार में मनु एवं शतरूपा से संसार सृष्टि की अभिवृद्‌धि हुई है जिसमें सूर्यवंश का विशेष योगदान है सूर्यवंशी क्षत्रिय से बुन्देलवंश उदित हुआ है जिनकी बुन्देल भूभाग पर यशस्वी पताका फ्राई है। बुन्देलवंश के परिचय हेतु प्रस्तुत अनुभाग एक प्रयास है।

श्री राज परमात्मने नमः

2

बुन्देलवंश परिचय

प्रस्तावना

सृष्टि रचना का क्रम अनंत काल से चला आ रहा है जिसके उदय और ले दो पहलू हैं। पर ब्रह्म सच्चिदानंद अनंत और अद्वैत स्वरूप हैं जबकि जगत असद जल दुख सीमित और द्वैत रूप हैं। परब्रह्म परमात्मा की लीलाएं मनुष्य बुद्धि से अतीत होती हैं परंतु मानव सृष्टि जगत की अमूल्य एवं अनुपम नदी है। मानव उस पर ब्रह्म परमात्मा की खोज में आरंभ काल से ही है।

भक्तजनों उत्तम जीवन की पुकार परमात्मा तक पहुंचते हैं। परब्रह्म लीलाओं का रसपान कर भक्त हृदय परमानंद में मगन हो जाता है परमात्मा के ऐसे भक्तों का सानिध्य जिस किसी को मिल जाता है वह लौकिक और पारलौकिक आनंद को प्राप्त कर लेता है।

गीता सद ग्रंथ में श्रीकृष्ण ने संसार में दो पुरुष बताए हैं एक नाशवान सर पुरुष दूसरा अविनाशी अक्षर तथा नित्य अखण्ड अविनाशी उत्तम पुरुष पुरुषोत्तम अक्षरा अतीत परब्रह्म इनसे अन्य कहा है। अक्षरा टी परब्रह्म परमात्मा ने अपने अनुभूत प्रयोग और अक्षर ब्रह्म को तमाचा है जगत लीला और निजी लीला दिखाने के लिए सत और इच्छा का आवरण डालकर सृष्टि रचना का उपक्रम रचा है। अक्षर ब्रह्म के द्वारा संसार की रचना हुई और अनंत काल से चल रही सृष्टि रचना का विशिष्ट व्यवहार आगे बढ़ा। वर्ष और युग बिकने लगे। मनु महाराज और शतरूपा द्वारा सृष्टि रचना का क्रम विस्तीर्ण हुआ। सतयुग त्रेता और द्वापर व्यतीत हुए जिनमें सतयुग से सूर्यवंश का श्रेष्ठ बुद्ध हुआ। इस श्रेष्ठ क्षत्रिय वंश में अनेकों महा प्रतापी राजा हुए। इक्ष्वाकु, खुशी रिपुंजय कौस्तुभ हरि वह अनीता वशिष्ठ राव प्रतिभा विश्व संधि चंद्रभान भद्रावती युवराज फ्लावर्स दशक ब्रदर्स कव्वाली आशु धनुष प्रमोद हर्ष निकुंभ बरहम कुशासंन् प्रसेनजीत जुगनू मांधाता पूर्व कृत्य संभोग अरण्य ब्रदर्स तू भविष्य वसुमना

---

1. द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च।

क्षर: सर्वाणि भूतानि कूटस्थोक्षर उच्यते॥ (15/16, गीता)

उत्तम: पुरुषस्त्वन्य: पर्मात्मेत्युदाहत:। (16/16, गीता)

यस्मात्क्षरमतीतोहमक्षरादपि चोत्तम:॥(17/16, गीता)

त्रिधन्वा, तृस्यररुण, सत्यव्रत, हरिश्चंद्र, रोहितआवास, हरित चंपक विजय भरूच ब्रिक सुबह सागर असमंजस अंशुमान दिलीप प्रथम भगीरथ श्रुतिसिंह ना भाग अंबरीश सिंधु दीप आयु आयु ऋतु वर्णन सब काम सुदाम सौदाम अस्मत पुलक नारी कवच दशरथ चतरथ एडमिट बृजेश शर्मा विश्व विश्व छठ बांग दीर्घायु सुदर्शन दिलीप दूसरे रघु प्रस्ताव आज दशरथ अभिनंदन और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम। श्री राम जी के कुछ और लव दो पुत्र हुए कुछ द्वारा कुशवंशी और लव द्वारा लव वंश चला

गहिरवंशीय क्षत्रिय

भगवान श्री राम के पुत्रों कुश और लव के द्वारा वृद्धि पाए क्षत्रियों का विस्तार वट वृक्ष के समान है। कुशवंशी क्षत्रियों में आगे चलकर अनेक वंश प्रसिद्ध हुए। जिनमें गहिर वंश भी अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सातवीं शताब्दी में गहिर वंशीय एक प्रसिद्ध नरेश काशी में हुए जिनका नाम कृत्तुराज था, जिन्हौंने काशी पर वि.सं. 731 से 783 वि.सं. (674-726 A.D.) तक राज्य किया, तत्पश्चात इनके पुत्र गहिरदेव वि.सं. 783-740 वि.सं. (726--783 A.D.) तक न्यायधीश राजा हुए। इनके पश्चात विमलचंद्र, [840-887 (783-830 A.D.)], नाहूंचंद, [887-931 वि.सं. (830-874 A.D.)], गोपीचन्द्र, [931-951 वि.सं. (874-894 A.D.)], गोविंद चन्द्र, [951-1011 वि.सं. (894-954 A.D.)], टिहुनपाल, [1011-1027 वि.सं. (954-970 A.D.)], विंध्यराज, [1027-1052 वि.सं. (970-995 A.D.)], विंध्यदेव, [1052-1068 वि.सं. (995-1011 A.D.)], अर्जुनवम्मरन, [1068-1080 वि.सं. (1011-1023 A.D.)], हेमकरण तथा वीरभाद्र, [1080-1105 वि.सं. (1023-1048 A.D.)], काशी के राजा हुए।

वस्तुतः कन्नौज पर लंबे समय से अहिरवार क्षत्रियों का शासंन् रहा था इसी की एक शाखा तीर्थराज काशी पहुंची थी और वि.सं. 731 (संन् 674) मैं श्री विहंगराज के पराक्रमी पुत्र ऋतुराज ही हेलोकाशी नरेश हुए थे। काशी के इन रेशों को काश ईश्वर कहा जाता था। इन्हीं की 18वीं पीढ़ी में खेमकरण यशस्वी राजा हुए इनके पुत्र परम प्रतापी वीरभद्र हुए। इन्होंने अपने छोटे पुत्र पंचम को काशी का आधा राज्य दिया था। पिता के मरने के बाद पंचम के अग्रज चारों भाई जनों ने उनका राज्य छीन लिया था। निराश पंचम विंध्याचल की तरफ चले आए उबड़ खाबड़ एवं निर्जन जंगल में भटकते रहे और पर्वत मालाओं के बीच सुरक्षित जगह में बस कर विंध्यवासिनी देवी की घोर तपस्या करने लगे। विंध्याचल सेल पर तब करते-करते पंचम को काफी समय बीत गया। एक दिवस पंचम को आकाशवाणी सुनाई दी जिसका आश्चर्य था बूंद ला अर्थात (पंचम)

1. विंध्य शैल = विंध्य + शैल = विंध्य + श + (श) + ऐल = विंध्येल = विंध्येल + आ = विंध्येला = विन्धेला = बुन्देला:

यदि तुम मुझे प्रसन्न करना चाहते हो तो अपनी गर्दन काट कर खून की मुझ पर बूंदे लाओ चढ़ाव ऐसा सुनते ही पंचम ने अपनी तलवार जिओ ही गर्दन पर चलाएं तभी फिर आकाशवाणी हुई ठहरो पंचम ठहरो तब एक तलवार गर्दन को छू गई और खून की बूंदे देवी के श्री चरणों में टपकने लगी। देवी प्रकट हो गई कहने लगी बस तेरी मनोकामना पूरी होगी धीरज धरो 13 पुत्र ही तेरे सपने को साकार करेगा और आगे भविष्य में पृथ्वी का भार धारण करने शेषनाग के स्वामी धर्म रक्षक पृथ्वी पालक भगवान श्री शेष नारायण भी तेरे कोल में अवतरित होकर पवित्र करेंगे। चिंता मत कर मैं सदा तेरे कुल की रक्षा करूंगी कल्कि अवतार भी तुम्हारे कुल पर असीम अनुकंपा करेंगे। वक्त धैर्य धारण करो। विंध्यवासिनी देवी की कृपा से पंचम बुन्देला कहे जाने लगे।

बुन्देला वंश

देवी विंध्यवासिनी की आशीष से गहीर वंशीय पंचम से बुन्देला वर्ल्ड चला। कालांतर में इन्हीं पंचम वंशीधर बुंदेलों ने जिस भूभाग पर राज्य किया उसे बुन्देलखण्ड के नाम से ख्याति मिली। इन से पहले इस भू-भाग पर शिशुपाल का राज्य रहा। भरथरी भरथरी राजा ने यहीं पर शासंन् करते हुए वैराग्य धारण किया था। कालांतर में यहां विक्रमादित्य नाग कटवाए परिहार और चंदेल वंश दलों ने भी शासंन् किया था। 11 वीं शताब्दी से यह भूभाग गहिर वंशी बुंदेलों क्षत्रियों के अधीन हो गया था।

प्रथम राजधानी महौनी जगम्मनपुर

देवी के वरदान से पंचम को खोया सम्मान धीरे-धीरे मिलने लगा। इनके पुत्र वीर ने जगमनपुर पंचनाथ चंबल घाटी के पूर्वांचल के समीप एक युवक सेनापति सत्ता रखा को विक्रमी संवत् 1128 में 1071 में परास्त कर कालपी कालिंजर आदि स्थान इन लिए और राजा बन गए और मलेश राज्य का अंत कर दिया। महौनी में पंचम पुत्र वीर का राज्याभिषेक बड़ी धूमधाम से हुआ। वस्तुतः राजा वीर ही बुन्देलखण्ड की स्वतंत्रता के जनक हैं। वीर बुन्देला का राजतिलक समग्र बुन्देल भूमि में एक महान पर्व के रूप में काफी दिनों तक माना जाता रहा। गलत है बुन्देलखण्ड में आज भी जो वीरता दिखलाता है उसे वीर बुन्देला के रूप में सम्मान मिलता है धन्य है राजा वीर की स्मृति का यह स्वरूप।

2. भगवान शेषनारायण महाराजा छत्रसाल में समाहित थे। जिस प्रकार ब्रिज बिहारी कृष्ण में विष्णु समाहित थे।

3. कल्कि अवतार श्री प्राणनाथ जी की असीम अनुकंपा छत्रसाल पर थी।

4. बुन्देला: बुन्दे + ला = बुन्देला = बुन्देला:

महौनी बुन्देलाराजाओं की लगभग 180 वर्ष तक राजधानी रही, जिसमें करनपाल [वि.सं. 931 (874 A.D.) से], किन्नरशाह, [वि.सं. 1169 (1112 A.D.)], शैनक [वि.सं.1187 (1130 A.D.) से], नानक देव [वि.सं. 1209 (1152 A.D.)], मोहन पाल (1216 A.D.) से], अभयभूपति (1254 A.D.) से], अर्जुनपाल [वि.सं. 1272 (1159 A.D.)], से और वीरपाल [वि.सं. 931से1308 (1241-1251 A.D. तक)], राजा रहे। बुन्देलखण्ड के समग्र भूभाग की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप राजा वीरपाल ने राजधानी परिवर्तित करने के लिए अन्य स्थानों की खोज प्रारंभ की।

दूसरी राजधानी गढ़कुंडार में

राजा वीरपाल ने गढ़कुंडार में होनी के स्थान पर राजधानी की नींव डाली जिसमें प्रथम राजा सोहनपाल ने [वि.सं. 1308से1316 तक (1251-1259 A.D.)], राज्य किया तत्पश्चात राजा सहजेंद्र [वि.सं. 1316 (1259 A.D.) से], नानक देव [वि.सं. 1340 (1283 A.D.) से], पृथ्वीराज [वि.सं. 1364 (1307 A.D.) से], रामराज [वि.सं. 1396 (1339 A.D.) से], मेदिनीपाल [वि.सं. 1441 (1384 A.D.) से], अर्जुन देव (1494 A.D.) से], मलखानसिंह [वि.सं. 1525 से 1558 (1468-1501A.D.) तक], तक और राजा रूद्रप्रताप वि.सं. 1558 (1501 A.D.), में गढ़कुंडार के शासक हुए थे।

राजा मलखांसिंह ने अपने पराक्रम से चन्देरी और भेजता का प्रांत मुसलमान शासकों से छीन कर अपने गढ़कुंडार राज्य के अधीन कर लिया था। उन्होंने वि.सं. 1539 (1482 A.D.) में बहलोल लोदी को युद्ध में पराजित करके एक विशाल भूभाग छीना था इन्हें रितु खण्डन भी कहते हैं। इनके पश्चात राजा रुद्र प्रताप शासक हुए। इन्होंने गढ़कुंडार से राजधानी बदलने के उद्देश्य से नए स्थान की खोज प्रारंभ की।

तीसरी राजधानी, ओरछा में

महाराजा रूद्रप्रताप ने गढ़कुंडार के स्थान पर ओरछा को नई राजधानी बनाया वह वि.सं. 1558 (1501 A.D.) से वि.सं. 1588 (1531 A.D.) से वि.सं. तक (मृत्यु अवसान काल तक) राजा बने रहे। वि.सं. 1558 (1501 A.D.) मैं ओरछा राजधानी बनी थी।

(1) **महाराजा रूद्र प्रताप -** [जन्म: वि.सं. 1531 (1474 A.D.) मृत्यु वि.सं. 1588 (1530 A.D.)

महाराजा रूद्र प्रताप महाराजा मलखांसिंह के जेष्ठ पुत्र थे। रूद्र प्रताप भाई थे।

1. (i) खड़कसिंह (ii) जगजीतसिंह, (iii) जैतसिंह, (iv) मित्रसेन, (v) देवीसिंह।

रूद्र प्रताप ने गढ़कुंडार के स्थान पर ओरछा बसाकर इसे राजधानी बनाया था इनके तीन रानियां थी जिन से 9 पुत्र हुए।

महाराजा रूद्र प्रताप 20 वर्ष तक ओरछा के राजा रहे। अपने कार्यकाल में उन्होंने ओरछा राज्य को खूब समृद्धि शाली बना दिया। इनकी मृत्यु वि.सं.1588 (1531 A.D.) में हुई।

(2) महाराजा भारतीचंद्र [रा. अभिषेक वि.सं. 1588 (1531 A.D.) मृत्यु वि.सं. 1611 (1554 A.D.)

महाराजा रूद्र प्रताप के अवसान के पश्चात उनके जेष्ठ पुत्र भारती चंद्र का वि.सं.1588 (1531 A.D.) में बड़ी धूमधाम से राज्य पर शक हुआ। वह 23 वर्ष तक ओरछा के राजा रहे वि.सं. 1611 (1554 A.D.)

महाराजा रूद्रप्रताप के अवसान के पश्चात उनके जेष्ठ पुत्र भारतीचन्द्रन का 1588 (1531 A.D.) में बड़ी धूमधाम से राज्याभिषेक हुआ। वह 23 वर्ष तक ओरछा के राजा रहे। 1611 (1554 A.D.) में उनकी मृत्यु हो गई।

(3) महाराजा मधुकरशाह - [राज्याभिषेक वि.सं.1611 (1554), मृत्यु वि.सं.1649 (1592 A.D.)]

राजा भारती चंद्र के कोई पुत्र थे मधुकर शाह का वि.सं. 1611 (1554 A.D.) में राज्याभिषेक किया गया वह भारतीय चंद्र से छोटे थे।

श्री उदया जीत मधुकर शाह के छोटे थे अतैवइन्हें जूना महेवा की जागीर मिली। उदया जीत अत्यंत पराक्रमी वीर थे। वह अपने भाई मधुकर चौक के दाहिने अंग थे इन्हीं के बल पर मधुकर शाह ने मुग़ल सेनापतियों को हमेशा राज्य से दूर रहने को मजबूर कर दिया था।

महाराजा मधुकर चौकी है रानियां थी उनमें गणेश कुंवरि सबसे बड़ी थी जो धर्म परायण एवं परम भक्त थी राजा मधुकर शाह के 8 पुत्र थे।

---

1. (i) भारती चंद्र मधुकर शाह उदया जीत अमान उदास प्रयाग दास दुर्गादास चंदन दास घनश्याम दास भूपत शाह

वाह रे भरत संतान एक तो तेरे पूर्वज ऐसे थे जो बाल्यावस्था में ही शेर के दांत गिनते थे और एक तू है अरे कैसा है तू? मर्यादा पुरुषोत्तम राम के पुत्र महाराजा कुश का तू वंशीधर है 1 ग्राम महाराजा दिलीप तेरे ही पुरखा थे उन्होंने गौ रक्षा के लिए अपने प्राणों की भी चिंता ना की थी। एक वे थे और एक तू उन्हीं का रक्त। खड़ा-खड़ा यहां तर्क वितर्क कर रहा है। समय किसी की राह नहीं देखता। एक क्षण का भी तो विलंब गौ माता के प्राण ले लेगा। वीर बुन्देली भाग 1 पृष्ठ 89 ले प्रताप नारायण मिश्र निकाय रक्षा में घायल महाराजा रूद्र प्रताप ने कुछ समय के उपरांत वि.सं. 1588 (1531 A.D.) में प्राण त्याग दिए थे।

महाराजा चम्पतराय, इनके पौत्र के बेटे थे, जो ओरछा की शादी पर चार वर्ष [वि.सं.1694 से 1698 (1637-1641 A.D.तक)] रहे, उन्हें निर्वासित जीवन व्यतीत करना पड़ा था। चम्पत सुमन महाराजा छत्रसाल ने अपने दैवीय बाहुबल से यवन सत्ता से संपूर्ण बुन्देलखण्ड को मुक्त कराया था।

(i) रामशाह, (ii) हिरलदेव, (iii) वीरसिंह देव, (iv) रतन सेन, (v) इंद्रजीतसिंह, (vi) हरिसिंह देव, (vii) प्रतापराय और (viii) नरसिंह देव।

महाराजा मधुकर शाह के समय दिल्ली के तख्त पर हुमायूं (पुनःसंन् 1555-1556 A.D. वि.सं.1612-1613) तथा अकबर (संन् 1556-1605 A.D.वि.सं.1613-1662) आसीन रहे। मधुकरशाह ने अकबर की हिंदू विरोधी नीति का जमकर संघर्ष किया था। वह ओरछा के प्रतापी राजाओं में से एक कहे जाते हैं।

महाराजा रामशाह [राज्याभिषेक वि.सं.1649 (1582 A.D.), जन्म 1590 वि.सं. मृत्यु 1669 वि.सं. (1612 A.D.)

महाराजा मधुकरशाह के निधन [वि.सं.1649 (1592 A.D.)] के पश्चात रामशाह ओरछा की गद्दी पर बैठे और अपने भाई इंद्रजीतसिंह से राज्य प्रशासंन् में सहयोग लेते रहे। अकबर और अच्छा को अपने राज्य में मिलाने के लिए वीरसिंह जूदेव राम शाह के अनुज को कांटा मानता रहा। राम चार्ट चौदह वर्ष [वि.सं.1663 (1606 A.D.)] तक ओरछा की गद्दी पर आसीन रहे। अकबर के बाद जहांगीर का शासंन् आते ही वीरसिंह ने ओरछा का राज्य [वि.सं.1663 (1606 A.D.) में संभाला। रामशाह चन्देरी बानपुर चले गए।

महाराजा वीरसिंह देव- (राज्याभिषेक वि.सं.1663 (1606 A.D.) मृत्यु 1684 वि.सं.(1627 A.D.)

महाराजा मधुकरशाह के द्वितीय पुत्र वीरसिंह देव ने अपने अग्रज रामशाह से वि.सं.1663 (1606 A.D.) में ओरछा का राज्य ले लिया। आप पिता सदस्य विवेकी थे।

वह परम पराक्रमी न्याय प्रिय कविता प्रेमी कृष्ण भक्त एवं परम दानी थे। इन पर बड़ी मां गणेश कुंवरि का अपार स्नेह था।

---

1. महाराजा राम सा और सा राज्य के योग्य शासक नहीं हुए थे।

2. राजा रामशाह के लिए चन्देरी भानपुर की दस लाख की आय का राज्य ओरछा से पृथक कर दे दिया गया। रामशाह ने वि.सं.1669 (1612 A.D.) तत्व वहां राज्य किया। रामशाह के निधन वि.सं.1669 (1612 A.D.) के उपरांत कुंवर भरतसिंह चंदेल के राजा हुए जोकि राम चौक के जेष्ठ पुत्र संग्रामसिंह के बड़े बेटे थे। रामशाह के ग्यारह पुत्र थे जिनमें संग्रामसिंह बड़े थे।

3. वीरसिंह देव का जन्म वि.सं.1599 (1542 A.D.) में हुआ और मृत्यु वि.सं.1684 (1627 A.D.) में हुई।

4. महाराजा वीरसिंह देव ने अपने अन्याय पुत्र बाघराज को उन्हीं कुत्तों के द्वारा मरवा दिया था जिनके द्वारा उसने एक ब्रह्मचारी को मरवा डाला था।

5. आचार्य केशवदेव [वि.सं.1612-1674 वि.सं. (1550-1617 A.D.) का जन्म उन्हीं के शासंन्काल में हुआ था कविता प्रेमी वीरसिंह देव ने इनका खूब सम्मान किया था। आचार्य केशव ने वि.सं.1664 (1607 A.D.) में वीरसिंह देवचरित नामक पांचवा ग्रंथ लिखा था।

6. महाराज वीरसिंह देव पिता की भांति कृष्ण भक्त थे मथुरा वृंदावन से उनका आत्मिक लगाव था। श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा उनकी सदैव ऋणी रहेगी।

7. महाराज वीरसिंह देव ने मथुरा में 81 मंथ सोने का तुला दान किया था इसके अतिरिक्त उन्होंने सैकड़ों धार्मिक कार्य किए हैं चीन के प्रमाण अदावत ही विद्यमान हैं।

महाराजा वीरसिंह देव की तीन रानियां थी- (1)अमृत कुंवरी (2) गुमान कुंवरी (3) पंचम कुंवरि। इन रानियों से बारह पुत्र एवं एक पुत्री हुई ओरछा के इतिहास में वीरसिंह देव का नाम अति सम्माननीय है। सूर्य देव कहे जा सकते हैं दिल्ली नरेश जांगीर नरसिंह देव के साथ सर्वाधिक मैत्री भाव निभाया। जहांगीर महल इसका प्रमाण आज भी दे रहा है महाराजा छत्रसाल के वीर्य से महाराजा वीरसिंह देव का आत्मकथा चम्पतराय एवं लाला हरदौल को एक जैसा प्यार करते थे चम्पतराय की सलाह पर वीरसिंह देव ने शाहजहां से संबंध तोड़ लिए थे परंतु बुंदेलों पर वीरसिंह देव के रहते प्रभाव ना सका था। वि.सं.1684 में शाहजहां द्वारा भेजे गए बाकी का सेनापति को चम्पतराय एवं लाला हरदौल के अप्रतिम शौर्य से पराजित होकर भागना पड़ा था परंतु शाहजहां समय-समय पर सेना भेजता रहा इसी बीच वीरसिंह देव का निधन वि.सं.1684 (1627 A.D.) में हो गया।

महाराजा वीरसिंह देव के सपनों को उनकी पीढ़ी साकार व्रत रखना सकी परंतु उनके पिता में के पुत्र उदया जीत के बंशीधर महाराजा छत्रसाल ने इसे साकार किया था। राव चम्पतराय ने वीरसिंह देव के निधन के पश्चात ओरछा गादी पर आसीन जुझारसिंह को लाला हरदौल के परामर्श पर भरपूर सहयोग दिया था।

(6) महाराजा जुझारसिंह

[राज्याभिषेक वि.सं.1684 (1627 A.D.) मृत्यु वि.सं.1691 (1634 A.D.)]

महाराजा वीरसिंह देव के पश्चात जुझारसिंह ओरछा की गादी पर विराजमान हुए। इनकी रानी चंपावती से विक्रमाजीत और पृथ्वीसिंह पैदा हुए।

महाराजा जुझारसिंह अपने पिता के समान गुणवान न थे, अतैव राज्य में बहारे और अंतः विरोधी शक्तियां प्रबल हो गई हरदौल की मृत्यु का लाभ शाहजहां ने उठाया और वि.सं.1691 (1634 A.D.) में मुग़ल सेना द्वारा सुझावसिंह एवं विक्रमाजीत जंगल में कत्ल कर दिए गए शव देखकर और

---

1. रानी अमृत कुंवरि से जुझारसिंह नरहरिदास पहाड़सिंह तुलसीदास और बेनी दास पुत्र हुए
2. रानी गुमानकुंवरि से लाला हरदौल भगवंतराव (भगवानराव), चंद्रभान, किशुनसिंह (पुत्र) तथा कुंजावती पुत्री पैदा हुई थी।
3. रानी पंचकुंवरि से बाघराज, माधवसिंह और परमानंद पुत्र हुए।
4. महाराजा वीरसिंह देव ने अपनी गुप्त वसीयत में छठवें पुत्र लाला हरदौल को ओरछा का राजा अधिकृत किया था तथा जेष्ठ पुत्र जोहारसिंह को एक जागीर अथवा दस लाख रु. देने के लिए लिखा था, परंतु उदारमना हरदौल ने जुहारसिंह को गादी पर बैठाया और उनकी सेवा की।
5. महाराजा जुझारसिंह: जन्म वि.सं. 1620 (1563 A.D.) एवं अवसान वि.सं.1691 (1634 A.D.) में।

सिर कटवाकर दिल्ली ले जाने का हुक्म दिया था राव चम्पतराय ने मुगलों से युद्ध कर दोनों सिम ले लिए और रानी चंपावती तथा उनकी पुत्रवधू कमल कुंवरि विक्रमाजीत की पत्नी को सौंप दिए कार्तिक शुक्ल नवमी रविवार वि.सं.1691 (1634 A.D.) के दिन यह दोनों कंचन घाट के आगे ओरछा में बेतवा तट पर सती हो गई ओरछा गाली सुनी हो गई

(7) महाराजा पृथ्वीसिंह शासंन्काल वि.सं.1693-1694 (1636-1637 A.D.)]

देवीसिंह के चन्देरी लौट जाने पर राव चम्पतराय ने A.D.1693 (1636 A.D.) में पृथ्वीसिंह प्रथम को ओरछा की गादी पर बैठाया परंतु अल्प अवस्था के कारण वह राज्य प्रशासंन् चम्पतराय की देखरेख में चलाने लगा वि.सं.1694 (1637 A.D.) में मुग़ल सेना ने धोखा देकर बालक पृथ्वीसिंह को कैद कर ग्वालियर भेज दिया पृथ्वीसिंह का जन्म वि.सं.1678 (1621 A.D.) में हुआ और मृत्यु वि.सं. 1706 (1649 A.D.) में हुई।

(8) महाराजा चम्पतराय - शासनकाल वि.सं.1694-1698, 1637-1641 ई.)

महाराजा पृथ्वीसिंह के कैद हो जाने पर राव चम्पतराय ने ओरछा के जनमानस को अपनी सेवाएं दी जनता उन्हें राजा के समान मानने लगी परंतु मुग़ल शासक शाहजहां की कुटिल नीति के फल स्वरुप उन्हें हमेशा बुन्देलखण्ड की रक्षा में युद्ध रत रहना पड़ा समय एवं उनके भविष्य के अनुरूप चिंतन करके उन्होंने चार वर्ष उपरांत वि.सं.1698 (1641 ई.) में मुग़ल समर्थक पहाड़सिंह को ओरछा की गादी पर निज हाथों से राज्याभिषेक करके स्वयं बुन्देली जनता के आजीवन प्रहरी बन गए।

महाराजा चम्पतराय का सपना चक्रवर्ती नरेश महाराजा छत्रसाल ने वि.सं. 1740 (1683 A.D.) में पूरा कर दिखाया था। वह रानी लाड़कुंवरि (सारंधा) के पुत्र थे।

ई० 1661 में चम्पत राजा-रानी वीरगति को प्राप्त हो चुके थे।

---

1. भावौ जू मठिया और कमल को बरी की मठिया इसके प्रमाण हैं

2. मुग़ल समर्थक कुल घाटी देवीसिंह चन्देरी से शाहजहां की सहमति से ओरछा आया था और वि.सं.1691 से 1693 (1634- 1636 A.D.) तक रह सका, जनमानस के असहयोग से वह चन्देरी वापस लौट गया, तब चम्पतराय ने जुझारसिंह के पंद्रह वर्षीय बेटे पृथ्वीसिंह को ओरछा की गद्दी पर बैठाया था।

3. महाराजा छत्रसाल का दिग्विजय यात्रा (संवत् 1743-44) के पूर्व संवत् 1740 मैं राजतिलक हो चुका था।

4. संवत् 1718 कार्तिक शुक्ला एकादसी; इस समय छत्रसाल साढ़े बारह वर्ष के थे।

(9) महाराजा पहाड़सिंह--

[शासनकाल वि.सं.1645 (1588 A.D.) मृत्यु वि.सं.1720 (1663 A.D.)]

और मुग़ल शासक शाहजहां अपने मनोनुकूल राजा बताना चाहता था उसे महाराजा चम्पतराय फूटी आंखों पसंद ना थे क्योंकि चम्पतराय मुग़ल विरोधी एवं स्वतंत्र बुन्देलखण्ड के पक्षधर थे पहाड़सिंह अति महत्वकांक्षी था जोकि चम्पतराय का छपा शत्रु था और मुगलों का हमदर्द था। वि.सं.1698 (1641 A.D.) में चम्पतराय ने पहाड़सिंह को अपने कुल का समझकर ओरछा की गद्दी पर बैठाया ताकि मुगलों से बैर खत्म हो। उन्होंने राजा पहाड़सिंह को अपनी सेवा और निष्ठा समर्पित कर दी।

ओरछा नरेश पहाड़सिंह ऊपरी मन से चम्पतराय का खूब सम्मान करता, परन्तु उसके दिल में आस्तीन का सांप उसका रे मारता रहता उसकी रानी हीरा देवी कुटिलता की मूर्ति ही थी चम्पतराय का मानना था कि निस्वार्थ सेवा में प्राण भी चले जाएं और देश का हित हो जाए वह अच्छा है अतएव शुभचिंतक चम्पतराय अपने पैतृक गांव महेवा चले आए चम्पतराय देश प्रेमी और यवन विरोधी थे पहाड़सिंह ने चम्पतराय के ऐसे सिद्धांतों का फायदा उठाकर मुग़ल सेना द्वारा उन्हें जीवनभर आतंकित कर आया और अपनी मुग़ल भक्ति का प्रमाण देता रहा पहाड़ सिंगर ओरछा का राजा जरूर था परंतु वर्चस्व चम्पतराय का था जनमानस पालसिंह के स्थान पर महाराज चम्पतराय को ज्यादा सम्मान देता था

महाराजा चम्पतराय, पहाड़सिंह से ज्यादा राजनीति के खिलाड़ी थे, उन्होंने शाहजहां से कनार-कोंच की जागीर एक लाख में पाई थी कालांतर में दारा ने यही जागीर तीन लाख में पहाड़सिंह को दिलवा

दी थी। दारा का यही वैमनस्य उसकी मौत का कारण बना था चम्पतराय के कारण सा मुग़ल [वि.सं.1713 (1656 ई.)] में दारा मारा गया। अतैव औरगंज़ेब ने चम्पतराय को सम्मानित किया था, पहाड़सिंह देखते ही रह गए थे। अपनी रानी हीरा देवी के कारण पहाड़सिंह की सिर्फ बनाई बन आई, वह नागिन बनकर सुजानराय (चम्पतराय के भाई) और चम्पतराय को डस गयी। स्वतंत्र बुन्देलखण्ड का सपना लिए चम्पत दंपत्ति वि.सं.1718 में वीरगति को प्राप्त हुए।

पहाड़सिंह [वि.सं.1645-1720 (1585-1663 A.D.)] चम्पतराय [1644-

---

1. पहाड़सिंह की मौत के नौ वर्ष बाद तक उनकी रानी हीरा देवी वि.सं.1651-1729) कीरतसिंह पंवार उदगुंवा की बेटी, बुन्देल कुल में आग लगाती रही।
2. काश दारा चम्पतराय का विरोध ना करता, तो आज भारतवर्ष का परिदृश्य कुछ और ही होता। चम्पतराय को भी भविष्य धोखा दे गया और छोटी सी भूल ने बहुत बड़ी-बड़ी कुर्बानियां लीं।

1718 (1587-1661 A.D.) के स्वतंत्र सपने में आग लगाकर डेढ़ वर्ष बाद चल बसे थे।

(10) महाराजा सुजानसिंह--

जीवनकाल–1650-1729 वि.सं. (1593-1672 ई.)

शासनकाल–1720-1729 वि.सं. (1693-1672 ई.)

वि.सं. 1720 में पहाड़सिंह के अवसान के बाद तू जाने से ओरछा की गद्दी पर बैठे थे सुजानसिंह पहाड़सिंह की रानी हीरा देवी के बहकावे में आकर पहले ही चम्पतराय की मौत के कारण बने थे चम्पतराय ने मरने से पूर्व सुजानसिंह को रानी हीरा देवी की काली करतूतें बता दी थी जिसे सुनकर सुजानसिंह दंग रह गया था लेकिन तब तक देर हो चुकी थी चम्पतराय के प्राण पखेरू उनके सामने ही उड़ गए राव सुजानसिंह को मन ही मन फुल कलंकिनी का पाप सताता रहता फल स्वरुप प्रायश्चित रूप में वह स्वर्गीय चम्पतराय के अनाथ बच्चों पर सहानुभूति रखने लगे।

चम्पतराय दंपत्ति के कटे सिर देखकर औरंगज़ेब बहुत खुश हुआ था करो करो करो करण की बुन्देलखण्ड में मुग़ल सत्ता की स्थाई स्थापना में चम्पतराय एक भयानक कांटा थे अब बुन्देलखण्ड में ऐसा कोई शूरवीर ना बचा था जो मुग़ल सत्ता से टकरा सकता और सा राज्य पर या वनों का शिकंजा कसने लगा एवं हीरा देवी की कुटिल नीतियों ने ओरछा राज्य पर काली घटाएं शादी जबकि राजा सुजानसिंह ने वि.सं.1721-22 (1664-1665 A.D.) पुरंधर किला (मराठों का किला) जीता और वि.सं.1723 (1666 A.D.) में बरार प्रांत के चांदा राज्य पर मुग़लों की भरपूर सहायता की थी। फिर

भी वि.सं.1727 (1570 A.D.) एंव 1728 (1571 A.D.) में यवन औरंग ने ओरछा के मंदिरों को ध्वस्त करने की अगुवाई फिदाई खां को सौंपी थी। वि.सं.1727 (1570 A.D.) में राजा सुजानसिंह की अनुपस्थिति में रणबांकुरे वीर दूर मंगल एवं छत्रसाल ने धूम घाट के मैदान में विदाई खां को करारी मार दी थी उसे प्राण बचाने के लिए ग्वालियर भागना पड़ा था अगले वर्ष वि.सं.1728 (1571 A.D.) में पुनः धूम घाट में चंपत सुअन वीर छत्रसाल ने फिदाई खां को राजा सुजानसिंह के अनुरोध पर तीन दिन में ही परास्त कर दिया था, आज उन्हें चम्पतराय की छवि सुकुमार छत्रसाल में नजर आ रही थीं। महाराजा सुजानसिंह का अवसान वि.सं.1729 (1572 A.D.) मैं हो गया था। इसी वर्ष बुन्देल कलंकिनी रानी हीरा देवी भी परलोक सिधार गई। महाराजा सुजानसिंह की अंतरात्मा में छत्रसाल

के व्यक्तित्व की आभा मृत्यु पर्यंत बनी रही उन्होंने अपने उत्तराधिकारी यों को छत्रसाल की आभा का ज्ञान करा दिया था

महाराजा इंद्रमणी

जीवन काल–1670-1732 वि.सं. (1613-1675 ई.)

शासंन् काल–1729-1732 वि.सं. (1672-1675 ई.)

मुहम्मद शाह बादशाह की भतीजी के निकाह में महाराजा छत्रसाल ने निमंत्रण मिलने पर दोनों राजकुमारों को बेचकर एक लाख रु. व्यवहार किए थे, तब मुहम्मद शाह ने कहा था, यदि महाराजा थे तुम नहीं भतीजी को दान में 12 जागी रे जरूर देते। उक्त कथन महाराजा छत्रसाल के मुस्लिम प्रेम का अनूठा उदाहरण है।

वस्तुतः मानवीय गुणों से परिपूर्ण महाराजा छत्रसाल में हिंदू-मुस्लिम जैसी पृथक कोई भी भावना न थी। उनके घर में सारे मुस्लिम जनों के प्रति आगाध प्रेम था।

काव्य प्रतिभा के धनी महाराजा छत्रसाल

छत्रसाल जी बचपन में अनाथ हो गए थे पर्ल हैं उनकी अंतः करण में जगत नियंता के प्रति असीम श्रद्धा उमरी होगी, तभी उनके अंतर्मन में काव्य धारा प्रस्फुटित हुई होगी, संघर्ष में जीवन ही उनके काव्य बढ़ने की प्रेरणा शक्ति रही है। काव्य अनुशीलन से उनके काव्य में प्रारंभिक एवं प्रकार की धाराएं होती हैं।

प्रारंभिक काल में, उनकी विभिन्न देवी-देवताओं के प्रति प्रसून झरते दिखाई देते हैं, जबकि प्रोढ़-काव्य के दर्शन में एकैश्वरवाद की झलक है। कवि वियोगी हरि द्वारा संपादित श्री छत्रसाल ग्रंथावली में प्रारंभिक काव्य का ही दिग्दर्शन है जबकि धर्म भूषण कुंज बिहारीसिंह द्वारा संपादित श्री छत्रसाल

काव्यांजलि में और गांव के दर्शन होते हैं। रचनाएं ब्रज भाषा से ओतप्रोत है, कहीं-कहीं पर बुंदेलखंडी, अवधी एवं खड़ी बोली के भी दर्शन होते हैं। रचनाओं में यदि भाग आदि अन्य कवियों की तुलना में बहुत कम है। शास्त्र का विवश रचनाओं में दिखाई देता है।

भक्ति, विश्व बंगाल और नीति पर हृदयग्राही काव्य धारा का प्रवाह झलक रहा है। यह विशुद्ध काव्यधारा जन-जन में गए हैं। यथा--

॥छप्पय॥

सतगुरु बिन नहिं ज्ञान, ज्ञान बिन नहिं विराग कह।

बिन विराग नहीं ध्यान, ध्यान बिन नहिं भक्ति लह॥

---

1. महाराजा छत्रसाल के सद्गुरु निष्कलंक बुध महामति प्राणनाथ जी।
2. कुंवर हृदयशाह एवं कुंवर जगतराज

भक्ति बिना सुख सत्य तत्व, अनुभवै न कबहूं।

अनुभव बिन श्रम सकल विफल, यह बूझहूं सबहूं॥

कह छत्रसाल दृढ़ पच्छ करि, प्रेम लच्छ्ना लच्छ लखु।

सब श्रुति पुरान कोविद कहैं, हरि चरननि निज सुरत रखु॥

॥कवित्त॥

जुगल किशोर चंद्र-बिम्बहि बिलोक ठाड़े,

तीर जमुना के निज-नीरज हिलोर कैं।

कारन कहा है तौन बूझै राधा माधव सों,

सौंह दे, दै नैन सैन, जुग्म कर जोरि कैं॥

छत्रसाल स्वामिनी के बैन सुनि बोले स्याम,

तेरो मुख-शशि शशि निरखि निहोरि कैं॥

मेरे गुरु चंद्र, मोसों कहें ब्रजचन्द लोग,

तेरो मुख चंद्र तौन कारन चकोरि कैं॥

छत्रसाल जी ने स्वयंवर घटित कुछ घटनाओं को निम्न प्रकार से व्यक्त किया है---

॥**दोहा**॥

जो बीती गजराज पर, सो बीती अब आज।

बाजी जात बुन्देल की, राखौ बाजी लाज॥

बिना मौत मरहौ नहीं, यहै हमारी सीख।

मुहम्मद खां न मार हौ, (तौ) घर-घर मांगौ भीख॥

पहले दाता हम भए, गुरु को दीन्हों शीश।

फिर दाता सद्गुरु भए, सब कुछ कियो बखशीश॥

श्री वियोगी हरि के अनुसार--- मिश्र बंधु: विनोद में उल्लेखित राज विनोद और गीतों का संग्रह के अतिरिक्त छत्रसाल जी के तीन संग्रह और प्राप्त हुए हैं।

(i) छत्र विलास, (ii) नीति मंजरी और (iii) महाराजा छत्रसाल जी की काव्य--- बताए गए हैं।

वस्तुतः अथ श्री छत्रसाल ग्रंथावली और अथ श्री छत्रसाल काव्यांजलि में अधिकांश काव्य का संकलन हो चुका है फिर भी उनकी और रचनाओं के संदर्भ में प्रबल आशा है।

हिंदी साहित्य के मूर्धन्य विद्वान श्री हरि योगी के विचार महाराजा छत्रसाल की

---

1. पांच शुक्ला 5, संवत् 1983; प्रयाग, सं. वियोगी हरि
2. श्री छत्रसाल जयंती: 2055 गुरुवार 2905 1998;
   प्रकाशक--- उमा देवी कुशवंशी (जटियापुर-कानपुर निवासिनी) अजीतमल (इटावा), उ.प्र. 20612

काव्य प्रतिभा के परिवेश में अच्छा प्रकाश डालते हैं---

हमारे आश्चर्य की सीमा नहीं रहती, जब हम देखते हैं कि महाराजा छत्रसाल कभी जगत में भी एक ऊंचा स्थान रखते हैं। आश्चर्य इस बात पर नहीं है कि राजे महाराजे कवि पद प्राप्त करने योग्य हैं। यह बात नहीं है। अनेक नरेश ओं ने कविताएं लिखी हैं उनमें कई तो वास्तव में, बड़े ऊंचे कवि हुए

हैं। पर यहां एक दूसरी ही बात उपस्थित होती है। प्राय सरस्वती के लाडले जिन पतियों और श्री मानव ने कवि कीर्ति,ई है, शांति को मां सुख पूर्ण वातावरण में उतरे और रहे और छत्रसाल? यहां तो घोड़ों की रकाब पर से पैर ही नहीं हटाया। बीहड़ जंगलों निर्जन उपत्यका और भीषण रण क्षेत्रों में सारा जीवन बिताया। यहां तो हिंदू जातीयता ही एकमात्र साध्य। ऐसी दशा में को मां भगवती भारती की उपासना करनी सचमुच ही कुतुबुल वर्धिनी है। और उपासना से उपासना की। लक्ष्मी को मां काली और सरस्वती--- इन तीनों महा शक्तियों की साधना एक साथ ही हो मां यदि किसी साधक से बनी है, तो वह बुन्देलखण्ड का रक्षक वीर शार्दुल छत्रसाल है। निसंदेह महाराजा छत्रसाल के समान इस संसार में दूसरा कोई पैदा नहीं हुआ है। संसार की समस्त खूबियों का केंद्र यदि कोई बन सका है, तो वह है एकमात्र युगप्रवर्तक महाराजा छत्रसाल। कविता उनकी विरासत नहीं थी, पर देव का विधि विधान कौन टाल सकता है? कोई नहीं। इस परिवेश में प्रणामी श्याम का निम्न कवित्री दे ग्राही है:---

छितिमाही सूर्य एक, क्षितिमाही चंद्र एक,

केसरी ने कानन में, एकहि को जायो है।

कहत परनामी श्याम, एकहि ब्रहम जान,

वेदन और सुवेदन में एकहि बतायो है॥

जनम मरण जीवन में एकहि बार होत,

एकहि ने सारो संसार रचायो है।

राजन में एकहि कवियन में एक जानो,

ऋषियन में ब्रहमऋषि, छत्रसाल कहायो है॥

सागर सम व्यक्तितत्व के आधार महाराजा छत्रसाल की आप रोड ब्रेकर आरंभिक रचनाओं का काल 1739 संवत् तक रहा है तत्पश्चात रचनाएं उनके अंतः करण से टच फूट हुई हैं।

॥**दोहा**॥

यह टीका यह पावड़ो, ये ही निछावर आय।

(श्री) प्राणनाथ के चरण पर, छत्ता बलि बलि जाय॥

॥पद॥

पूर्णब्रह्म ब्रह्म से न्यारे, आनंद अखण्ड अपारे।

सिंहासंन् आसंन बैठारे, छत्रसाल गुण गावे॥

प्रौढ़ रचनाओं का आधार उनकी एकेश्वरवाद ई उपासना का फल है। निष्कलंक प्रभु प्राणनाथ जी के ऊपर अपार श्रद्धा रखते हुए महाराजा छत्रसाल ने उन्हें अपना प्राण आधार और स्वामी माना है। अपने में ब्रज गोपी का भाव अंतर नहीं करते हुए जो पद उन्होंने रचे हैं उनमें प्राय सतावे छत्रसाल की नाम छाप ना होकर स कुंडल का उल्लेख हुआ है। इन्होंने ज्ञान, भक्ति एवं वैराग्ययुक्त पदों का सृजन किया है।

बिन कुंजी खुले नहीं ताला ॥टेक॥

काहे की कुंजी काहे का ताला, काहे के लगे किवारा ॥1॥

तन की कुंजी सुरत का ताला, प्रेम के लगे हैं किवारा ॥2॥

छत्रसाल भजो नाम धनी का, धनी के चरन चित लागा ॥3॥

महाराजा छत्रसाल ने श्री कृष्ण को मां राधा (श्यामा एवं ब्रिज गोपियों का अनुपम चित्रण पार्क दानलीला का शब्द कीर्तन ओं में किया है। प्रस्तुत है उनकी रचनाओं में ब्रज लीला, रासलीला और जागने लीला का हृदय ग्राही वर्णन प्रस्फुटित हुआ है।

ठाड़ी रहौ न अहीर की, तू दै जा मेरो दान ॥टेक॥

लेकै हंसौ बसौ जियरा में, हम तुमसे नहि न्यारी।

बचन तुम्हारे ऐसे लागै, प्राणन हूं ते प्यारी ॥8॥

बाढ़ी प्रीत रस रीति परस्पर, दोऊ को सुख चाहिये।

छत्रसाल को दियो कृपा कर, दरस पदारथ पईये ॥9॥

यह रचनाएं पूर्व रचनाओं की भांति भाषा में विविधा हो गई हैं कारण कि--- राष्ट्रपिता महात्मा गादी के पूर्वज परमहंस स्वामी लालदास जी (पोरबंदर) स्वामी जी सूरत (गुजरात) व अन्य कवि गणों (महाप्रभु प्राणनाथ जी के शिष्यों को मां जो पढ़ना में महाप्रभु के साथ पधारे थे) की काव्य भाषा का उन पर प्रभाव पड़ा है।

1. साधो छत्रसाल ने बाना बाधा, नाम सरन को आया ॥टेक॥

तीन लोक आन चलाई, ऐसा दुन्द मचाया ॥1॥

पंडित वेद पुरान पढ़ेया, तिनके डिंभे भानो।

कोईक दिन चली माया की बाजी, फेर हुकम तले आना ॥2॥

देवी और देवता छोड़े, छोड़ी कुल की आसा।

कीन्हों एक संग साधुन को, जिनको धाम में बासा ॥3॥

एते दिन माया भरमाया, ठीक लगन नहीं पाया।

सखी सकुण्डल के पिया प्रगटे, श्री धामधनी लव लाया ॥4॥

निष्कलंक श्री मुख वाणी में सर्व देशीय भाषा का अनुपम प्रज्ज्वलित स्वरूप देदीप्यमान हो रहा है। यह वाणी उनके सद्गुरु महाप्रभु श्री प्राणनाथ जी की है। इसका पूर्ण प्रभाव महाराजा छत्रसाल पर पड़ा है पलक है उनके काव्य में बहु भाषा के दर्शन होते हैं फिर भी अधिकांश रचनाएं हिंदी का विशुद्ध स्वरूप लिए दृष्टिगोचर होती हैं। उनकी रचनाओं में एक तथ्य स्पष्ट दिखाई देता है कि उनकी भक्ति पतिव्रत साधना में है जिस पर वह पूर्ण रुप से निछावर हैं।

पशुता है छत्रसाल महाराज के समूचे काव्य में अनेक विधाओं का पलायन हुआ है। हिंदी साहित्य इतिहास की दृष्टि से उनका काव्य एक महान कवि की कोटि में आता है। रीतिकालीन कवियों के समय उदित यह काव्य अनेक विधाओं से परिपूर्ण है। भक्ति ज्ञान वैराग्य का राजनीति का वीर रस एवं लोक शुभकामना से परिपूर्ण इस काव्य को बहुजन सुखाय एवं बहुजन हिताय का प्रतिपादक होने के कारण सत्यम शिवम सुंदरम कहा जा सकता है। दोहे चौपाई, कवित्त, सवैया छंद, पदों (भजन शब्द कीर्तन आदि में रचित यह काव्य हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर है।

आदि कवि वाल्मीकि से लेकर अब तक जितने भी कवि हुए हैं उन सभी के अंतर्मन में लौकिक वासना का अंकुरण अवश्य ही बना है परंतु महाराजा छत्रसाल की आत्मा पूर्ण गोपी स्वरूप धारण कर अपने प्राण आधार प्रियतम के रंग में कुंडल बनकर निछावर (बलिहारी) हो गयी है।

---

1. तुमहीं ग्यारहीं सदी महेंदी हुए, कुल्ल पार लगे आय दीन दोये।
तुमहीं साहब होय हिसाब करे, चूक माफ के पहुंचावे घरे॥
मन चाहत सो होय हिसाब करे, चूक माफ के पहुंचावे घरे॥
मन चाहत सो सबही कों दियो, कुल्ल आलम ए थे पाक कियो।
जब शुद्ध हो बुद्ध ध्यान धरो, तुम ईश महेश को पार करो॥

2. गौतम कहें न्याय में–त्रिदेह परिरूप ब्रहम, जैमुनि मीमांसा में कर्म विध गाथी है।
कपिल देव सांख्य विषे-प्रकृति पुरुष कहें, शेष पातांजली में ज्योति कर नाथी है॥
कर्ण देव वैशेषिक मांहि काल, शिवबानी वेदान्त सर्वत्र कर भाखी है।
पूर्ण श्री प्राननाथ सो सतगुरु पाये बिन, षट् दर्शन ज्यों षट् अन्धन में हाथी है॥

3. तुम पौढ़ो पिय सेज बिछाऊं ॥टेक॥
चापो चरन पाटी तर सोऊ, मधुरे सुरन विहाग रुगाऊ ॥1॥
चरचो चन्दन अतर लागाऊं, सज सिनगार में सेजे आऊ ॥2॥
छत्रसाल नागर बलिहारी, इंद्रावती रंग सेजे प्यारी ॥4॥

4. सदा आनन्द मंगल में रहिये ॥टेक॥
अष्ट प्रहर दिन चौसठ घड़ियां, निशदिन पिउ पिउ पिउ कहिये ॥4॥
छत्रसाल भजो धाम धनी को, और देवन सों क्या चाहिये ॥5॥

हिंडोला

झूले झूले झूले रे मारा राजा हिंडोला झूले रे ॥टेक॥

कञ्चन के दोऊ थंभ मनोहर, डांडी चार अमोलक रे ॥1॥

एक कोने श्रीराज बिराजे, बीजी कोरे श्री श्यामा जी रे ॥2॥

जेम जेम साथ झुलावत झूले रे, तेम तेम मारूं मन फूले रे ॥3॥

कहत सकुण्डल अपनी वारी रे, हम लीनी अब तुम लियो रे ॥4॥

निसंदेह प्रातः स्मरणीय महाराजा छत्रसाल जिस प्रकार से वीरों में महावीर, ऋषि यों में महर्षि, राजाओं में महाराजा हैं और गुरुओं में महागुरु हैं और सारा जग उनका शिष्य है उसी प्रकार से वह कवियों में महा कवि के रूप में कविराज हैं।

महान गुरु--- धन्य धन्य छत्रसाल बुन्देला, आप गुरु सिगरो जग चेला।

वस्तुतः महाराजा छत्रसाल ने धर्म शास्त्रार्थ में आए समस्त विद्वानों को पराजित कर गुरु पदवी धारण की थी। उनके शिष्य परंपरा में सैकड़ों महान विभूतियां हैं यथा:-- सौराष्ट्र की योगिनी केशरबाई जी (जो श्री 5 नवतनपुरीधाम की प्रथम आचर्या हुई थीं), स्वामी ब्रज्भूषन जी (जो वृतांतमुक्तावली आदि ग्रंथों के रचयिता) थे। बालककों, जवानों, वृद्धों एवं राजाओं को उन्होंने सामाजिक एवं उपयोगी शिक्षा देकर पथ प्रदर्शन किया है। महात्मा अक्षर अनन्य जी के प्रश्नों का उत्तर देकर महाराजा छत्रसाल ने उनके अभाव को तोड़ा था।

हौ अनन्य नहिं अन्य कोउ, अच्छर मता अनन्य।

इत रस में रस मानिबी, आय कीजिबी धन्य॥

पुत्र जगतराज को शिक्षा--- एक बार कुंवर जगतराज जी गड़ा हुआ धन मिलने पर अति प्रसन्न हुए थे, और महाराजा छत्रसाल को अपनी प्रसन्नता गर्व के साथ सूचित की थी। महाराजा छत्रसाल ने जो शिक्षा अपने इस पुत्र को कविता के माध्यम से दी है। वह कर्म योगी व्यक्ति के लिए महान प्रेरणा का स्त्रोत है। पराए धन का उपयोग अनुचित है।

जाहि भोगि भोगी होत, जन्म प्रति रोगी होत,

कुटुम्ब वियोगी औ अयोगी होत जानि कै।

जगत दिमान जू ने धर्म नीति छान कै॥

ऐसो धन ख़्वारी करै, जुवारी और लबारी करै,

चोर व्याभिचारी करै, त्यागौ याहिं मानिकै।

---

1. ॥झीलना॥

मारा वाला जी चलो जमुना जल झीलिए॥टेक॥

******

हंसि के राज खुशी भये, पहराये वनमाल।

सखी सकुंडल अरज करत हैं, बलि बलि राजकुमार ॥4॥

जो पै या कुबुद्धिहु सों, कछु सिद्धि होय जाय,

फेरि न कुबुद्धि कीजै याहि उर आनि कै॥

काव्य के माध्यम से दी गई है शिक्षा वर्तमान में भी समूचे संसार के लिए लाभप्रद एवं पथ प्रदर्शक है। महाराजा छत्रसाल ने अनेकों पत्र जगतराज के नाम लिखकर भेजे थे, जिनमें तत्कालीन इतिहास की विशेष जानकारी समाहित है।

देश-विदेश के राजाओं को शिक्षा--- महाराजा छत्रसाल राजाओं के भी महाराजा हैं, जे ते महिपाल देते देखिए स्विच माल हम आ जाएं फिर फिर देखो तो सुमेरू छत्रसाल हैं। नव मंडल में रात के समय

तारा गणों के बीच जिस भांति चंद्रमा सुशोभित होता है उसी भांति राजा गणों के बीच महाराजा छत्रसाल सुमेरु पर्वत के समान सुशोभित होते हैं। राजा जनों को निम्न कविता के माध्यम से जो शिक्षा महाराजा छत्रसाल ने दी है वही रामराज्य की कल्पना को साकार करने में सक्षम है। आज भी उनका उपदेश प्रासंगिक है:---

चाहौ धन, धाम, भूमि, भूषन, भलाई, भूरि,

सुजस सहूरजुत रैयत कौं लालियौ।

तोड़ादार घोड़ादार बीरनि सों प्रीति करि,

साहस सौ जीति जंग, खेत ते न चालियौ॥

सालियो उदंडनि कों, दंडनि को दीजौ दंड,

करिकैं घमण्ड घाव, दीन पै न घालियौ।

विनती छत्रसाल करै, होय जो नरेस देस,

रै है न कलेस लेस, मेरो कहो पालियौ॥

प्रजा को शिक्षा--- व्यक्ति जिस दशा में हो (कृषक, श्रमिक ओमा सैनिक, वनिक आधी काम करने वाले, उसे महाराजा छत्रसाल ने निम्न सवैया के माध्यम अति उपयोगी शिक्षा दी है:---

लाख घटै कुल-साख न छाड़िये, वस्त्र फटै प्रभु औरहू दैहै।

द्रव्य घटै घटता नहिं कीजिये, दैहै न कोउ पै लोक हंसेहै॥

भूप छत्ता जल-रासि को पैरिबो, कौनिहूं बेर किनारे लगै है।

हिम्मत छोड़े ते किस्मत जायेगी, जायगो काल कलंक न जैहै।

हर मानव को कर्म योगी बनने पर निसंदेह सफलता मिलती है वहां जीवन की चतुराई और कब काम आएगी? अतैववह महाराजा छत्रसाल ने सदैव धैर्य रखकर कार्य करने की शिक्षा दी है।

---

1. चातुरी;
2. गीता में वर्णित कर्म योग की पुष्टि;

स्वकाज की शिक्षा--- महाराजा छत्रसाल ने निम्न कविता के माध्यम से विवेद जनमानस को चौक आज की सफलता हेतु सारगर्भित शिक्षा दी है। जिसके द्वारा हर प्राणी को अपने मार्ग की कुंजी भगत हो सकती है। मार्ग का धरना ही सफलता का प्रथम सोपान है।

॥कवित्त॥

लगन विराग बिन, ज्ञान अनुराग बिन,

पुहुप पराग बिन, पाग बिन सर है।

राज धर्म न्याय बिन, दान बिन कर है॥

नारि निज-नाह बिन, हाटक सुहाग बिन,

छत्रसाल ताल बिन राग की न दर है॥

॥कवित्त॥

सूजसु सो न भूषन, विचार सो न मंत्री त्यों,

साहस सो सूर कहूं, ज्योतिषी न पौन सो।

संयम सी औषधि न, विद्या सो अटूट धन,

नेह सो न बन्धु, औ दया सो पुन्य कौन सो॥

कहैं छत्रसाल कहूं सील सो न जीतवान,

आलस सो बैरी नाहिं, मीठो कछु नॉन सो।

सोक कैसी चोट है, न भक्ति कैसी ओट कहूं,

राज सो न जप और तप है न मौन सो॥

कभी धर्म एवं कवि सम्मान का निरूपण----

(i) महाराज छत्रसाल ने कवि को सत्य का पर्याय माना है। वह कभी की अंतरात्मा में सत्य के शाश्वत स्वरूप की झांकी देखते हैं उनकी दृष्टि में ऐसे ही व्यक्ति को

---

1. महाराजा छत्रसाल ने उक्त समिति के माध्यम से शिक्षा दी है कि--- वैराग के लिए लगन, ज्ञान के लिए अनुराग. पुष्प के लिए पराग, सिर के लिए पगड़ी, राज धर्म के लिए न्याय, व्यापार के लिए उद्यम, घोड़े के लिए शुभम, हाथ के लिए

दान, नारी के लिए पति, देश के लिए राजा, योद्धा के लिए कवच,... आदि आवश्यक हैं, उसी प्रकार से--- जिस प्रकार से राग के लिए ताल की आवश्यकता है अर्थात राग की दर (सम्मान इज्जत) तभी है जब उसमें ताल का सही सामंजस्य हो।

2. उक्त कविता के माध्यम से महाराजा छत्रसाल ने आत्म विश्लेषण द्वारा हर मानव को संदर्भित शिक्षा को जीवन में धारण करके उतारने को कहा है।

कवि की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। निम्न कविता के अंत में उन्होंने कभी धर्म का चित्रांकन किया है:--

॥कवित्त॥

राज गुन गान भलो, वेद को प्रमान भलो,

ध्यान भलो स्यामा-स्याम जू की चारू छब कौ।

गंग जल-पान भलो, संभु बरदान भलो,

साहब सुजान भलो, जानिबो आदब कौ।

अविचल चित्त भलो, धर्म नित नित भलो,

छत्रसाल सत्य भलो भाषिवो सुकब कौ॥

(ii) कवि को समाज व राष्ट्र में कैसे सम्मान मिलना चाहिए इसकी झलक उनकी निम्न रचना में इस प्रकार मिलती है:--

॥**सवैया**॥

आवत आप कृपा करिके, छत्रसाल कहैं उठ आदर कीजे।

सारद कंठ बसे जिनके, तिनके ढिग बैठ सुधा-रस पीजे॥

तार जराय जवाहिर दै, गज वाजन दै सनमानहि कीजे।

कीरति के बिरवा कवि हैं, इनको कबहूं कुम्हलान न दीजे॥

महाराजा छत्रसाल की कथनी और करनी में अंतर ना था रस्टोक इसका प्रत्यक्ष उस समय कटरा से मिलता है जब कवि भूषण उनके यहां पधारे थे। महाराजा छत्रसाल के दरबार में भूषण कवि को जो सम्मान मिला था, उसके संबंध में इतिहास के पृष्ठों में स्वर्णिम शब्द अंकित है।

राजा सवाई जयसिंह को शिक्षा--- महाराजा छत्रसाल ने चैत्र कृष्ण एकादशी संवत् 1783 को एक पत्र में सवाई जयसिंह को भेजा था जिसमें स्वधर्म

---

1. उच्च स्वर,
2. जलाकर, त्यागकर;
   पाठभेद: ता रज चढ़ाय = ता रज चढ़ाय

महाराजा छत्रसाल ने भूषण कवि के सम्मान में स्वयं पालकी में अपना कंधा लगाया था। जब भूषणकवि को इसका पता लगा वह उसी क्षण पालकी से कूद पड़े थे उनके मुख से निम्न शब्द फूट निकले थे। किया था---

नाती को हाथी दियो, जापै ढुरकट ढ़ाल,

साहू के जस कलश पर, धुज बांधी छत्रसाल॥ ...

और राव राजा एक चित्त में न ल्याऊं अब,

साहू को सराहौं के सराहौं छत्रसाल को। (भूषण कवि)

पर चलकर राज्य करने का सार्वभौमिक उपदेश मुखरित है:---

पग अमग्ग नहि धरिय, डरिय नहि चलत धर्मपथा।

नहिं संपति मद करिय, निरख असु नर गयंद रया॥

थापिम्म निम्न नहि डुलिय, अनत बुल्लिम न जिम्भ रसा॥

नहि हरिहु तै निडरिय, परिय नहि हर प्रपंच वसा॥

गुन दान खग्ग स्वामि त्रसत न रहिय समैं न चूक्कियो।

साहन हरखि इमि सिख्यवै, सु जिय लगि जसु नय मुक्कियो॥

राजा सवाई जयसिंह के माध्यम से यह शिक्षा पद,,,,,,समग्र शासकों के लिए आज भी प्रासंगिक है। काव्य प्रेमी महाराजा छत्रसाल जूदेव ने समग्र विश्व के प्राणियों को शिक्षा दी है, वह सर्वकालिक है। आज भी अनुकरणीय एवं प्रसारण योग्य है।

उपसंहार--- समग्र जगत को विविध रूपों में शिक्षा देकर महाराजा छत्रसाल ने जो आदर्श प्रस्तुत किया है, वह अनूठा है। विकट संघर्षपूर्ण जीवन में सदा देश पूर्ण काव्य में शिक्षा का उनके अंतः

करण से प्रस्फुटन, आश्चर्य प्रकट करता है, निसंदेह वह एक पूर्ण अवतारी पुरुष हैं और सारे जगत के एकमात्र महाराजा रूप में काव्य जगत में भी जगद्गुरु दृष्टिगोचर होते हैं। निम्न लोकोक्ति अक्षर से सत्य है:---

धन्य धन्य छत्रसाल बुन्देला आप गुरु श्री गुरु जगत जिला

धन्य है महाराजा छत्रसाल जी की काव्य साधना और काव्य प्रेम!

शास्त्रार्थ महारथी छत्रसाल

महाराजा छत्रसाल शस्त्र पुराण उपनिषदों और वेदों के परम ज्ञाता थे। निष्कलंक परब्रह्म परमात्मा स्वरुप श्री प्राणनाथ जी का सानिध्य पाकर उनके अंदर ज्ञान का महासागर समा गया था उन। इसी कारण से उन्होंने सभी शास्त्रों में विजय श्री पाई थी। गुजरात की नग्न योगिनी केशरबाई, पंडित बृजभूषण जी तथा महात्मा अक्षर अनन्य जी को शास्त्रार्थ में

अप्लाई

1. ॥कुण्डलिया॥

मन-भायौ आपुनो कियौ, गहि गोरी सुलतान।

सात बार छाड्यौ नृपति, कुमति करी चहुवान॥

कुमति करीं चहुवान, ताहि निदंत सब कोउ।

असुर बैर इक बार पकरि काढ़े दृग दोउ॥

दोउ दीन को बैर आदि अंतहि चलि आयो।

कहि नृप छत्ता विचार, कियौ अपुनौ मन भायौ॥

(छत्रसाल काव्यांजलि पृ. 90)

पराजित किया था। हिंदी साहित्य में महात्मा अक्षर और महाराजा छत्रसाल के बीच हुए शास्त्रार्थ का प्रमुख उल्लेख मिलता है महाराजा छत्रसाल जी ने जैन महात्मा अक्षरा के प्रश्नों का उत्तर काव्य में ही दिया है। महात्मा अक्षर अनन्य जुए कवि थे उन्होंने अपने प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर पाकर निम्न पद महाराजा छत्रसाल के पास लिख कर भेजा था, इससे स्पष्ट है कि महाराजा छत्रसाल जूदेव शास्त्रार्थ विजेता थे।

आयो झुक प्रथम जोश पूर्णब्रहम प्रीतम को,

दूजो संग श्यामा महारानी जी की आत्मा।

तीजो पुन आय मिलो तेज रूप तारतम्य,

चौथी है हुकुम धनीधाम को संगात्मा॥

भई आय भेली है सुबुद्ध ब्रहम अक्षर की,

ये पांचो भये एक सद्गुरु महात्मा।

मान गये श्री प्राणनाथ जू पूरन परमात्मा॥*

महाराजा छत्रसाल के शास्त्रार्थ मारुति के स्वरूप को हृदय ंगम करने के लिए इस शास्त्रार्थ का उल्लेख करना समीचीन जान पड़ता है। प्रस्तुत है इस शास्त्रार्थ की विषय वस्तु---

अक्षर अनन्य के प्रश्न और महाराजा छत्रसाल के उत्तर

(श्री छत्रसाल प्रति अक्षर अनन्य जू के प्रश्न)

सवैया

(1)

धर्म की टेक तुम्हारे बंधी, नृप! दूसरी बात कहें दुख पावत।

टेक न राखत हैं हम काहू की, जैसे को तैसो प्रमाण बटावत॥

मानै कोई भली या बुरी, नाहि आसरो काहू को चित्त में लावत।

टेक विवेक तें बीच बड़ो, केहि कारण अच्छर राज बुलावत॥

---

* ओरछा के राजा और दतिया की राई, छत्रसाल अपने मुंह बने बना भाई यह शब्द महात्मा अक्षर अनन्य ने महाराजा छत्रसाल के पास उस समय लिख कर भेजे थे, जब उनका राज्याभिषेक महाप्रभु श्री प्राणनाथ जी ने वि.सं. 1740 में किया था। उक्त पद से ऐसा लगता है जब अक्षर अनन्य जी को अपनी भूल का आभास हुआ था तब उन्होंने उक्त पद लिखकर छत्रसाल के पास भेजा था उन। ऐसा इतिहासकार मानते हैं।

(2)

जो धरिये हठि टेक उपासन, तो चरचा में चित्त न दीजै।

जो चरचा महिं राखिये चित्त तौ, ज्ञान विषय हठि टेक न कीजै॥

जो धरिये उर ज्ञान विचार तौ, अच्छर सार कृपा गुन लीजै।

अच्छर में छर-अच्छर है, छर अच्छर अच्छर अच्छरातीत कही जै॥

(3)

प्रानी सबै छर रूप कहावत, अच्छर ब्रहम काऊ नाम प्रमानी।

जीव की स्वप्न, सुषुप्ति अरु जाग्रत, ब्रहम तुरीय दसा ठहरानी॥

क्यों? तेहि में सुपनो जग भासत, छत्र नरेश! विचच्छन ज्ञानी।

अच्छर है कि अनच्छर? हमकों लिखि भेजवी एक जुबानी॥

(4)

छत्र नरेश! विचच्छन बुद्धि, रहें तुम संग बड़े बड़े ज्ञानी।

ध्यान अखण्ड स्वरूप को राखत, भाषत पूरन ब्रहम अमानी।

क्यों सिसुपाल की जोति गई, उत यें फिर कान्ह में आनि समानी।

खण्डित है कै अखण्डित है, हमको लिखि भेजवी एक जुबानी॥

(5)

नारि तें होत नहीं नररूप, नहिं नर तें पुनि नारी बखानी।

जाति नहीं पलटै सपने हूं, मरेहूं, पै भूत चुरैल प्रमानी॥

क्यों? सखियां निजधाम की आय, भई नर रूप क्यों जाति हिरानी।

वेद सही कैधों बात सही? हमकों लिखि भेजवी एक जुबानी॥

(6)

जाति नहीं पलटै नर नारि की, क्यों सखियां नर रूप बखानी?

जो नर-रूप भई तौ भई, पुरुषोत्तम सों ऋतु कैसै कें मानी॥

जो पुरुषोत्तम सों ऋतु होय, तौ केतिक नारिन के रससानी?

या दुविधा में प्रमान नहीं, हमको लिखि भेजवी एक जुबानी॥

महाराजा छत्रसाल ने उक्त प्रश्नों का उत्तर मात्र 4 शब्दों में लिखकर पर आमंत्रण हेतु एक दुआ रचकर अक्षर अनन्य जी के पास भेजा था। महाराजा छत्रसाल प्रेषित 4 सवालों में अगाध ज्ञान का महासागर हिलोर ले रहा है जो कि आज भी जिज्ञासु जनों के लिए आत्म हितकारी है।

अक्षर अनन्य प्रति महाराजा छत्रसाल जू के उत्तर

(सवैया)

(1)

राखत हैं हम टेक टेक उपासन, बात यथारथ वेद प्रमानी।
पीवत है चरचा करि अमृत, भूप छत्ता रस रस में रसरानी॥
देखत हैं नर-नारि कहावतु, जीव-स्वरूप की एक निसानी।
कारन की तजबीज करौ, हमतें सुनि लीजिये एक जुबानी॥

(2)

दूर करौ दुविधा दिल सौं, सत ब्रहम स्वरूप कौ रूप बखानी।
जाग्रति स्वप्न सुषुप्तिहु कौं, तजि कै तुरिया उनकों पहिचानौ॥
तीन हूँ श्रेष्ठ कहे सब वेदन, पूर्व ऋषि हमहूं ठहरानौ।
कारन ज्यों भसमासुर-तारन, कामिनी सों प्रभु आप दिखानौ॥

(3)

एक समै लच्छमी पति सों, हठ पूंछी ए निज ध्यान की बानी।
कही नही कर देन कही, भये सोलह अंस कला के निधानी॥
जोति गई इततें सिसुपाल की, उततें फिर कृष्ण में आनि समानी।
खण्डित ऐसो अखंडित है, हमतें सुनि लीजिये एक जुबानी॥

(4)

वाद भयो पुरुषोत्तम सों, सनेह बढ़ावत की उर आनी।

ब्रहम प्रताप तें यो पलटै तनु, ज्यों पलटै सब रंग में पानी॥

जो नर नारि कहैं हमुसों, अजहूं तिनकी मति जाति हिरानी।

भूत-चुरैल हैं झूठ महा, हमतें सुनि लीजिये एक जुबानी॥

॥दोहा॥

हौ अनन्य, नहिं अन्य कोउ, अच्छर छत्ता अनन्य।

इत रस में रस मानिबी, आय कीजिबी धन्य॥

शास्त्रार्थ महारथी महाराजा छत्रसाल के उत्तर का अच्छर अनन्य जू पर गहरा प्रभाव डालता था। जनश्रुति यह भी है कि अक्सर अनन्य पत्र उत्तर पाकर अत्यंत लज्जित हुए थे, वे चाहते हुए भी इसी कारण महाराजा छत्रसाल के बुलाने पर पन्ना नहीं पधारे थे।

महाराजा छत्रसाल द्वारा किए गए शास्त्रों का उल्लेख समकालीन पॉकेट डायरी में प्रचुर रूप में विद्यमान है। वास्तव में महाराजा छत्रसाल का राज दरबार आध्यात्मिक चर्चा का भी केंद्र रहा। देश विदेश से विद्वान जन यहां आते थे और अपनी विद्वता का परिचय देते थे। वह सब अपने अंतर्मन में महाराजा छत्रसाल को शास्त्रार्थ में परास्त कर देने का संकल्प लेकर आते थे परंतु कोई भी विद्वान उन्हें कभी भी परास्त ना कर सका था। प्रस्तुत कविता में शास्त्रार्थ की झलक परिलक्षित होती है, जिससे स्वत सिद्ध होता है कि महाराजा छत्रसाल जी एक महान शास्त्रार्थ महारथी थे।

गौतम कहें न्याय में त्रिदेव परिरूप ब्रहम,

जैमुनि मीमांसा में कर्म विध गाती है।

कपिल देव सांख्य विषे-प्रकृति पुरुष कहें';

शेष पाताजंलि में ज्योति कर नाथी है॥

कर्णदेव वैशेषिक माहि काल,

शिवबानी वेदान्त सर्वत्र कर भाखी है।

पूर्ण श्री प्राणनाथ सो सतगुरु पाये बिन,

षट दर्शन ज्यों षट् अंधन में हाथी है॥

छन्द के प्रबन्ध को अनेकगति व्यन्जन हैं,

नैना बीच धस ज्ञान अंजन लगावहीं।

भरम रूप धुन्धकार कर ले तू मुकुल साफ,

आतम के परे-परआतम सिधावहीं॥

परमपुरुष सो तो अगम निगम परे,

अनुभव अमित निज धर्म को बढ़ावहीं।

कहत छत्रपति श्रीकृष्ण चंद्र प्राणनाथ,

निर्विकार काम क्रोध मोक्ष पद पावहीं॥ (छत्रसाल ग्रंथावली से)

अनुशीलन

महाराजा छत्रसाल का व्यक्तित्व-चित्रण के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि वह इस युग के महानतम दिव्य पुरुषों में एक हैं। महासागर समुद्र के पावन चरित्र को हर व्यक्ति अपनी अंतरात्मा से श्रद्धा सुमन अर्पित करता है। ऐसे पावन चरित्र को एकदम करने से उनमें परब्रह्म परमात्मा की अनुभूति होती है। निसंदेह, उनका परम पावन व्यक्तित्व उन्हें युगप्रवर्तक एवं प्रातः स्मरणीय युग पुरुषों की कोठी में स्थान रखता है।

श्री राज्य परमात्मने नमः

युगप्रवर्तक

महाराजा छत्रसाल

(3)

विभूति-खण्ड

महाराजा छत्रसाल जिन पुरुषों के संपर्क में आए अथवा जो पुरुष उनके संपर्क में आए तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जिन विभूतियों का उनके जीवन में प्रभाव पड़ा, ऐसी कुछ विभूतियों व जन सामान्य जनों का संक्षिप्त परिचय इस अनुभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

श्री राज परमात्मने नमः

(3)

विभूति-खण्ड

प्रस्तावना

महाराजा छत्रसाल (वि.सं. 1706 कालजई के व्यक्तित्व के मूल्यांकन के पूर्व उनके समय की कुछ विभूतियों वजन सामान्य लोगों के संदर्भ में जानना अति आवश्यक है, बुन्देलखण्ड के राजघराने व स्वयं महाराजा छत्रसाल के राज्य परिवार का भी दिग्दर्शन करना अत्यावश्यक है।

तत्कालीन ऐतिहासिक व राजनैतिक परिवेश को महाराजा छत्रसाल ने कैसे जिया और प्रभावित किया, इन तथ्यों को भी उनके परिवेश में आए महानुभावों एवं परिस्थितियों के साथ मूल्यांकन किया जाना अति आवश्यक है। इसके अभाव में उनके महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व को जनमानस में सही तस्वीर के रूप में प्रस्तुत कर पाना, संभव नहीं।

श्री निजानन्द स्वामी

[1638-1712 वि.सं. (1581-1655 ई)]

महाप्रभु श्री प्राणनाथ जी के सद्गुरु। इनका आविर्भाव मारवाड़ देश के उमरकोट गांव में वि.सं. 1638 को अश्विनी शुक्ला चतुर्दशी बुधवार को हुआ था इनके बचपन का नाम देवचंद्र था। कुंवर बाई एवं मधु मेहता कायस्थ इनके माता-पिता थे बस। वह अवस्था में ही चुपचाप परम तत्व की खोज में भोजनगर आ गए थे, इसके बाद इनके माता-पिता भी उमरकोट छोड़कर इनके पास आकर रहने लगे थे। 25 वर्ष की अवस्था में यह अपने साथ माता-पिता को लेकर काठियावाड़ प्रांत की नगरी नवानगर में आकर बस गए थे इसे छोटीकाशी भी कहा जाता है वर्तमान समय में इस नगरी का नाम जामनगर है जो गुजरात प्रांत के अंतर्गत है। यही पर रह कर अपने अपने साधना के बल पर श्याम जी के मंदिर में साक्षात श्री कृष्ण परब्रह्म का दर्शन पाया था। कालांतर में वह निजानन्द स्वामी के लाए और परमात्मा की आज्ञा से ही उन्होंने एक धर्म पीठ की स्थापना यहां वि.सं. 1687 में की थी। इस धर्म पीठ की प्रसिद्धि आजकल श्री 5 नवतनपुरी धाम के नाम से है। इसी धर्मप्रीत से इन्होंने 25 वर्ष पर यंत्र श्री कृष्ण अक्षरातीत

परमात्मा की भक्ति का विश्वव्यापी प्रचार प्रसार किया था इनका अंतर्ध्यान वि.सं. 1712 में अनंत चतुर्दशी को हुआ था उनकी समाधि जामनगर में है। देश-विदेश से लाखों लोग श्री 5 नवतनपुरी धर्मप्रीत के दर्शनार्थ प्रतिवर्ष यहां आते जाते हैं।

श्री कृष्ण प्रणामी निजानन्द संप्रदाय के मतानुसार आप श्री राधा महारानी के अवतार हैं जिन्हें अखण्ड धाम में श्यामा महारानी के नाम से जाना जाता है जो परमात्मा की आनंद अंश स्वरूपा अर्धांगिनी सकती हैं। कलयुग में इन्हें बुद्ध अवतार माना गया है। संप्रदायिक मान्यता के अनुसार इन्हें नित्य श्री कृष्ण जी के दर्शन होते थे और वे अपने विशिष्ट भक्तों (ब्रह्म सृष्टि समुदाय को भी दर्शन कराते थे, जिनकी संख्या 313 तक हो गई थी। जनश्रुति है कि यह अपनी संपूर्ण शक्ति अपने प्रिय शिष्य नहीं राज ठाकुर की अंतरात्मा में समाहित कर ब्रह्मलीन हुए हैं श्री नीरज ठाकुर ने अपने सद्गुरु के जागने अभियान धर्म प्रचार को आगे बढ़ाते हुए पन्ना (मध्य प्रदेश पधारे थे तब वह गुरुगादी साथ में लाए थे जिसे उन्होंने पन्ना में गुम्मट बंगला जी के सामने दाहिनी और स्थापित की थी उगादि को महाराजा छत्रसाल ने भव्य रुप दिया था जो आज कल सद्गुरु श्री देव चंद्र जी मंदिर के रूप में जानी जाती है। श्री निजानन्द स्वामी की स्मृति में यही एकमात्र मंदिर है।

महाप्रभु-प्राणनाथ जी

[1675-1751 वि.सं. (1618-1694 ई०)]

महाराजा छत्रसाल के सद्गुरु और श्री कृष्ण प्रणामी श्री निजानन्द संप्रदाय के प्रवर्धक। इनका प्रादुर्भाव जामनगर (गुजरात में लववंशी है क्षत्रिय परिवार में वि.सं. 1675 की अश्विनी कृष्णा चतुर्दशी रविवार को प्रथम प्रहर में हुआ था आप के बचपन का नाम मिहिर राज ठाकुर था इनके पिता श्री श्याम राजा के प्रधानमंत्री थे जिनका नाम केशव राय ठाकुर था और मां का नाम धन भाई था अतैवइन्हें धन भाई नंदन व केशव नंदन के नाम से भी पुकारा जाता है। इनका लालन-पालन राज परिवार की तरह हुआ। बचपन में ही इनके अंदर ध्रुव प्रह्लाद की तरह भक्ति भावना का अंकुर था। 12 वर्ष की अवस्था में वे जामनगर के प्रतिष्ठित तब उपदेशक बुद्धा अवतार श्री निजानन्द स्वामी के सानिध्य में आ गए थे। वहां उन्हें खूब आत्मिक शांति मिली। प्रखर बुद्धि के कारण अल्प अवस्था में ही वेद शास्त्रों का मंथन कर वह प्रकांड ज्ञानी बन गए थे। श्री निजानन्द स्वामी जी की धर्म पिता एक गुरुकुल परंपरा की कड़ी थी। 25 वर्ष की अवस्था

---

1. श्री कृष्ण प्रणामी श्रीमन्निजानन्द संप्रदाय के वे मूल प्रवर्तक माने जाते हैं।
2. एते दिन त्रिलोक में, हुती जो बुद्ध सुपन।
   सो बुद्धजी बुद्ध जाग्रत ले, प्रगटे पुरी नवतन। (श्रीमुखवाणी-तारतमसागर)

मैं इन्हें गुरु आज्ञा से बसरा बगदाद (अरब जाना पड़ा, वहां 4 वर्ष रहकर गुरु ज्ञान का खूब प्रचार किया और अलौकिक कार्य को भी संपूर्ण किया।

इन्होंने श्री निजानन्द स्वामी जी से अंतिम दिनों जो उपदेश पाया था, उसी का संसार में जीवन भर प्रचार प्रसार किया। उनका उपदेश धर्म की संकीर्ण भावनाओं से ऊपर उठकर था, जिससे धर्म, राष्ट्र और विश्व को नूतन संदेश मिलता है। वि.सं. 1739 की माघ पूर्णिमा को, इसी उपदेश को सुनकर वीरसिंह बुन्देला छत्रसाल इनके चरणों में आकर बैठ गए थे और उनके उपदेशों पर चलकर ही महाराजा छत्रसाल ने हिंदू धर्म की स्थापना बुन्देलखण्ड में की थी।

सद्गुरु उपदेशों का विश्वव्यापी नाड करते हुए उन्होंने पश्चिमी भारत में अरब की यात्रा की थी, तदोपरांत वि.सं. 1729 में सूरत पधारे थे तब इन्होंने सूर्यनगरी सूरत में ताप्ती तीर पर श्री 5 महामंगल पुरी धाम धर्म सीट की स्थापना की थी, तभी इन्हें भक्त जन समुदाय ने प्राणनाथ कहकर पुकारा था। सूरत धर्मप्रीत में 17 माह निवास करके वह जब आगे बढ़े थे, तब भक्त समुदाय (सुंदर साथ-ब्रह्ममुनि जनों) के मुख से निकले थे निम्न शब्द---

मंगलपुरी महिमा बड़ी है, सबका गुरु द्वार।

चले जगावन साथ को, श्री प्राणनाथ भरतार॥

इन्होंने यहां से गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य और उत्तर प्रदेश का भ्रमण किया, वि.सं. 1735 में मैं दिल्ली, हरिद्वार पधारे थे, तत्पश्चात राजस्थान महाराष्ट्र का पुणे भ्रमण करते हुए वि.सं. 1739 में गढ़ा (जबलपुर के पास) आये। महामति प्राणनाथ जी का अंतिम प्रवास (1739 1751 वि.सं. पन्ना में रहा। वही इन्होंने अपने साथ आए पांच अनुयायियों को बसाया, जिन्हें धामी (अखण्ड परमधाम के वासी) कहा जाता है। इन्हीं लोगों को भेजकर महाराजा छत्रसाल ने देश-विदेश में अपने सदगुरु (पर ब्रह्म स्वरूप महाप्रभु प्राणनाथ जी) के उपदेशों को फैलाया था।

महाप्रभु श्री प्राणनाथ जी, परमधाम बिहारी अनादि अक्षरा 30 श्री कृष्ण जी के स्वरूप हैं, इन्हें कलयुग में जिया अभिनंदन बुद्ध- निष्कलंक स्वरूप कल्कि अवतार माना गया है, ऐसी मान्यता है। इनके द्वारा अवतरित दिव्य वाणी को श्री मुख वाणी श्री तारतम सागर वेदों से पुकारा जाता है। इतिहास साहित्यकारों ने इसे श्री तारतम वाणी स्वरूप स्वरूप साहेब आदि नामों से भी अभिहित किया है। विश्व का यह एकमात्र अनूठा ग्रंथ है, जिसमें लगभग एक आदर्श भाषाओं का मूल रूप से

समावेश है। इस दिव्य वाणी के माध्यम से वह आज भी समूचे विश्व को धर्म जागने की शिक्षा दे रहे हैं। यह दिव्य ग्रंथ

---

1. राजा ने मारो रे रानी, रायत अनुपमा धर्म जाता रे कोई दौड़ो (चिरंतन पृष्ठ 58)

श्री 5 पद्मावती पुरी धाम (पन्ना) में श्रीगुम्मट जी में सिहासंन् नर्सिंग इन हैं। यहीं पर महाप्रभु श्री प्राणनाथ जी ने वि.सं. 1751 में श्रावण कृष्ण पंचमी को अखण्ड ब्रह्म में लीन होकर जीवित समाधि ली है। इनका जीवन वृत्त समकालीन ग्रंथों में मिलता है।

महाराजा चम्पतराय

(वि.सं. 1644-1721)

महाराजा छत्रसाल के पिता। ओरछा दादी के प्रथम महाराजा श्री रूद्र प्रताप के पुत्र उदया जीत के पुत्र के बेटे थे, महाराजा चम्पतराय। इनका जन्म वि.सं. 1644 में महेवा के पास मोटी गांव में हुआ था। महेवा जैकेट लूना ओरछा राज्य की जागीर है। यहीं पर रूद्र प्रताप महाराजा के तीसरे बेटे उद्या जीत के वंशीधर राज्य करते थे। उदया जीत के पौत्र भगवंत राय की रानी मान कुंवरि से चार पुत्र पैदा हुए--- चम्पतराय, राय, चंद और सुजान राय। इन चारों पुत्रों को क्रमशः, माही अनु नहा, अनुवाद बैठकें मिली थी।

महाराजा चम्पतराय के चार रानियां थी--- भगवंत कुंवरि, हीरा, लाल कुंवरि (सारंधा और जलकल कुंवरि। इन रानियों से उत्पन्न हुए सात पुत्रों में से 2 पुत्र शिशु अवस्था में तथा एक (सर वाहन किशोरावस्था में स्वर्गवासी हो गए थे। अंगद राय, रतन शाह, छत्रसाल और गोपाल राय ही 4 पुत्र बचे थे।

चम्पतराय ने बुन्देलखण्ड की एकता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए निजी महत्वाकांक्षा को कभी स्थान नहीं दिया था। इन्होंने ओरछा राज्य के संक्रमण काल में वि.सं. 1694- 1698 तक राज्य गादी संभाली, तत्पश्चात निर्वासित जीवन बिताया। इन्होंने अपने जीवन काल में ओरछा की गाड़ी पर 5 राजा बैठे और उनकी सेवा की। ओरछा नरेश पहाड़सिंह (शासंन्: सत्रह सौ- 17 विक्रम द्वारा विश्वासघात करने पर वे ओरछा छोड़कर अपनी बैठक महेवा चले गए थे। मुग़ल शासक शाहजहां के समय में इन्होंने बुन्देलखण्ड के मंदिरों और धार्मिक स्थलों की रक्षा की। वि.सं. 1713 में शामगढ़ में धारा को पराजित कर दिल्ली का ताज औरंगज़ेब के सिर पर रखा। औरंगज़ेब की बढ़ती आशा एवं विश्वास घात ने इन्हें उन्हें विद्रोही बनने पर मजबूर कर दिया था ग्राम

1. महाप्रभु जी प्राणनाथ जी के जीवित होने के अनेकों प्रमाण कई वर्षों तक मिलते रहे।
2. स्वामी लाल दास जी की भी तक में निष्कलंक बुध महाप्रभु श्री प्राणनाथ जी का संपूर्ण जीवन चरित्र प्रमाणिक रूप में उपलब्ध है। स्वामी लालदास जी इनके शिष्य थे और 22 वर्ष साथ में रहे थे, इनकी लिखित वित्त ग्रंथ को समकालीन डायरी के रूप में माना जाता है।
3. उदयाजीत (महाराजा रुद्र प्रताप के तीसरे पुत्र) जन्म 1775- मृत्यु 1732 वि.सं.:
   प्रेम शाह (पुत्र उदयाजीत) जन्म वि.सं. 1599 मृत्यु 1661

   भगवंतराय (पुत्र प्रेमशाह) जन्म वि.सं. 1625- मृत्यु-1685 वि.सं.:

   चंपतराय (पुत्र भगवंतराय) जन्म वि.सं. 1644-मृत्यु 1718 वि.सं.

वि.सं. 1718 में इन्होंने औरंगज़ेब से युद्ध लड़ा था। वि.सं. 1718 में ही घर के दीपक ने उन्हें जला दिया, ओरछा नरेश पालसिंह और रानी हीरा देवी ने मुग़ल सर यंत्र के तहत उन्हें मरवा डाला। कार्तिक शुक्ल एकादशी वि.सं. 1718 की गोधूलि बेला ने छत्रसाल को अनाथ बना दिया। माता पिता का साया उनके सर से छिन गया। चम्पतराय और रानी सारंधा की चिंताओं की ज्वाला भले ही शांत हो गई थी, परंतु अबोध और अनाथ छत्रसाल के अंतः करण में यह वाला जीवन भर रही, जिसकी प्रज्वलित लपटों ने विशाल मुग़ल सल्तनत को वशीभूत कर डाला।

रानी लाड़कुंवरि

महाराजा छत्रसाल की ममतामई मां। उनके अंतः करण में रामायण भागवत और महाभारत की शौर्य गाथाएं सुनाकर बाल हृदय में भविष्य के सुनहरे बीज बोए थे पुलिस टो

रानी लाड़कुंवरि (जिन्हें लालकुंवरि और सारन्धा नाम से भी जाना जाता है) का बचपन वीर बालक को जैसा था। इन्होंने किशोरावस्था पर आते-आते अस्त्र शस्त्र चलाने में निपुणता वाली थी, घुड़सवारी उनका प्रिय शौक था एक दिन उनके भाई अनिरुद्धसिंह तेरे दर युद्ध से भाग आए थे तभी नन्ही सारंधा ने अपने भाई को कटु वचन बोलकर सक्रियता का पाठ पढ़ाया था जिसे सुनकर उनकी भाभी शीतला ने सारंधा के साथ विवाद किया था। यही बात विवाद इन्हें जीवन भर प्रेरणा देता रहा। वीर चम्पतराय से विवाह होने पर उनका जीवन रणभूमि तक जा पहुंचा था वह निरंतर अपने पति का साथ देने लगी थी और।

इन्हीं की कोख से वि.सं. 1706 को युगपुरुष युगप्रवर्तक कुमार छत्रसाल का जन्म हुआ था। रानी और लालपरी अपने लाडले का लालन-पालन राज महलों में ना कर सकी थी विद्रोही जीवनकाल इसमें आड़े आता था।

इनका समग्र जीवन वीरों के समान व्यतीत हुआ था। इन्होंने अपने पति चम्पतराय को कभी हतोत्साहित नहीं होने दिया वस्तुतः वीरता में चम्पत दंपत्ति एक सिक्के के दो पहलू थे। इन दोनों की देशभक्ति का प्रभाव नन्हे छत्रसाल पर भी पड़ा था रानी

---

1. (महाराजा छत्रसाल का पत्र: जगतराज के नाम, जो विद्रोह की प्रेरणा और पृष्ठभूमि से संबंधित है) ....आपर हमारे कक्का जू (पिता चंपतराय) सै बा औरंगज़ेब बादशाह सै बड़ो युद्ध भयो, हिन्दू धरम के नष्ट करवे की मनसा बागसाह की हती,.....बीच में कहूँ एक ठाम में लड़ाई भई, कक्का जू की हार भई, बादशाह की खुशी हती की चंपतराय को पकड़ लइए, बहुत उपाव करो, रही ना पकर पाए, बउवा जू साहिबा (मां) संग में हतीं सो...या लड़ाइ संवत् सतरा सौ अठारा की साल मैं भई, हम ऊ बखत ममा के घर में हते। (आषाढ़ सुदी संवत् 1787 मु. मऊ)

2. कुमार छत्रसाल की आयु इससे समय साढे 12 साल की थी।

लाड़कुंवरि ने अपने पुत्र छत्रसाल में वही बीज अंकुरित किए हो मां जिसे वे अंतः करण में संजय हुई थी।

वह दैलवाड़ा के फतेहसिंह अंधेरे की बेटी थी। कुछ बड़े होने पर छत्रसाल को इन्होंने नहीं रख छोड़ा था, तभी वि.सं. 1718 की कार्तिक शुक्ल एकादशी की गोधूलि बेला आ गई अपनों ने ही विश्वासघात कर दिया था। वीरांगना रानी लाल परी ने शत्रु के हाथों पढ़ने से मृत्यु सुरेश कर है--- ऐसा सोचकर, अपनी कटार पेट में भूख ली। वह पति के चरणों में लुट गई। जोर से पीड़ित चम्पतराय ने यह देखकर अपनी कमर से कटार जोश में खींच ली और ताकत भरकर अपने कलेजे में दे मारी। रानी लाल परी और चम्पतराय सदैव के लिए चिर निद्रा में धरती मां की गोद में सो गए।

कुमार छत्रसाल अनाथ हो गए उनकी अवस्था इस समय साढे 12 वर्ष की थी। माला कुंवरि, उनसे सदा के लिए चल बसी थी।

धन्य है मातृभूमि के लिए वीरगति को पाने वाली रानी लाल परी और महाराजा चम्पतराय

(सारवाहन (वि.सं. 1683-1697)

सारवाहन चम्पतराय की रानी भगवन्तकुंवरि के पुत्र थे बस। इनका जन्म वि.सं. 1683 में हुआ था। इनकी ननिहाल तरबेना के बलवंतसिंह परमार के यहां थी। बचपन में ही इनके अंदर एक वीर के गुण परिलक्षित होते थे। इन्होंने कई युद्धों में पिता चम्पतराय को बहुत सहयोग दिया था। मुग़ल सैनिकों को इनकी वीरता की कहानी सताने लगी थी। इन्हें बुन्देलखण्ड का अभिमन्यु कहां जाने लगा था उन विराम अल्पायु में ही वह सुर वीरों के दांत खट्टे करने लगे थे।

वि.सं. 1697 में इनका वध एक मुग़ल सिपहसालार ने कर दिया था, जब वह बालकों के साथ युद्ध खेल रहे थे। अभिमन्यु की भांति वे निहत्थे थे और पिता चम्पतराय भी घर पर ना थे। बुन्देलखण्ड का यह फूल खिलने के पहले ही काल का अंत हो गया।

रानी सारंधा चार वाहन की वीरता की बातें कुमार छत्रसाल को बचपन में सुनाया करती थी। चम्पतराय के जीवन में चार वाहन की कमी की पूर्ति उस समय नन्हे छत्रसाल के रूप में हुई थी, जब सारा वाहन की वीरगति के 20 वर्ष बाद 10 वर्षीय कुमार छत्रसाल ने एक मुग़ल सिपहसालार को मौत के घाट उतार दिया था।

---

1. अनाथ छतरसाल को उत्तराधिकार के रूप में घर द्वार उमा घड़ी जागीर कुछ भी ना प्राप्त हो सकी: जो कुछ शेष रहा वह था-- माता-पिता का वियोग, कुल का विरोध, माता-पिता का व्यास, लोकमानस की शुभकामना और सांत्वना।

महाराजा हिरदैशाह (हृदयशाह)

(वि.सं. 1737-1796)

महाराजा छत्रसाल के युवराज पुत्र। महाराजा छत्रसाल की बड़ी रानी देव को मरी   (जो कि पवार कुल की सुकन्या थी कि उधर से इनका जन्म भादो मास में वि.सं. 1737 को किलकिला सरिता के तट पर स्थित चोपड़ा महल में हुआ था। इन के जन्मोत्सव में महाराजा छत्रसाल ने सोलह लाख रुपए खर्च किए थे। रानी देवकुंवरि थोड़े वर्षों के उपरांत ही परलोक सिधार गई थी। तब महाराज ने उन्हें निर्देशक को बड़े प्यार से पाला था। इनकी शिक्षा दीक्षा का उत्तम प्रबंध महाराजा छत्रसाल ने किया था और रण कौशल की शिक्षा स्वयं छत्रसाल जी ने दी थी। इसी का परिणाम था कि वह अपने पिता छत्रसाल के समान वीर थे। इनकी वीरता पर मुग्ध होकर महाराजा छत्रसाल ने निम्न संघ के माध्यम से उनकी वीरता का बखां किया है:--

जौ लौ रहिब तुरकांदल पंचम, तौलों रहिब हिंदुबान उधारौ।

निर्जीव हते फिर जीव उठे, अरु देखत ही छत्ता दल भारौ॥

देश-प्रदेशह डंक परी, हिरदेश जियै जौ लो ध्रुव तारौ।

एकन सौ नदीयां न बंधे, मोरो आयो समुद्र को बांधन हारौ।

महाराजा छत्रसाल ने राजनीतिक उद्देश्य एवं भविष्य की चिंता से प्रेरित होकर बखत बहरा हेतु 9 करोड़ की राशि (गुप्त) इनके ही नाम वसीयत की थी। महाराजा छत्रसाल को किसी अन्य पर इतना भरोसा वह विश्वास नहीं था जितना कि हृदयशाह की योग्यता पर।

युवराज कुं. हिरदैशाह मछली रानी के पुत्र कुंवर जगतराज से 56 माह छोटे थे, फिर बीजेपी रानी के जेटे पुत्र होने के कारण कुंवर जगतराज के स्थान पर युवराज का पद हृदयशाह को मिला था और पन्ना की राजगद्दी के उत्तराधिकारी घोषित किए गए थे। इसी कारण से एक बार मछली रानी (को और जगतराज की मां के कहने से को हृदय से पढ़ना छोड़ कर चले गए थे और अपने बाहुबल से रीवा का राज्य जीतकर वहीं रहने लगे थे, तब महाराजा छत्रसाल के कहने पर इन्होंने रीवा राज्य वापस कर दिया और वहां एक स्मारक (विजय स्तंभ बुन्देली दरवाजा बनवा कर वापस आ गए थे।

कहा जाता है कि इनकी सेना में 3000 योद्धा एक समान बल पराक्रम एवं

---

1. सत्ता की समुद्र तथा तेज दिनेश शर्मा के प्रगट प्रदेश (कवि
2. छत्रसाल की मछली रानी ने इसी कारण से गृह कलह की स्थिति बना दी थी। छत्रसाल महाराज ने तो थी रानी के मरते समय दिए गए वचन की पूर्ति की थी।

समान ऊंचाई के थे, जो हनुमान सदस्य बल पराक्रम वाले थे। इन्हें स्वयं भोजन कराने के उपरांत ही वे भोजन करते थे। उनकी सेना में अनुशासंन् एवं देश प्रेम की विशेष भावना बसी हुई थी। महाराज हृदयशाह के संबंध में निम्न लोकोक्तियां प्रचलित हैं:--

जो खावै सो ताह को, बचे सो हिरदैसाह को।

गढ़ी कोट पल छन में टोरत, जो नृप करें विरोधा।

तीन सहस हिरदेशा के, हनुमान से जोधा॥

इन्होंने अपने पिता (महाराजा छत्रसाल के वन गमन के उपरांत यह केवल 6 वर्ष (वि.सं. 1788-1794) तक पन्ना गद्दी पर रहेगा तत्पश्चात अपने सुयोग्य पुत्र महाराजा सभासिंह को गाली पर बैठाया और स्वयं स्थित राजी होकर श्री राजभजन में लीन हो गए।

इन्होंने सद्गुरु महाप्रभु श्री प्राणनाथ जी के उपदेशों पर चलते हुए महाराजा छत्रसाल के समय में ही कर दे प्रकाश (कर दे प्रकाश नामक एक अध्यात्म ग्रंथ की रचना की थी, यह ग्रंथ परम तत्व खोजी साधकों के लिए परम कल्याणकारी उपयोगी है। इनकी परम धाम गमन अतिथि माघ शुक्ला नोबी वि.सं. 1796 है।

इनके राज दरबार में अनेक कवि थे, जिससे पता चलता है कि वह कविता प्रेमी थे। अनेकों दरबारी कवियों एवं परवर्ती कवियों ने भारत वसुंधरा के इस हृदय सम्राट महाराज हृदयशाह की प्रशंसा में अनेक ग्रंथों की रचनाएं की हैं। कुछ कवि गणों की रचनाओं के निम्न प्रकार हैं---

महाकवि भूषण के वचन:--

चीतन के झुंडन पे, नजर गजेन्द्र राखे, नजर गजेंन्द्रिय पैसिंह मृगराज की।

सिंहन पे नजर, एक राखत है बाज अरू, बाज पे नजर गरुड़ पच्छराज की।

नदियन पे नजर सदा राखत समुन्द्र समुन्द्र पे नजर अगस्त ऋषिराज की।

राजन पे नजर ज्यों राखत है बादशाह, बादशाहन पे नजर हिरदेश महाराज की॥

कवि हरिकेश के उद्‌गार:---

भूपति हिसदेस यों बोलयौ यह बचन, वेश पेलि रणवेश लोह लंगर लचावेंगे।

जाहिर बुन्देल वंश युद्‌ध अवतंस वीर, मीरन को मारि आज शान कौ सचावेंगे।

हार दैतो हर को आहार दैहो गिद्‌धन, बहार दैहो योधन को जोगिनी नचावेंगे।

कहे-हरिकेश आज रार असराड झारि, सारन सों सार महामार को मचावेंगे॥

कवि हरिवंश:--

संवत् 1788 में इस कवि ने गीतगोविंद में निम्न प्रकार लिखा है। समकालीन कवि कृत यह रचना एक धरोहर है:---

भानुवंश भूषण भये भू पालक हिरदेश।

गहिवार बुन्देल मनिचन्द प्रकास दिनेस॥

रणिजा से दाखिन दिशा सोम सुता लो जाइ।

कियो राजमंडल इतौ भुव जल दियो दबाइ॥

माच्यौ जस जाको दिसन सात सिंधु जब गाहि।

मौज फौज के सुख दुखहि जलत जाचक साहि।

.....

काठन में कामतरू पशुन में कामधेनु; चिंतामणि पाहन में पाह मानियत है।

पतन में वृजपति कथन में हरिवंश जैसे, तीरथ में तीरथ प्रयाग मानियत हैं।

भनत हरिवंश अवतारिन में राम जा के, तीन लोक यश के वितान तानियत हैं।

बलि दानन में महेश देव तन में, नरेशन में योद्धा हिरदेश तानियत है।

लाल कवि:---

लाल कवि ने ऐतिहासिक महाकाव्य छत्रप्रकाश में हृदयशाह के प्रति निम्न उद्गार व्यक्त किए हैं:---

खेत परना को खिज्यौ छत्र सुत हिरदेसाह। आए दल उमड़ि अफगान जोम मन से।

धुन्ध दे नगाड़े बजे, धुन्ध दे निसान सजे। धुन्ध दे सुभट साजे, अकड़ दलन से।

लाल कवि कहे मार माची शेर अफगन तें। कटै वीर सात सो पठान पै जयन से।

मुख से हांके चलें, हांतन से हथियार चले। प्राण चले तन से पांव टरे रन से।

कवि लच्छीराम के उद्गार-:

मृगन में केहरी, खगन में गरुड़ जैसे। नगन में मेरुनग कहयो आगमन में।

भनत लच्छीराम द्वजन में परसराम। रूपन में काम वेदन गमन में।

नामन में राम नाम, धामन में सध्रुव धाम। बामन में गौरी, बेग मारुति पवन में।

सक्तिन में महासक्ति, भक्तिन में परा भक्ति। छत्र नृप नरेंद्र हिरदेसाह वीरगन में॥

अन्य कवि:-

॥ बंगस युद्ध॥

मुहम्मद खां हिरदेसाह से मिलाप होत, हिल्यौ दलसागर ज्यों रण के रसौदा में।

लाल मुख वीर रूप दरसौ दिमान इतै, हुमसा हुमस मची मन के मसौदा में।

शागै उलछारें ऐकें ढालें हतु वासे हत, झारत पलीता ऐकें गांवें देत रौदा में।

हुंक देकें हाथी सों हूंमक ऐसो, दाव के नवाब के हृदेश बैठो हौदा में॥

कुंवर हृदय स्वयं कवि भी थे उनकी रचनाओं से महाराजा छत्रसाल जूदेव के सद्गुरु श्री प्राणनाथ जी पर अपार श्रद्धा झलकती है। अतैववह कुंवर विजय शाह ने अपने परिचय

मैं इस तथ्य का चौथे प्रमुखता के साथ उल्लेख किया है जिससे महामति प्राणनाथ जी एवं महाराजा छत्रसाल का ऐतिहासिक सानिध्य की पुष्टि होती है, अल्पज्ञ इतिहासकारों को अपनी भूल पर पश्चाताप कर लेना चाहिए।

श्री प्राणनाथ सनाथ किये, छत्रसाल सुत जान।

हिरदै हिरदै साहि के, दीन्ही भक्ति निदान॥

----¼ (हृदयप्रकाश)

महाराज कुंवर जगतराज

महाराजा छत्रसाल की मछली रानी के जेष्ठ पुत्र। इनका जन्म वि.सं. 1737 (1680 ईस्वी में हुआ था। इनके जन्मोत्सव में महाराजा छत्रसाल ने 78 लाख रुपए खर्च किए थे। पराक्रम में वह बड़े बड़े वीरों को भी माफ कर देते थे सारे जगत में राज करेगा ऐसी धारणा बना कर उनका नाम जगतराज पड़ा था। निसंदेह महाबल शाली थे, महाराज की उन पर अपार कृपा दृष्टि थी। महाराजा छत्रसाल उमा कुंवर जगतराज एवं वर्षा के बल पर सदैव गर्व करते रहे। इंजॉय पुत्रों ने अपने पिता महाराजा छत्रसाल को कभी निराश ना होने दिया। महाराजा छत्रसाल की ताकत के दो दलों के रूप में यह दोनों उभरे थे।

कुं. जगतराज के प्रति महाराजा छत्रसाल के निम्न वचन उनके प्रति असीम प्रेम को प्रदर्शित कर रहे हैं---

बारे ते पालो हतो, फीहन दूध पिलाय।

जगत अकेले लड़त हैं, जा दुःख सहो न जाय॥

(लोकोक्ति)

महाराजा छत्रसाल ने जगतराज को जो शिक्षा पत्रों के माध्यम से दी है, वह इतिहास के महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। युवराज परदेशा से वह जीते थे परंतु मछली रानी के पुत्र होने के कारण युवराज पद से वंचित हो गए थे और इसी कारण वह महाराजा छत्रसाल से कुछ खिन्न थे ओमा और पास में न रहकर पत्रों से शिक्षा पाई थी। कुछ भी हो, इन पत्रों ने बुन्देलखण्ड के इतिहास पर अमिट छाप डाली है, इसके अभाव में इस भूभाग

1. हिरदेशाह आवत, दीदार करत हक। आरती आनंद शो करें, है इन्हें पहचान बुजुर्ग

(स्वामी लाल- दासबीतक)

2. (छत्रसाल का पत्र: जगतराज के नाम)

अपार जब तू मारो (जगतराज) जन्म भयो है तो तब सात आठ लाख रुपया खर्च भयो है तो और यही तारा विदेशा को जन्म भयो तब 15 16 लाख रुपया खर्च मजे हो रहे हैं तुमने वन से दो-तीन महीना की बुराई जताई है, वरना टी राजा सभासिंह को जन्म भयो तब 25 लाख रुपया खर्च भाई यह तो...

(फागुन सदी 15 संवत् 1778 मुकाम मऊ)

का काफी इतिहास अतीत के गर्भ में समा जाता। इन पत्रों में राजनीति और युद्ध की विशेष शिक्षा है।

महाराज कुमार जगतराज ने बुन्देलखण्ड के बाहर भी अनेकों युद्धों में शानदार विजय हासिल की थी। दिल्ली पटना क्षेत्र उनकी उपलब्धि के दायरे में है। जगतराज: दिग्विजय नामक पुस्तक में उनकी वजह से गाथाएं लिखी हुई हैं।

महाराजा छत्रसाल ने एक तिहाई राज्य पृथक करके कुंवर जगतराज को सौंपा था, इस राज्य की राजधानी जैतपुर थी, जैतपुर नगर इनकी वीरांगना रानी के नाम बताया गया है। **राव पद्मसिंह**

महाराजा छत्रसाल के सबसे छोटे पुत्र। राव पदमसिंह का जन्म महाराज की परिहार इन रानी की कोख से हुआ था। महाराजा छत्रसाल ने इन्हें युद्ध कला का अच्छा प्रशिक्षण दिया था उन्होंने बुन्देलखण्ड के बाहर भी कई युद्धों में विजय प्राप्त की है जिससे महाराजा छत्रसाल जी को इन पर खूब भरोसा था। राजनीतिक एवं सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण जिगनी की जागीर इन्हें देकर महाराजा छत्रसाल उत्तर भारत की तरफ से निश्चिंत हो गए थे।

दीमान भारतीचंद्र

महाराजा छत्रसाल के पुत्र। धीमान भारती चंद्र का जन्म महाराजा छत्रसाल की बघेली रानी के गर्भ से हुआ था यह राव पदमसिंह से छोटे थे, परंतु अन्य सभी बघेली रानी के राजकुमारों से बड़े थे। महाराज का इन पर बड़ा प्यार था, इनकी योग्यता पर उन्हें गर्व था अतैवइन्हें धीमान का पद देकर बसों की दो लाख की जागीर प्रदान की थी।

महाराजा सभासिंह

(शासनकाल: वि.सं. 1794-1809)

महाराजा छत्रसाल के पुत्र एवं युवराज को वर्षा के पुत्र। पुत्र जन्मोत्सव में महाराज ने 25 लाख रुपया खर्च किया था। सभापति योग्य एवं वीर थे। सभा के मध्य में वह अत्यंत सुशोभित होते थे जिस प्रकार से देव गणों के बीच स्वर्ग में राजा इंद्र। इसीलिए इनका नाम कुंवर सभासिंह पड़ा था। वि.सं. 1794 में पिता हृदयशाह

---

1. पटना के आस पास बहुत से बुंदेले बस गए थे, जो अपने साथ बुन्देलखण्ड की संस्कृति (संगीत परिपाटी भी ले गए थे। हृदयशाह कवि कृत जगतराज दिग्विजय के अतिरिक्त प्रजा छात्र एवं भरत जी व्यास का संगीत- संग भी इस तथ्य की पुष्टि करता है।

के वीतरागी होने पर वह पन्ना के महाराजा पद पर सुशोभित हुए थे। यह प्रजा पालन एवं सुरक्षा व्यवस्था को विशेष प्राथमिकता देते रहे।

बलदीवान

महाराजा छत्रसाल के चाचा जात भाई। इन्होंने छत्रसाल के संजोए अभियानों में सक्रियता से सहयोग दिया था। अंधेरा पर प्रथम आक्रमण के समय इन्होंने कुमार छत्रसाल का वि.सं. 1728 में साथ दिया था। कहा जाता है कि प्रारंभिक संगठन काल में जब छत्रसाल दतिया पहुंचे थे और शुभकरण से भेंट की थी, परंतु वह इस अभियान हेतु तैयार नहीं हुआ था तब छत्रसाल जी अपने चचेरे भाई बलदाऊ (बल दीवान के पास गए थे, तो वे तुरंत तैयार हो गए थे और कुमार छत्रसाल को प्रोत्साहित भी किया था। महाराजा छत्रसाल ने योग्य समझकर इन्हें अपना दीवान बनाकर पन्ना राजधानी में रखा था। पन्ना में दीवान होने के कारण इनका नामवर दीवान पड़ा था।

देवकरन

महाराजा छत्रसाल के भतीजे एवं उनके अग्रज अंगद राय के पुत्र। इनके ही प्रयास से महाराजा छत्रसाल की महाप्रभु श्री प्राणनाथ जी के दर्शन वि.सं. 1739 में हुए थे। देवकरण को महाराजा छत्रसाल को कक्काजू कहकर पुकारते थे। इन्होंने वि.सं. 1739 में महाप्रभु प्राणनाथ जी से गड़ा (जबलपुर के नाम की एक रियासत में दीक्षा ली थी। इन्हें महाराजा छत्रसाल ने अपना सचिव बनाकर राज्य प्रशासंन् का बड़ा काम सौंपा था।

जेठे भैया श्री अंगद के, श्री देवकरन जी पूत भले।

राजा के प्रमुख सचिव बनकर, हरदम रहते थे गले लगे॥

(वीर भक्त चम्पत छत्रसाल, पृष्ठ 154)

महारानी देवकुंवरी

महाराजा छत्रसाल की महारानी। चम्पतराय ने देवरी से छत्रसाल का संबंध पक्का कर लिया था परंतु उनके वीरगति होने जाने से छत्रसाल का विवाह उनके सामने न हो सका था। यह विवाह वि.सं. 1722 में हुआ था। देव कुंवरि पवार कुल की सुकन्या थी

---

1. बलवान, चम्पतराय के पिता श्री भगवंत राय के भाई कुंवर सेन सिमरा वालों के पुत्र थे और जाम शाह बीहट वालों के परिवार (घर के थे अतैवधीमान, महाराजा छत्रसाल के काका (चाचा जाट भाई थे।
2. वैशाख शुक्ल तृतीया को मास 1722;
3. यह महाराज की रानी थी।

महारानी देव कुंवरि रणभूमि में भी जाती थी और वह हमेशा वीरगति पाए साथ ससुर के अरमानों को साकार करने के लिए छत्रसाल को उत्साहित करती रहती, वह कहती थी कि मैं एक क्षत्राणी हूं अबला बनकर जीना मुझे स्वीकार नहीं है ओ मां मैं तो सपना बनकर शेरनी की भांति ही जीवन जिऊंगी।

तब देवकुंवरि अर्द्धांगिनी वा, छत्रसाल शक्ति परिपूर्ण बने।

यम को भी रण में नहिं गिनते, अरि आएं चाहे घने जने॥

अरि आगे छत्रसाल लड़ते, पीछे से महिला सेना ले।

आती थी देवकुंवरि रानी, अरि काट पीट कर लेना ले॥

(वीर भक्त चम्पत छत्रसाल, पृ. 147)

रानी देवी कुंवरि पतिव्रता नारी थी, वह पति भक्ति एवं देश सेवा में रत महान वीरांगना भी थी। मऊ में सद्गुरु श्री प्राणनाथ प्रभु को पाकर वह बिल्कुल निर्भय हो गई थी और स्टॉक वि.सं. 1737 में जाए को हृदय से जब शिशु अवस्था में थे तभी विधि की विडंबना से वह लगभग 30 वर्ष की आयु में संसार से चली गई थी।

छत्रप्रकाश में इस वीरांगना देवरी के विवाह का वर्णन लाल कवि ने बड़े मार्मिक ढंग से किया है। किया यथा---

त्यों ही लगन ब्याह की आई, पहिलहि तै है रही सगाई।

जे पवार कुलवार कुरी के, लै अवतार रूकमिनी आई।

कुल पवित्र भूषित भव ऐसे, दीपक दीप सिखा तें जैसे।

दूलह छत्रसाल तिन पाए, करि विवाह कीनै मनभाए।

रूप सील पतिव्रत सरसानी, भई भूप की जैठी रानी।

(पृष्ठ 77)

मझली रानी

महाराजा छत्रसाल की छोटी पटरानी, जो मछली रानी के नाम से विख्यात थी। इन्हें बहू के नाम से भी ख्याति मिली थी (मां के लिए यह एक अति सम्मान सूचक शब्द यहां माना जाता है मछली रानी को राज परिवार में दानकुंवरि के नाम से जाना दानकुंवरि

---

1. रानी देवकुंवर थी मऊ में शनि महाराज मुख मएह
ब्राह्मणों में भेस बदल के दर्शन किए इन्हें 30 (बी तक: प्रकरण चार्ट

2. श्री प्राणनाथ स्नातकीय छत्रसाल सुजान
हृदय हृदयशाह के दिन ही भक्ति निदान 1 (महाराज हृदयशाह रचित हृदय प्रकाश से)

जाता है। सुशीला भी इनका नाम पड़ा था, सुशील गुणों की वह खां थी। यह सहारा वाले बंदरों की पुत्री थी, इन्हीं की कोख से वि.सं. 1737 के फाल्गुन मास में महापुरा कर्मी कुंवर जगतराज का जन्म हुआ था। वह ज्ञान वैराग्य से परिपूर्ण थी। जब महाप्रभु प्राणनाथ जी वि.सं. 1739 के अंत में चोपड़ा महल में पधारे थे, सभी इन्होंने अपनी साड़ी का भी पावड़ा बनाकर उनका स्वागत किया क्योंकि पावडे के रूप में महाराजा छत्रसाल की पकड़ी छोटी पड़ गई थी इन्होंने बाईजू राज महारानी का उस समय श्रृंगार किया था जब वह चोपड़ा में प्रभु के संग पधारी थी मछली रानी के ऊपर श्यामा स्वरूपा स्वाभिमानी भाई युवराज महारानी का वरद हस्त था उन्होंने धर्म प्रचार में काफी सहयोग दिया था। दिगंबरी केशरबाई को नूतन वस्त्र पहनाकर उनको कुमार की राह बताई थी।

वीरांगना जैतकुंवरि

महाराजा छत्रसाल की पुत्रवधू और और जगतराज की धर्मपत्नी। रानी लाड़कुंवरि में अपार साहस एवं पराक्रम था। वह अपने पति को हर जगतराज के साथ युद्ध के मैदानों में भी जाती थी। वि.सं.

